रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,802.86 +378.18
डॉलर 83.763 -0.069
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्णा पक्ष 02, संवत 2081 | रांची, बुधवार, 21 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 199, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप...

## मुख्यमंत्री हेमंत का पलामू दौरा स्थगित, अब कल होगा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

▸ आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है।

**रांची।** भारत बंद के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 21 अगस्त को पलामू में होने वाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। अब यह कार्यक्रम 22 अगस्त को होगा। इस दिन मुख्यमंत्री पलामू में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत करेंगे। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया है।

इस मामले में पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि झामुमो भारत बंद के समर्थन में है। किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देना चाहती है। इधर, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर नया रूट चार्ट पर जारी किया गया है, जो 22 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दिन लागू रहेगा।



### सीएम ने सावधानी बरतने की अपील की




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए निबंधित महिलाओं को राशि हस्तांतरण से संबंधित आ रहे कॉल को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में सूचना आ रही है कि कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आ रहे हैं, जो पूरी तरह से फर्जी हैं। इसलिए योजना के तहत निबंधित बहन-बेटियों से आग्रह है कि योजना के संदर्भ में या राशि हस्तांतरण से संबंधित कॉल आने पर ओटीपी या अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी कॉल करने वाले के साथ साझा कदापि नहीं करें। झारखंड सरकार इस योजना को लेकर किसी तरह का कॉल नहीं कर रही है। इसलिए आप सभी सतर्क रहें और ऐसे कॉल आने पर अपने बैंक खाता की जानकारी नहीं दें। तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड से बचना बहुत जरूरी है। कई लोग मैसेज या कॉल करके फ्रॉड कर रहे हैं। एसएमएस, व्हाट्सएप, मेल या टेलीग्राम के जरिये भी मैसेज आ सकते हैं। इसलिए आप सभी से आग्रह है सावधान रहें।

## दिल्ली में भाजपा के किसी नेता से मेरी मुलाकात नहीं हुई : चंपाई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन प्रकरण पर राज्य की राजनीति में काफी उथल-पुथल मचा हुआ है। पूरा पिक्चर अब तक क्लीयर नहीं है। इस बीच चंपाई सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरी किसी से मुलाकात नहीं हुई है। निजी काम से मैं दिल्ली आया था। मैं यह समझ नहीं पा रहा हूं कि यह सब कौन कह रहा है। इधर, चंपाई सोरेन शाम में कोलकाता पहुंच चुके थे। वहीं, कोल्हान के विधायकों ने रांची में सीएम के साथ बैठक कर झामुमो में अपनी आस्था व्यक्त की है। दिल्ली में जब पत्रकारों ने चंपाई सोरेन से पूछा कि क्या आप यहां भाजपा के नेता मिलना चाहते थे, तो उन्होंने इस बात को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के किसी नेता से न मिलना चाहता था और न ही मेरी मुलाकात हुई। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे झामुमो से नाराजगी का कारण पूछा।

शेष पेज 11 पर

## लोहरदगा में पत्नी को कुदाल से मार डाला आरोपित हुआ फरार

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भंडरा मलार टोली मे सोमवार की रात पति ने पत्नी के ऊपर कुदाल से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपत पति फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक मलार टोली निवासी बेनामी मलार 35 वर्षीय पत्नी राखी मलार के साथ सोमवार को सावन पूर्णिमा के अवसर पर अखिलेश्वर धाम में पूजा-अर्चना कर घर लौटा था। रात में करीब 10:30 बजे किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बेनामी मलार ने घर में रखी कुदाल से मारकर उसकी हत्या कर दी।

## माकपा नेता सीताराम येचुरी एम्स में भर्ती



**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी सीने में संक्रमण के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती हैं, जहां अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है। मार्क्सवादी पार्टी कार्यालय ने मंगलवार की सुबह जारी एक बयान में बताया कि सीताराम येचुरी का इलाज चल रहा है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है।

### शीर्ष अदालत ने कहा- ये सिर्फ कोलकाता में हत्या का नहीं, देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा का मामला है

# सुप्रीम कोर्ट ने गठित किया नेशनल टास्क फोर्स

▸ सीबीआई को कल तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

▸ कोर्ट ने पुलिस को लगाई फटकार, कहा- हजारों लोग कैसे घुसे अस्पताल में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई को निर्देश दिया है कि वह 22 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंगलवार को यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये सिर्फ कोलकाता में हत्या का मामला नहीं, ये मुद्दा देशभर में डॉक्टरों की सुरक्षा का है।

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को भी फटकार लगाई कि कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी, हत्या के बाद देर रात तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। कोर्ट ने कहा कि हजारों लोगों की भीड़ आरजी कर अस्पताल में कैसे घुसी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हम एक नेशनल टास्क फोर्स का गठन कर रहे हैं। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमि के डॉक्टर होंगे, जो पूरे भारत में अपनाए जाने वाले तौर-तरीकों का सुझाव देंगे, ताकि काम की सुरक्षा की स्थिति बनी रहे और युवा डॉक्टर अपने काम के माहौल में सुरक्षित रहें। कोर्ट ने 14 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम डॉक्टरों से अनुरोध करते हैं कि वे काम पर लौट आएं और हम डॉक्टरों से अपील करते हैं कि हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यहां हैं। कोर्ट ने कहा कि कोलकाता के मामले में हम इस बात से बहुत चिंतित हैं कि पीड़िता का नाम और मृतक की फोटो व वीडियो सभी मीडिया में प्रकाशित हो रहे हैं। उसका शव दिखाया गया, जबकि कोर्ट कहता है कि यौन पीड़ितों के नाम प्रकाशित नहीं किए जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ये एक भयावह घटना है। हमने गरिमा का ख्याल रखा है। जब तक पुलिस पहुंचती, तब तक फोटो और वीडियो लिए जा चुके थे।

शेष पेज 11 पर

### सुनवाई की 10 बड़ी बातें

1. यह घटना केवल एक भयावह घटना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डॉक्टरों की सुरक्षा की कमियों का प्रमाण है।
2. सीजेआई ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसे सुधारने की आवश्यकता है।
3. अगर महिलाएं काम पर नहीं जा सकतीं और सुरक्षित नहीं रह सकतीं, तो हम उन्हें बुनियादी समानता से वंचित कर रहे हैं।
4. पीड़िता की पहचान उजागर होने पर कोर्ट ने चिंता व्यक्त की और इसे चिंताजनक बताया।
5. सीजेआई ने कहा कि पूर्व प्रिंसिपल ने घटना को आत्महत्या बताने की कोशिश की और माता-पिता को शव देखने की अनुमति नहीं दी।
6. शीर्ष कोर्ट ने प. बंगाल सरकार और अस्पताल प्रशासन को फटकार लगाते हुए पूछा कि एफआईआर में इतनी देरी क्यों की गई और अस्पताल प्रशासन क्या कर रहा था।
7. अस्पताल में हुई तोड़फोड़ पर सवाल उठाते हुए कोर्ट ने कहा कि पुलिस को घटनास्थल की सुरक्षा करनी चाहिए थी। 7 हजार लोग अस्पताल में कैसे दाखिल हुए?
8. अदालत ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर सख्ती उचित नहीं है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन को नहीं रोका जा सकता।
9. सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल की भूमिका पर सवाल उठाए।
10. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टरों से आग्रह है कि वे अपने काम पर लौट जाएं।



## हैदरनगर में रोजगार सेवक ने किशोरी की लूटी अस्मत

**हैदरनगर (पलामू)।** जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र से एक बेहद शर्मनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। स्वतंत्रता दिवस पर जहां पूरा देश आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं उस दिन एक 12 वर्षीय मासूम की अस्मत एक रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा ने लूट ली। पीड़िता ने हैदरनगर थाना में दिए गए आवेदन में मंगलवार को बताया है कि 15 अगस्त 2024 के दिन मणिशंकर मिश्रा ने उसका मुंह गमछे से बांध दिया और उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर सोन नदी के किनारे स्थित झाड़ियों में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दर्दनाक घटना का जिक्र करते हुए पीड़िता ने यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब आरोपी ने उसके साथ ऐसी घिनौनी हरकत की है।

शेष पेज 11 पर

## 100 छात्राओं से गैंगरेप व ब्लैकमेल में सभी छह दोषियों को हुई उम्रकैद



**अजमेर।** अजमेर में 32 साल पहले हुए बहुचर्चित अश्लील ब्लैकमेल कांड में दोषी करार छह आरोपितों को अजमेर की पोक्सो प्रकरण की विशिष्ट अदालत संख्या दो ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले अजमेर के पॉक्सो कोर्ट ने आज सुबह ही 6 आरोपितों को दोषी ठहराया था। इस मामले की पीड़ित महिलाओं और उनके परिजनों को यह फैसला आने का इंतजार था। सभी ने इसे न्याय की जीत कहा।

शेष पेज 11 पर

## स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय का निर्देश, सुरक्षा के कड़े इंतजाम हों

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के मद्देनजर एम्स सहित सभी केंद्रीय अस्पतालों को पत्र लिखा है। सभी अस्पतालों को सुरक्षा के व्यापक इंतजाम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि चिकित्साकर्मियों के साथ अपराध मंजूर नहीं है। पत्र में यह भी कहा गया कि निजी अस्पतालों की तुलना में सरकारी अस्पताल मरीजों के लिए सुलभ होते हैं। इसी वजह से निजी अस्पतालों में आपराधिक कृत्य अधिक होते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा के उचित बंदोबस्त करना अस्पताल का दायित्व बनता है। इसमें लिखा है कि जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकर्मियों के साथ हिंसक व आपराधिक कृत्य की खबरें प्रकाश में आ रही हैं।

शेष पेज 11 पर

### आज कल




## खरसावां-चाईबासा रेलखंड पर मालगाड़ी के दो डिब्बे बेपटरी

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की दोपहर एक मालगाड़ी की दो बोगियां बेपटरी हो गईं। हालांकि, मालगाड़ी बेपटरी होने से कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इससे कुछ देर तक रेलवे ट्रैक पर आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक को दुरुस्त कराने का काम शुरू किया। मालगाड़ी के बेपटरी होने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद प्रशिक्षण विमान लापता

नवीन मेल संवाददाता



फाइल फोटो

▸ क्रैश होने की आशंका पायलट और ट्रेनी भी हैं ट्रेसलेस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह उड़ान भरने के बाद लापता अलकेमिस्ट एविएशन के प्रशिक्षण विमान के बारे में देर रात तक पता नहीं चल सका है। विमान के क्रैश होने की आशंका जताई जा रही है। विमान में पायलट के अलावा एक ट्रेनी सवार था। एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला जिला प्रशासन की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। हवाई अड्डे के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि यह दो सीटों वाला सेसना 152 विमान था, जिसने सुबह 10:30 बजे सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। इसके 50 मिनट बाद 11:20 बजे विमान का संपर्क टूट गया। उन्होंने बताया कि विमान का अंतिम लोकेशन जमशेदपुर से उत्तर-पश्चिम में चांडिल-दलमा की तरफ मिला था। हादसे की आशंका को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन को सूचना दी गई है और तलाशी अभियान जोर-शोर से जारी है। इस छोटे विमान में इतना ईंधन नहीं था कि यह इतने लंबे समय तक उड़ान भर सके। ऐसे में विमान के क्रैश होने की आशंका काफी प्रबल है।

## भारत बंद आज, झामुमो ने दिया पूरा समर्थन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 21 अगस्त के भारत बंद को समर्थन दिया है। इस संबंध में मंगलवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने एक पत्र जारी किया गया है। यह पत्र केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव और जिला संयोजक के लिए जारी किया गया है। इधर, रांची के कई स्कूलों ने भारत बंद को लेकर 21 अगस्त को अपने विद्यालय को बंद रखा है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में उप वर्गीकरण एवं क्रिमीलेयर लागू करने के निर्णय को लेकर बंद बुलाया है।

### समाजिक न्याय की प्रतिबद्धता

## लैटरल एंट्री पर फिलहाल रोक केंद्र ने यूपीएससी को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विपक्ष की ओर से लैटरल एंट्री को लेकर लगातार हो रही आलोचना के बीच फिलहाल इस पर रोक लगाने का फैसला किया है। समाजिक न्याय की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से यूपीएससी चेयरमैन को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के तहत, विभिन्न मंत्रालयों में सचिव, यूआईडीएआई का नेतृत्व आदि जैसे महत्वपूर्ण पद बिना किसी आरक्षण प्रक्रिया का पालन किए लैटरल एंट्री को दिए गए हैं। इसके अलावा यह सर्वविदित है कि बदनाम राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य एक सुपर-नौकरशाही चलाते थे और यह प्रधानमंत्री कार्यालय को नियंत्रित करती थी।

पत्र में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृढ़ विश्वास है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया को हमारे संविधान में निहित समानता और सामाजिक न्याय विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधानों के संबंध से जुड़े सिद्धांतों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। हमारी सरकार का प्रयास प्रक्रिया को संस्थागत रूप से संचालित, पारदर्शी और खुला बनाने का रहा है। लेटरल एंट्री का अर्थ है कि देश के शीर्ष सरकारी पदों पर सीधे नियुक्ति करना। वर्तमान में शीर्ष नौकरशाही से जुड़े पदों पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की नियमित चयन और प्रशिक्षण प्रक्रिया के बाद विभिन्न पदों पर रहने के बाद नियुक्ति होती है। 17 अगस्त को संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी ने विज्ञापन दिया था। विपक्ष खासकर कांग्रेस लैटरल एंट्री को लेकर सरकार की आलोचना कर रही है। पार्टी इसे एससी, एसटी और ओबीसी के साथ अन्याय बता रही थी।




### यूपीएससी ने 45 पदों पर सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञापन रद्द किया

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लैटरल एंट्री संबंधी विज्ञापन रद्द कर भर्ती प्रक्रिया भी रद्द कर दी। आयोग ने यह कदम केंद्र सरकार द्वारा लैटरल एंट्री का विज्ञापन वापस लेने के निर्देश के बाद उठाया है। यूपीएससी ने आज जारी एक परिपत्र में लिखा, सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि रोजगार समाचार, विभिन्न समाचार पत्रों और आयोग की वेबसाइट पर 17 अगस्त, 2024 को प्रकाशित विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव स्तर के 45 पदों के लिए लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन संख्या 54/2024 को, अपेक्षित प्राधिकारी के अनुरोध पर रद्द कर दिया गया है।

## इंडिया: चंपाई सोरेन आएं या नहीं, भाजपा की तैयारी जोरों पर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

**झा**रखंड में कुछ महीनों बाद होनेवाले 81 विधानसभा सीटों के चुनाव की तैयारी में सभी दलों के साथ भाजपा भी लगी है।पिछले लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोटरों के अपेक्षाकृत कम समर्थन को काफी गंभीरता से लेकर पार्टी ने इस बार राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 28 सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति के तहत काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से लेकर सभी चर्चित आदिवासी नेता और कार्यकर्ता लगातार या तो क्षेत्र में घूम रहे हैं या सभी की नाराजगी दूर कर संगठन को मजबूत करने के लिए रांची में कई सम्मेलन कर चुके हैं ।सूत्रों के अनुसार इस बार प्रत्याशी चयन में सावधानी से लेकर संताल परगना व कोल्हान प्रमंडल की सीटों पर विशेष तैयारी की जा रही है। भाजपा के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, विधानसभा चुनाव के प्रभारी व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वासरमा पार्टी के नेताओं से सीधा संपर्क कर आगे की रणनीति बनाने में लगे हैं।विधानसभा चुनाव में इस बार बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा, डॉ अरुण उरांव,समीर उरांव, सुदर्शन भगत, दिनेश उरांव, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, लुईस मरांडी सहित पार्टी के कद्दावर नेताओं व पदाधिकारियों को चुनाव में उतारने की तैयारी चल रही है।



पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल पर निर्णय नहीं हुआ है पर अर्जुन मुंडा को खिजरी या खरसावां सीट से चुनाव लड़ाने पर मंथन चल रहा है। सभी आरक्षित सीटों पर जिलाध्यक्षों की अनुशंसित की गयी तीन-तीन नामों पर मंथन चल रहा है। इनके अलावा भी सर्वे या विलय के आधार पर अन्य नामों पर पार्टी विचार कर सकती है। खूंटी में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और कड़िया मुंडा के बेटे जगन्नाथ मुंडा की चर्चा है ।खिजरी के संभावित नामों में पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा हैं। तोरपा में विधायक कोचे मुंडा ।सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा (पूर्व विधायक निर्मल बेसरा के बेटे) पिछले चुनाव में 250 वोट से चूक गए थे, पूर्व विधायक मंत्री विमला प्रधान के सुपुत्र राकेश रविकांत प्रधान और लक्ष्मण बड़ाईक ।कोलेबिरा से प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं पूर्व कोलेबिरा विधानसभा चुनाव प्रभारी, सुजान मुंडा और महेंद्र भगत (पूर्व प्रत्याशी) ।गुमला से सुदर्शन भगत (पूर्व सांसद व विधायक), पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव और पूर्व प्रत्यशी मिसिर कुजूर ।बिशुनपुर से पूर्व राज्यसभा सांसद एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय एसटी आयोग की सदस्य आशा लकड़ा और पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव ।सिसई से पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, प्रदेश प्रवक्ता व आइपीएस रहे डॉ अरुण उरांव और जिला परिषद अध्यक्ष गुमला किरण माला बाड़ा ।लोहरदगा आजसू गठबंधन की सीट है ।इस सीट पर मनीर उरांव जिला अध्यक्ष, बिंदेश्वर उरांव (एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री है) ।मांडर से पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, सन्नी टोप्पो (कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए ) और डॉ परमेश्वर भगत (यदि शामिल हुए तो ) ।मनिका से पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह, अवधेश सिंह चेरो (एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष) ।घाटशिला से पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी, लक्ष्मण टुडू (पूर्व विधायक) ।सरायकेला से चंपाई सोरेन या उनके पुत्र (अगर भाजपा में शामिल हुए तो ), गणेश महली (पूर्व प्रत्याशी)। खरसावां से पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा (अर्जुन मुंडा की पत्नी), जवाहर बानरा पूर्व प्रत्याशी ।पोटका से पूर्व विधायक मेनका सरदार, एसटी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र नाथ सरदार।

जगरनाथपुर : पूर्व सांसद गीता कोड़ा, मंगल गिलुवा, विपिन पूर्ति ।मनोहरपुर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, पूर्व प्रत्याशी शिवा बोदरा, रामेश्वर पैसुम।

चक्रधरपुर से झामुमो से पूर्व विधायक शशि सामड़, मालती गिलुआ (स्वर्गीय लक्ष्मण गिलुआ की पत्नी), विजय मेलगंडी एसटी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री ।मझगांव से पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई, भूषण पाठ पिंगुवा पूर्व प्रत्याशी, अनिल बिरुली ।जामा से पूर्व विधायक सीता सोरेन, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व प्रत्याशी सुरेश मुर्मू, पूर्व दुमका एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष विमल मरांडी ।शिकारीपाड़ा से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी परितोष सोरेन, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला परिषद सदस्य अविनाश सोरेन ।महेशपुर से पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, दुर्गा मरांडी, भाजपा प्रदेश मंत्री, पूर्व विधायक देवीधन टुडू, सुफल मरांडी ।लिट्टीपाड़ा- पूर्व प्रत्याशी दानियल किस्कू, साहिब हांसदा, एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य, बाबूधन मुर्मू पूर्व पाकुड़ जिला परिषद अध्यक्ष।

बोरियो से पूर्व विधायक ताला मरांडी, लोबिन हेंब्रम (अगर भाजपा में शामिल हुए) सूर्य नारायण हांसदा (पूर्व प्रत्याशी)।

बरहेट से सिमोन मालतो पूर्व प्रत्याशी, रेणुका मुर्मू, साहिबगंज जिला परिषद पूर्व अध्यक्ष, रवींद्र टुडू (दुमका आरएसएस के जिला प्रचारक) ।तोरपा : कोचे मुंडा, पूर्व बानो मंडल अध्यक्ष अजित कंडुलना, भाजपा जिला महामंत्री निखिल कंडुलना।

तमाड़ से रीता मुंडा, देवी दयाल मुंडा, राजा पीटर (अगर भाजपा के शामिल हुए तो) ।दुमका पूर्व डॉ लुईस मरांडी पूर्व मंत्री, गुंजन मरांडी दुमका जिला मंत्री, डॉ अंजुला मुर्मू(जेवीएम से आयी हैं)।

## एक नजर

### दो अलग-अलग लोगों के मिट्टी में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम लुंडरी निवासी जलालू अंसारी और हूटार निवासी अजमुद्दीन अंसारी का अकास्मिक निधन की खबर सुनते ही उक्त दोनों लोगो की मिट्टी में शामिल होने गांव पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनो को ढांढस बंधाया एवं हर सुख दुःख में साथ देने का भरोसा दिलाया।

### कार एक्सीडेंट से पीड़ित परिवार वालों से मिलने पहुंचे डॉ परमेश्वर भगत

**चान्हो।** प्रखंड के चामा निवासी शमसेर आलम का परिवार बिजुपाडा से चामा आने के क्रम में अम्बा तांड के समीप कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे तीन बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए। तीन में से एक को मांडर मिशन हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के उपरांत रिम्स रेफर किया गया, बाकी लोगो का ईलाज मिशन हॉस्पिटल मांडर में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने कार एक्सीडेंट से पीड़ित परिवार से मुलाकात की। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए परिवार के सदस्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके इलाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। डॉ. भगत ने दुर्घटना स्थल का भी दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं।

### युवती के साथ जबरदस्ती का प्रयास

**चान्हो।** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना सोमवार रात 12 बजे की है। पीड़िता द्वारा थाने में लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के अनुसार पीड़िता रात में सोइ हुई थी। माँ किसी काम से बाहर गईं थी। दरवाजा का कुण्डी खुला हुआ था। ठीक 12 बजे गाँव के ही आरोपी युवक घर के अंदर आया और मच्छरदानी हटा कर मुँह और नाक को दबा दिया। मुँह काला करने की कोशिश करने लगा। इसी बीच पीड़िता आरोपी के हाँथ में दाँत काटी तो थोड़ा ढील दिया जिससे पीड़िता वहां से भाग कर अपनी चाची के पास चली गईं। तब तक आरोपी फरार हो गया। थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने बताया कि पोक्सो के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गईं है। पीड़िता को मेडिकल और 164 का ब्यान के लिए भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

### रक्षा बंधन पर सीएम के तोहफा से बहन-बेटी खुश

## फ्रॉड कॉल से रहे सावधान, इस योजना के लिए नहीं जाते हैं कॉल : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने वायदे पूरा करते हुए रक्षा बंधन के अवसर पर 21 से 50 वर्ष के बहन बेटियों के एक हजार रुपए प्रति माह की सम्मान राशि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना प्रारंभ कर दिया है. इसके तहत कई बहन बेटियों के खाते में रख बंधन के दिन ही राशि हस्तांतरित किया जा चुका है. शेष को भी शीघ्र ही राशि मिल जायेगी. उक्त बाते स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कही. इस कार्य के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का अभार जताया. विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस झामुमो



गठबंधन की सरकार राज्य के हर एक व्यक्ति के सम्मान के लिए वचनबद्ध है. उन्होंने बताया कि अबुआ आवास, धोती-साड़ी-लूंगी योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि जैसे योजना चलाकर यह साबित कर दिया है कि राज्य में गठबंधन की सरकार लगातार जनहित के लिए कार्यरत है.

#### ठगों से रहें सावधान

विधायक श्री अकेला ने राज्य के सभी बहन बेटियों से फ्रॉड कॉल से सर्तक रहने का अपील किया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत सभी लाभुको को राशि भेजी जा रही है. इसके लिए किसी भीं प्रकार से कॉल या ओटीपी की मांग नही की जा रही है. उन्होंने बताया कि इस योजना को लेकर ठगो के द्वारा कॉल करके ओटीपी मांगने का प्रयास किया जा सकता है. ऐसे में सर्तक रहने की आवश्यता है और किसी भी हाल में ओटीपी शेयर नही करना है.

### शहीद चौक के निकट बदला गया ट्रांसफर्मर जला

**खलारी।** खलारी शहीद चौक के निकट जलने के बाद बदला गया जेबीवीएनएल का 200 केवीए का ट्रांसफर्मर एक दिन भी नहीं टिक पाया। विगत 15 अगस्त को जले हुए ट्रांस्फर्मर की जगह दूसरा ट्रांस्फर्मर लगाया गया था। परंतु बदला गया ट्रांस्फर्मर अगले दिन ही फिर से जल गया। इसके बाद विगत छह दिन से खलारी पंचायत की बड़ी आबादी अंधेरे में है। लोगों ने फिर से ट्रांस्फर्मर लगाने के लिए समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय से गुहार लगाया है। पांडेय ने लोगों को भरोसा दिया है कि उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द ट्रांसफर्मर लगवाने का प्रयास करेंगे।

## राज्य सरकार आदिवासी-मूलवासी व युवा विरोधी : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता।ब रांची** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार देर शाम प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रदेश कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद समीर उरांव प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही,अनंत ओझा, प्रदेश महामंत्री एवम सांसद डॉ प्रदीप वर्मा,प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक को प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान,सह चुनाव




प्रभारी एवम असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने संबोधित किया। बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह आदिवासी मूलवासी विरोधी, युवा विरोधी,महिला विरोधी,किसान विरोधी सरकार साबित हुई है। आज युवा सड़कों पर अपने आक्रोश को व्यक्त करने के लिए तैयार है। आज कोर कमेटी की बैठक में आगामी 23अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में होने वाले युवा आक्रोश रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने पहले दिन से जनता को दिग्भ्रमित कर रही।इन्हे जनता की सेवा से कुछ भी लेना देना नही। 2वर्षों तक खजाना खाली का बहाना ,फिर कोरोना का बहाना ,कभी कुर्सी से हटने का बहाना ,केवल बहाना में 5साल बिता दिया मुख्यमंत्री ने।

## चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में महिला घायल



**सिल्ली।** हटिया बर्दवान पैसेंजर ट्रेन से मुरी हिंडालको निवासी अनीता पाठक चलती ट्रेन से गिरने से घायल हो गई। मुरी आरपीएफ के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम भेजा गया। जानकारी के अनुसार हटिया बर्दवान पैसेंजर ट्रेन से अनीता पाठक अपने भाई को राखी बांधकर रांची से मुरी लौट रही थी। इसी क्रम में ट्रेन मुरी स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या एक पर 9.40 बजे पहुंची। मगर अनीता को नींद लग गया था जिसके चलते वह उतर नहीं पाई। ट्रेन खुलते ही उनकी नींद खुली तब तक ट्रेन स्टेशन से खुलकर धीरे-धीरे चल रही थी। वह स्टेशन देखते के साथ चलती ट्रेन से उतारने का प्रयास की, जिससे स्टेशन परिसर में ही घायल हो गई। स्टेशन पर तैनात ड्यूटी में आरपीएफ के अवर निरीक्षक पवन कुमार, कौशिक गोहा एवं संतोष कुमार तीनों की नजर पड़ी । तुरंत घायल अनीता के पास पहुंचकर डॉक्टर जे कच्छप को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही अपने टीम के साथ डॉक्टर स्टेशन पहुंचे और प्राथमिक उपचार किया। आरपीएफ के द्वारा एंबुलेंस में चढ़ाया गया जहां बेहतर उपचार के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया। डॉक्टर रमणेश प्रसाद के द्वारा उपचार करने के बाद उनको रांची रेफर कर दिया गया।

## रक्षा बंधन के तीसरे दिन मनाई जाती है कजरी तीज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रक्षा बंधन के तीसरे दिन कजरी तीज मनाई जाती है। कजरी तीज को कजली तीज, बड़ी तीज, बूढ़ी तीज और सतूड़ी तीज नाम से भी जाना जाता है। यह उत्तर भारत के सभी राज्यों में धूमधाम से मनाई जाती है। कजरी तीज का व्रत भादों में कृष्ण पक्ष की तृतीया को कजरी तीज मनाई जाएगी। इस बार कजरी तीज व्रत 22 अगस्त गुरुवार को है। इस दिन सुहागिने हैं। कजरी तीज का व्रत करवा चौथ की तरह निर्जला व्रत की तरह रखा जाता है। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला जाता है। काशी के ज्योतिषाचार्य पंडित भारद्वाज शास्त्री कहते हैं कि कजरी तीज व्रत के दिन जौ, चने, चावल और गेहूं के सत्तू बनाए जाते हैं और उसमें घी और मेवा मिलाकर कई प्रकार के व्यंजन बनाते हैं। उसके बाद चंद्रमा की पूजा करके उपवास खोलते हैं। कृष्ण पक्ष की तृतीया 21 अगस्त को शाम 5.15 से शुरू होगी और अगले दिन दोपहर 1.46 बजे तक रहेगी। इसलिए उदया तिथि के अनुसार व्रत 22 अगस्त को रखा जाएगा। इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 5.35 बजे से सुबह 7.20 बजे के बीच रहेगा। इस बार अभिजित मुहूर्त और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी।

पौराणिक कथा के अनुसार, शिव को पति रूप में पाने के संकल्प के साथ मां पार्वती ने 108 साल तक तपस्या कर भोलेनाथ को प्रसन्न किया था। तभी से इसको कजरी तीज या कजली तीज के रूप में मनाया जाता है। विवाहित महिलाओं के साथ कुंवारी लड़कियां भी व्रत रखती हैं। सुहागिने सहेलियों के साथ एक जगह एकत्र होती हैं और पूरा दिन कजरी के गीत गाते हुए नृत्य करती हैं। आचार्य पंडित प्रणव मिश्रा के अनुसार यह व्रत करवाचौथ की तरह है। पूरा दिन व्रत रखते हैं और शाम को चंद्रोदय के बाद व्रत खोला जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### मानव विकास संस्था ने बरकट्ठा के गांवों में आम के पौधे का लगाया बागान



बरकट्ठा। प्रखंड के विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों जैसे चेचकपी पंचायत के डुमरडीहा, तुर्कडीहा, गोरहर पंचायत के पांतितीरी और बाघमंदवा गांव में मानव विकास संस्था के सहयोग से 50 - 50 आम का पौधा का बागान ग्रामीणों के सहयोग से लगवाया । वहीं संस्था कर्मी राहुल कुमार और रोबीन कुमार ने सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि हमलोग पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर जहां-जहां पेड़ लगाने की जरूरत है वहां आम के पेड़ का बागान लगाने का कार्य कर रहे हैं। ताकि पर्यावरण संतुलित रहे। संस्था सचिव बीरबल प्रसाद ने कहा कि अगर किसी गांव में और पौधों की आवश्यकता होगी तो हमलोग और पौधा देकर बागान बनाने का कार्य करेंगे । बताया कि लोग आम को बेंच कर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते है और इससे ग्रामीणों का जीविकोपार्जन भी होगी ।साथ ही साथ लोगों को संतुलित आहार भी मिलेगी ।बताया कि ग्रामीणों के आय को बढ़ाने के लिए कई गांवों में फूल की खेती जैसे गेंदा,गुलाब, स्ट्रॉबेरी आदि की खेती के लिए कई गांव में स्थान का चयन भी कर लिया गया है। वितरण के दौरान रोबिन कुमार, राहुल कुमार, अंजु मुर्मू ,कार्तिक महतो, मारिया दास बास्के, रोहित टुडू , तालो मरांडी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो से की मुलाकात



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र महतो से रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पिछड़े वर्ग के लोगों की समस्याओं और उनके विकास के लिए आवश्यक योजनाओं पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान श्री मंगलेश ने पिछड़ा वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आयोग से सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। योगेंद्र महतो ने आश्वासन दिया कि पिछड़ा वर्ग आयोग इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करेगा और सरकार से समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को तेजी से लागू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और आयोग इस दिशा में हरसंभव प्रयास कर रहा है।इस मुलाकात से प्रखंड में पिछड़े वर्ग के लोगों की उम्मीदें बढ़ी हैं और उन्हें विश्वास है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। साथ ही कहा की पिछड़ा वर्ग के लोगों को कोई विभाग में किसी तरह की समस्या हो तो तुरंत बताएं।

### भारत बंद के पूर्व संध्या पर भीम आर्मी सेना का मशाल जुलूस



**बरही ।** एससी एसटी एक्ट के बदलाव के प्रस्ताव के विरोध में भीम आर्मी सेना ने 21 अगस्त को सम्पूर्ण भारत बंद का ऐलान किया है. इसे लेकर भीम आर्मी सेना के नेतृत्व में मंगलवार की संध्या को मशाल जुलूस निकाला गया. जुलूस बरही के सभी प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया. जुलूस में शामिल सभी लोग सर्वोच्च न्यायालय के इस प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे. विरोध में सुप्रीम कोर्ट मुदार्बाद आदि जैसे नारे लगा रहे थे। भीम आर्मी सेना में प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि संविधान में प्रदत्त नियमो का बदलना अनुचित है. दलितों व पिछड़ों को आर्थिक आरक्षण नहीं जातिगत आरक्षण की आवश्यकता है. उच्चतम न्यायालय इससे छेड़ छाड़ नही करें. जुलूस में शामिल लोगो ने 21 अगस्त को सभी दुकानें बंद रखने की अपील किया. बंद को लेकर सोमवार को एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में भीम आर्मी सेना बैठक कर बंद सफल बनाने की रणनीति बनाई थी. बैठक में प्रखंड अध्यक्ष सहित पूर्व जिप सदस्य संतोष रविदास, शंकर राम, किसुन दास, अजय कुमार, मुकेश रविदास आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

## हाई कोर्ट ने ईडी को जमीन के दस्तावेज में फर्जीवाड़े की जांच का दिया आदेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी को रांची के बजरा इलाके की एक जमीन के दस्तावेजों में फर्जीवाड़े की जांच का आदेश दिया है। झारखंड हाई कोर्ट मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजेश कुमार की अदालत ने ईडी से चार हफ्ते में सीलबंद रिपोर्ट मांगी है। आगे की सुनवाई अब 13 सितंबर को होगी। दिलीप कुमार उर्फ दिलीप साहू की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि जांच कहां तक पहुंची। सरकार जांच करने में सक्षम है या नहीं। यदि नहीं तो स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने को सरकार तैयार रहे। उल्लेखनीय है कि दिलीप साहू ने दक्षिण छोटानागपुर आयुक्त के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनके नाम की जमाबंदी रद्द करने की मांग की थी।

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया

**सिल्ली।** मंगलवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जन्म जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, रांची जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजूर मोमिन, आलम अंसारी, सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष मनीराम दास इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## वैदिक हवन के साथ डीएवी खलारी में शुरू हुआ वेद प्रचार सप्ताह



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी में मंगलवार से वेद प्रचार सप्ताह की विधिवत शुरूआत हुई। आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अंतर्गत मंगलवार को विद्यालय में वेद प्रचार सप्ताह कार्यक्रम के तहत चतुर्वेदशतक पारायणयज्ञ करवाया गया। जिसमें संस्कृत शिक्षक उपेंद्रकुमार आर्य द्वारा चारों वेदों से चुने हुए मंत्रों से आहुतियां दिलवाई गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने कहा कि वेद सार्वभौमिक हैं और वेदों के बताए गए मार्ग से मानव मात्र का कल्याण होता है। वेदों का अनुसरण करके लोग सुख एवं शांति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सभी के लिए आवश्यक मानते थे। वेदों के मार्ग पर चलकर देश दुनिया में समृद्धि आएगी। इसी सोच के साथ आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम की मंगलवार से विद्यालय में शुरूआत की गई है । विद्यालय के संस्कृत शिक्षक उपेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि एक सप्ताह तक विद्यालय में विभिन्न वैदिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वैदिक हवन में विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खलारी तालाब के निकट डीएमएफटी मद से बनेगा पार्क



*पार्क का निर्माण अब खलारी सीमेंट वर्कर्स यूनियन कार्यालय के निकट बनेगा*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी में डीएमएफटी मद से प्रस्तावित पार्क निर्माण का स्थल परिवर्तन कर दिया गया है। पार्क का निर्माण अब खलारी पंचायत अंतर्गत खलारी तालाब के विपरीत खलारी सीमेंट वर्कर्स यूनियन कार्यालय के निकट बनेगा। मंगलवार को अंचल कार्यालय खलारी में हुए बैठक में चर्चा के उपरांत खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट ने उपरोक्त स्थल में पार्क निर्माण की स्वीकृति दे दी। इससे पहले खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर से सटे नाला के पश्चिम टीटू टाइप मैदान में पार्क बनाने की बात सामने आई थी। परंतु इस जगह पार्क बनाने को लेकर आम सहमति नहीं बन सकी। मंगलवार को हुए बैठक में तय हुआ कि टीटू टाइप मैदान में अब डीएमएफटी मद से ही प्रस्तावित बड़ा विवाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। बैठक में अंचल अधिकारी सहित उपस्थित सभी लोगों में यह सहमति बनी कि भूमि को लेकर पार्क जैसी बड़ी योजना को वापस नहीं जाने दिया जाएगा। आपसी सहमति के बाद सभी लोगों ने पार्क स्थल का निरीक्षण भी किया। बैठक में खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट के अलावा खलारी पश्चिमी की जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, भाजपा खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, कांग्रेस नेता तनवीर आलम, समाजसेवी रवीन्द्र चौधरी, मो. अब्बास, गौरी केशरी, रामसूरत यादव, मोनू रजक, कलीम रिजवी, मो. जावेद आदि उपस्थित थे।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशानी में

**खलारी।** खलारी के लोग जेबीवीएनएल के बिजली की आंख मिचौली से परेशान हैं। सोमवार से ही खलारी में पतरातू से आने वाली जेबीवीएनएल की बिजली बाधित हो गई। 24 घंटे बाद मंगलवार को 33 हजार ट्रांस्मीषन लाइन की खराबी ठीक कर ली गई। इसके बाद बचरा से आने वाली 11 हजार ट्रांस्मीशन लाइन में खराबी के कारण कई घंटे तक बिजली बाधित रही। रात करीब 8.30 बजे केडी बाजार तक बिजली बहाल कर ली गई। परंतु समाचार लिखे जाने तक केडी पत्रकार कालोनी, डेमधौड़ा, शांतिनगर, खलारी बाजारटांड़ इलाके में बिजली बहाल नहीं हो सकी। वहीं सीसीएल क्षेत्र में भी तकनीकी खराबी के कारण कई इलाके की बिजली समाचार लिखे जाने तक बाधित है। सीसीएल क्षेत्र में कर्मी मरम्मत कार्य में लगे हुए हैं। देर रात सीसीएल क्षेत्र में बिजली बहाल होने की उम्मीद है।

## श्री श्याम मंदिर में भक्तिमय कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 115 वां कार्यक्रम मंगलवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। अनिल नारनोली हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। अनिल नारनोली ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ



ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई ।सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया श्याम आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत का गांव दौरा ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत



**ईटकी।** पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने इटकी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। इस दौरान, उन्होंने गांव के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। डॉ. भगत ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, छोटा छोटा व्यवसाय, बिजली, रोजगार और पेयजल की कमी जैसी मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. भगत ने गांव के विकास के लिए त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में काम करने का आश्वासन दिया। उनके दौरे ने ग्रामीणों में आशा का संचार किया और उनके प्रयासों को सराहा। समाजसेवी डॉ. भगत का यह कदम ग्रामीणों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है और क्षेत्रीय विकास में एक सकारात्मक बदलाव की ओर संकेत करता है। मौके पर मुख्य रूप से शमीम अख़्तर आजाद, मौलाना रफीक साहब, नौशाद आलम, मो आसिफ, मो शमीम, कैफ राजा, मो सैफ, अब्दुल कादिर, अब्दूल रशीद, सरवर कुरेशी, नौशाद अंसारी, साजिद अंसारी, जुनैद अंसारी, अशरफ अंसारी, गुलाम हसन, इमरान अंसारी, इरशाद अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पांच सौ बेड वाले रांची सदर अस्पताल में सुरक्षा की है भारी कमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पांच सौ बेड वाले सरकारी सदर अस्पताल में सुरक्षा की भारी कमी है। लेबर रूम को छोड़कर कोई कहीं भी आ जा सकता है। अस्पताल में प्रवेश के अनेक रास्ते हैं। सभी रास्तों से लोगों को घुसना निकलना चौबीसों घंटे जारी रहता है। ऐसे में असमाजिक तत्वों और विक्षिप्त लोगों के घुसने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इतने बडे अस्पताल में सिक्योरिटी मैनेज करना भी एक चैलेंजिंग काम है। इस संबंध में सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने राष्टीय नवीन मेल संवाददाता को बताया कि कोलकाता वाली अमानवीय घटना ने सबको झकझोर दिया है। असुरक्षा की भावना सबके मन में घर कर गई है। आर्म गार्ड की व्यवस्था अस्पताल परिसर में होना आवश्यक है। मरीज और उनके परिजन ही अस्पताल में प्रवेश करे। इसके लिए पास बनाने की प्रक्रिया भी शुरू करनी होगी। सुरक्षा एक बड़ा मामला होता है। इसलिए इसके अनेक बिंदुओं पर गहराई से विचार करना होगा।

## चिकित्सकों की हड़ताल से अस्पतालों में बंद है ओपीडी सेवा, इमरजेंसी सेवाएं बहाल

रांची। चिकित्सकों की हड़ताल से रिम्स और सदर अस्पातल सहित सभी अस्पतालों में इलाज कराने आने वाले मरीजों की स्थिति बदहाल है। लोग अपने परिजनों को लेकर अस्पताल से लौट रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गंभीर मरीजों का इलाज चल रहा है। मगर चिकित्सकों के कमी से समस्याएं खड़ी हो रही है। मरता क्या न करता वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। लोग डरें तो हैं इस बात से कि कम डाक्टरों में ज्यादा लोगों का इलाज कितना अच्छा से होगा। मगर



ऐसे लोग भी हैं जिनके सामने रिम्स और सदर अस्पतालों के अलावे दूसरा कोई विक्ल्प भी नहीं हैं। इस संबंध में रिम्स के ट्रामा और इमरजेंसी सेंटर के इंचार्ज डॉ प्रदीप कुमार भटटाचार्य से राष्टीय नवीन मेल के संवादादाता ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि ट्रामा सेंटर में लोड बढ़ गया है। मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है। दूसरी तरफ डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टाफ की कमी से जुझ रहे हैं। फिर भी व्यवस्था को व्यवस्थित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। कॉल पर डाक्टरों को बुलाया जा रहा है।

# सिम बॉक्स मामले में ओडिशा पुलिस ने रांची में की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिम बॉक्स मामले में ओडिशा पुलिस ने रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के कांटाटोली स्थित एक घर की तलाशी ली। पुलिस ने घर का ताला तोड़कर वहां से आठ सिम बॉक्स बरामद किये हैं। ओडिशा पुलिस की छापेमारी अभियान में रांची पुलिस की टीम भी शामिल रही। ओडिशा पुलिस आरोपित को भी साथ लेकर आई थी। उसकी निशानदेही पर छापेमारी की गई। बताया जा रहा है कि सिम बॉक्स रैकेट को असदुर जमान नाम का एक बांग्लादेशी नागरिक हैंडल करता है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा में बीते 16 अगस्त को सिम बॉक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था। पुलिस ने भुवनेश्वर स्थित एक घर से पांच एक्टिव सिम बॉक्स, दो रिजर्व सिम बॉक्स और 750 से अधिक सिम कार्ड के साथ-साथ राउटर और अन्य उपकरण भी जब्त किये थे। साथ ही पश्चिम बंगाल निवासी और सिम बॉक्स रैकेट के मुख्य आरोपित राजू मंडल को गिरफ्तार किया था। रैकेट के मुख्य आरोपित ने भुवनेश्वर पुलिस की पूछताछ में उसने कबूल किया है कि वह कटक और रांची सहित कई स्थानों से सिम बॉक्स संचालित कर रहा था। इसी के आधार पर पुलिस ने 18 अगस्त को कटक में भी एक सिम बॉक्स रैकेट खुलासा किया था। राजू मंडल के ही इनपुट के आधार पर पुलिस ने रांची के कांटाटोली में छापेमारी की। पूछताछ में राजू मंडल ने बताया है कि उसका हैंडलर एक बांग्लादेशी नागरिक है। उसका नाम असदुर जमान है।

**आठ सिम बॉक्स बरामद**



### क्या है सिम बॉक्स

सिम बॉक्स एक तरह का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस होता है, जिसे सिम बैंक भी कहा जाता है। यह इंटरनेट बेस्ड एक हार्डवेयर डिवाइस है, जिसका इस्तेमाल टेलीकॉम में डायरेक्ट जीएसएम कम्यूनिकेशन को टर्मिनेट करने के लिए किया जाता है। इस डिवाइस में बड़ी संख्या में सिम कार्ड लगे होते हैं, जिससे इंटरनेशनल कॉल को स्थानीय जीएसएम कॉल में कन्वर्ट किया जा सकता है। आसान भाषा में समझें तो इससे इंटरनेशनल कॉल को फर्जी तरीके से स्थानीय नंबर से कन्वर्ट किया जा सकता है। इससे सामने वाले को लगता है कि स्थानीय मोबाइल नंबर से कॉल आया है। इसका एक फायदा यह भी है कि इससे कॉल करने पर इंटरनेशनल के बजाय लोकल चार्ज लगते हैं। इससे टेलीकॉम इंडस्ट्री को करोड़ों रुपये का नुकसान होता है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद की स्टेट चेयरमैन बनीं डॉ मेघा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने रांची की रहने वाली लेखिका डॉ मेघा रानी को झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनाया है। इनके सामाजिक कार्यो और लेखन की प्रतिभा को देखते हुए इनका चयन किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद ने अधिकारिक रूप से चिट्ठी जारी कर दी है। इनकी नियुक्ति के बाद डॉ मेघा की देखरेख में जल्द ही राज्यभर में एक टीम का गठन किया जायेगा, जो राज्य के लोगों के मानवाधिकार की लड़ाई लड़ेंगे और उनके अधिकार का हक दिलायेंगे। इस टीम में 70 से अधिक लोगों का चयन किया जायेगा, जो अलग अलग क्षेत्र में कार्यरत होंगे। नियुक्ति के बाद डॉ मेघा रानी ने कहा कि झारखंड प्रदेश का स्टेट चेयरमैन बनने के बाद मेरी प्राथमिकता रहेगी कि राज्य के जनता के मानवाधिकार सुरक्षा निश्चित करूंगी। इसमें शासन, प्रशासन और मानवाधिकार आयोग से सहयोग की अपेक्षा है। मानवाधिकार से संबंधित राज्य के किसी भी निवासी को जरूरत पड़ेगी तो हमारी टीम बड़ी ही मजबूती के साथ काम करेगी। आम नागरिक अपनी समस्याएं और परेशानी बता सकते हैं। इसके जल्द ही टॉल फ्री नंबर जारी किया जायेगा, ताकि लोग अपनी समस्याओं की जानकारी दे सके। डॉ मेघा ने कहा कि झारखंड में बाल मजदूरी, नारी उत्पीड़न समेत कई समस्याएं है, जिस पर प्रशासन के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इन समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक काम करने की जरूरत है। इसके लिए जल्द ही राज्य भर से ऐसे लोगों को चयन किया जायेगा, जो मानवाधिकार सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। सभी जिलों का दौरा कर वहां के उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर उनसे सहयोग करने का आग्रह करूंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद मानवधिकारों की रक्षा, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा, संविधान एवं कानून की रक्षा, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं के सशक्तिकरण आदि पर काम करता है।

# यूपीएससी क्वालीफाइड आकांक्षा सिंह को दी गई विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा के निर्देशानुसार कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डॉ वर्मा ने कहा कि अपने कॉलेज के भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष आकांक्षा सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में 44 वाँ रैंक प्राप्त की है। यह हमारे कॉलेज व विश्वविद्यालय के लिये गर्व की बात है। पूरा कॉलेज परिवार की ओर से आकांक्षा को इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। प्राचार्य डॉ वर्मा ने कॉलेज परिवार की तरफ से आकांक्षा सिंह को अंग वस्त्र भेंट कर एक प्रतीक चिन्ह के रूप में एक मोमेंटो प्रदान किया। कॉलेज के लगभग सभी लोगों ने अपने स्नेहिल भेंट की।

आकांक्षा ने अपने संबोधन में कॉलेज में बिताये अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि लोग अपने जीवन में पहला को जिस प्रकार से नहीं भूल सकते उसी प्रकार मैं भी अपना पहला जॉब एसएस मेमोरियल कॉलेज में की, इस लिये इसको जीवन में कभी नहीं भूल सकती। कॉलेज के सभी लोग बहुत ही कॉप्रेटिव हैं। मेरी इस सफलता में कॉलेज के बहुत लोगों का प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष सहयोग रहा है बहुतों से आत्मीय लगाव रहा है कॉलेज के सभी लोग बहुत अच्छे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से इंग्लिश विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सीमा सुरीन, संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ लक्ष्मी कुमारी, गणित विभागाध्यक्ष डॉ अनुपमा सिंह, डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ ऐनके पांडेय, डॉ मुकेश उराव, डॉ अनीता गुप्ता, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ राजश्री, डॉ अनिल कुल्लू, डॉ संजय सारंगी, डॉ जुरन सिंह मानकी, डॉ सुबास साहु, डॉ नेम्हा डॉ गिझासा ओझा डॉ अभिषेक गुप्ता, डॉ उषा कीड़ो, डॉ राजश्री सहित सभी शिक्षकगण व सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## ई-रिक्शा के लिए रूट पास निर्गत करे प्रशासन : दिनेश

**रांची।** ई-रिक्शा चालक यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक फिरायालाल चौक स्थित कार्यालय में मंगलवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के मुख्य संरक्षक उत्तम यादव, अध्यक्ष दिनेश सोनी और पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि ई रिक्शा चालकों की दिन प्रतिदिन समस्याएं बढ़ती जा रहीं हैं। इसके चलते ई रिक्शा चालक मालिकों को परिवार का पालन पोषण और बैंक द्वारा लिए गए ई रिक्शा का लोन किश्त नहीं चुकाया जा रहा है। रांची शहर में यातायात एसपी का फरमान है कि बिना रूट पास के एक भी ई-रिक्शा का परिचालन नहीं करने दिया जाएगा। आज तक रूट पास निर्गत नहीं किया जा सका है। जिन्हे 2017 और 2018 में रूट पास नगर निगम द्वारा निर्गत किए गए थे। उसके बाद से आज रूट पास नया निर्गत किया जा रहा है। यातायात प्रशासन पूरे रांची शहर में अभियान चलाकर ई रिक्शा चालक मालिकों को आर्थिक और मानसिक बोझ देते हुए गरीब लोगों का बेरोजगार करने का प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं समस्याओं से निदान के लिए 22 अगस्त को सुबह 11 से 3 बजे तक मोराबादी मैदान में रांची में परिचालन करने वाले सभी ऑटो चालकों, मालिकों और ई रिक्शा चालकों और मालिकों की बैठक का आयोजन किया गया है।

# गोमिया की 18 पंचायतों की जनता अनियमित बिजली की समस्या से त्रस्त

**रजनीश**

**रांची।** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड के 18 पंचायतों को बिजली ढंग से नहीं मिल रही है। 24 घंटे में 10 से 12 घंटे ही बिजली मिलती है। बिजली काटने की समस्या से गोमिया प्रखंड के 18 पंचायत की जनता त्रस्त है। गोमिया सब स्टेशन में कार्यरत जूनियर इंजीनियर नरेंद्र मिंज किसी का फोन नहीं उठाते हैं। जूनियर इंजीनियर की कार्यशौली से भी बिजली उपभोक्ताओं में आक्रोश है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने नरेंद्र मिंज से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया। फोन की घंटी बजती रही लेकिन नरेंद्र मिंज ने फोन नहीं उठाया। इसके बाद तेनुघाट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर समीर कुमार से संपर्क किया तो उन्होंने फोन उठा लिया।

उन्होंने बताया कि दो अगस्त को काफी भारी बारिश हुई थी, जिससे बिजली विभाग को भारी क्षति हुई थी। कई बिजली के पोल भी गिर गये थे। साड़म से सप्लाई लाइन दिया जाता था, वह भी बाधित हो गया। हालांकि तीन-चार दिन पहले सब ठीक कर लिया गया है। अब बिजली ठीक से दी जा रही है। गोमिया क्षेत्र में 17 से 18 घंटे बिजली दी जाती है। कुछ खराबी होने या मेन लाइन से बिजली कटने पर ही समस्या उत्पन्न होती है। एग्जीक्यूटिव इंजीनियर द्वारा फोन नहीं उठाये जाने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि यह शिकायत पहले भी मिल चुका है। वे एक पब्लिक सर्वेंट है और उन्हें पब्लिक की बात सुननी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 3 साल से कोई भी फंड नहीं मिला था। अब आरडीएसएस फंड मिल रहा है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। बिजली की समस्या को दूर करने के लिए कई काम करना है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि बिजली का बिल लाइन देने के लिए देते हैं कि काटने के लिए। क्या समस्या है इसकी जानकारी भी हमें नहीं दी जाती। घंटों बिजली कटी रहती है। इस बात की सूचना तो दूर लाइन कब आएगी यह भी अधिकारी नहीं देते हैं। बिजली की समस्या काफी दिनों से चल रही है। हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हमारी समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है।

**जेई नहीं उठाते हैं किसी का फोन**



### जेई नरेंद्र मिंज ने नहीं दिया प्रश्नों का उत्तर

- 1. नियमतः गोमिया के ग्रामीण क्षेत्रों में कितने घंटे बिजली देना है।
- 2. पिछले 10 दिनों में कितने घंटे बिजली आपने दी।
- 3. बिजली कटौती का मुख्य कारण क्या है।

# कला के माध्यम से संस्कृत भाषा को जीवंत बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी : अर्चना दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय एवं रांची विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत सप्ताह के पांचवें दिन मंगलवार को विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें एकल गीत, सामूहिक गीत तथा एकल नृत्य जैसी प्रतियोगिताएं सम्मिलित थीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्कृत भाषा के महत्व और इसकी समृद्ध धरोहर को उजागर किया। प्रतियोगिताओं ने वातावरण को संस्कृतमय बना दिया। एकल गीत प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विविध विषयों पर आधारित गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रत्नगर्भा धरा गीत ने धरती की महिमा का गुणगान किया,



वहीं मृदपि च चन्दनम्ह्व गीत ने संस्कृत भाषा की मधुरता को स्वर दिया। ह्लनय तव बालमिमं यशोदे गीत के माध्यम से यशोदा और कृष्ण के वात्सल्यपूर्ण पावन संबंधों की अभिव्यक्ति की गई। जननी जन्मभूमिह्व गीत ने मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और प्रेम को अभिव्यक्त किया। श्रीवल्ली तथा जीवने तु भवतु संस्कृतम्ह्व जैसे गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यदि त्वं मिलसि माम्ह्व और निनादय नवीनामये वाणिवीणां गीतों ने संगीत की नवीन धारा को प्रवाहित किया, जबकि शक्ति सम्भृतम्ह्व ने शक्ति और साहस की भावना को अभिव्यक्त किया। समूह गीत प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की सामूहिकता और तालमेल को प्रकट किया। सुरस सुबोधा गीत ने संस्कृत भाषा की सरलता और सरसता का परिचय दिया। मनसा सततम् स्मरणीयम्ह्व ने हमें सतत स्मरण करने योग्य महान विचारों की ओर प्रेरित किया। देववाणीं वेदवाणीं गीत ने संस्कृत को देववाणी के रूप में प्रतिष्ठित करते हुए इसके आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व को रेखांकित किया। सामूहिक गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने संस्कृत की महिमा को नए कलेवर में प्रस्तुत किया जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. श्रीमित्रा, डॉ. राहुल कुमार, शुभम केसरी, आशीष कुमार, माधुरी सिंह, शिवम नारायण, प्रतिमा चाहौन, अमित मोहन, पंकज कुमार आदि की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।

# अक्षय उर्जा को अपनाना विकल्प नहीं, अनिवार्यता है : अश्विनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) ने आरसी फिजिकल एकेडमी के सहयोग से एक वॉकाथन रिन्यू योर वॉक, रिन्यू द वर्ल्ड का आयोजन किया।




वॉकाथन में अक्षय ऊर्जा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में ऊर्जा के स्थायी साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। वॉकाथन में प्रतिभागियों ने रांची की सड़कों पर चलते हुए अक्षय ऊर्जा के उपयोग पर बढ़ावा देने पर जोर दी। जस्ट ट्रांजिशन, सीड के निदेशक अश्विनी अशोक ने कहा कि बदलते जलवायु परिस्थितियों में अक्षय ऊर्जा को अपनाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारी अनिवार्यता बन गया है। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग करना होगा और अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देना होगा। यह वॉकाथन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें हम समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित कर सकते हैं।उन्होंने आगे कहा कि हर कदम जो हम अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ाते हैं, वह न केवल हमारे वर्तमान को स्त्रक्षित करता है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण की नींव भी रखता है।

# न्यूज बॉक्स

## शारदा फाउंडेशन ने हिल टॉप पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण




**रांची।** सामाजिक संस्था शारदा फाऊंडेशन कि ओर से बरियातू रोड स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल में एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था शारदा फाऊंडेशन ने विद्यार्थियों के साथ स्कूल परिसर में 51 पौधे लगाकर उसकी देखभाल, सेवा और उनकी रक्षा का संकल्प भी लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री व यूट्यूबर अंतरा दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थीं। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्कूल के निदेशक राजेश गुप्ता, प्राचार्या संगीता राज,उप प्राचार्या सुनीता श्रीवास्तव, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, गोविंद यादव व जय श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के तहत सेमिनार भी आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। हम सभी लोगों को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसे अपने पूरे जीवन में संग्रक्षित करने की भी जरूरत है तभी हम और हमारी प्रकृति सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर आईएस जाकी, सीमा लाला, पुरोबी राय, सिबानी, मौसमी भटचार्या, सूर्यकांत, साधना, प्रियंका, सिमकि, सरिता, निकिता राज, सविता सिंह समेत कई स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाए एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## ब्रिजफोर्ड स्कूल की महिला कर्मचारी ने पत्थर खदान में कूदकर खुदखुशी की

**रांची।** ब्रिजफोर्ड स्कूल की महिला कर्मचारी ने पत्थर खदान में कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना जिले के तुपुदाना ओपी क्षेत्र स्थित ब्लू पौंड के नाम से फेमस पत्थर खदान में आज मंगलवार को घटी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को खदान से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला ने किस वजह से आत्महत्या की है, इसका पता अभी तक नहीं चल पाया है। मौके पर कोई सुसाइड नोट की बरामद नहीं हुआ है। दूसरी ओर पुलिस की टीम मृतका के परिजनों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की। लेकिन आत्महत्या के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी।

## एमबीए बैच के लिए यूडीजीएएम 24 ओरिएंटेशन प्रोग्राम लॉन्च




**रांची।** बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा ने 20 अगस्त को आधिकारिक तौर पर अपने इंटीग्रेटेड एमबीए बैच 2024-2029 के लिए यूडीजीएएम 24 ओरिएंटेशन प्रोग्राम लॉन्च किया। यह कार्यक्रम आरएंडडी बिल्डिंग सेमिनार हॉल 1 में हुआ, जिसकी शुरूआत डॉ उत्पल बाउल, डॉ श्रद्धा शिवानी, डॉ जीपी सहित प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों और अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मिश्रा, डॉ सुजाता प्रियंबदा दाश, प्रो धर्मेंद्र कुमार चंद, डॉ अभिनव कुमार सांडिल्य, और डॉ शादाब हसन, एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक यात्रा की शुरूआत का संकेत दे रहे हैं। इंटीग्रेटेड एमबीए के कार्यक्रम समन्वयक डॉ अभिनव कुमार सांडिल्य ने भविष्य के विकास के लिए कार्यक्रम के समर्पण पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कोलंबस और जैसे ऐतिहासिक शख्सियतों से प्रेरणा ली। अलेक्जेंडर फ्लेमिंग कार्यक्रम के नवीन लोकाचार और समकालीन शैक्षिक नीतियों के साथ संरेखण को प्रतिबिंबित करने के लिए। डॉ. जीपी मिश्रा ने पांच वर्षीय एकीकृत एमबीए कार्यक्रम के महत्व और महत्वपूर्ण व्यावसायिक उन्नति के लिए इसकी क्षमता पर जोर दिया। विभाग के प्रमुख डॉ. उत्पल बाउल ने अनुशासन, निरंतर उपस्थिति और कैरियर लक्ष्य निर्धारित करने के मूल्य पर चर्चा करके छात्रों को प्रेरित किया। डीन डॉश्रद्धा शिवानी ने स्कूल से व्यावसायिक शिक्षा की ओर बदलाव के बारे में बात की और छात्रों से व्यावहारिक शिक्षा और पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। प्रो. धर्मेंद्र कुमार चंद ने प्लेसमेंट सेल की शुरूआत की और एमबीए कार्यक्रम के भीतर आगामी अवसरों पर चर्चा की।

## उत्पाद विभाग ने बंगाल से स्प्रिट लेकर आ रहे टैंकर को किया जब्त, तीन गिरफ्तार

**रांची।** उत्पाद विभाग ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल से स्प्रिट लेकर आ रहे टैंकर को ओरमांझी में जब्त किया। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल से आ रहे एक स्प्रिट टैंकर को साथ हरदीप सिंह, प्रवीण शर्मा को गिरफ़्तार किया गया। साथ ही टैंकर के आगे आगे चल रहे एक अन्य वाहन को भी जब्त किया गया। उक्त वाहन से मनप्रीत सिंह को गिरफ़्तार किया गया। जो मोबाइल से टैंकर के ड्राइवर को आगे की गतिविधि की सूचना दे रहा था। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। साथ ही टीम ने तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है, कि इस स्प्रिट का प्रयोग अवैध शराब बनाने में किया जाना था। बरामद किये गये स्प्रिट की कीमत लगभग 25 लाख बतायी जा रही है।

## डालसा ने दिव्यांग बच्ची जूही कुमारी का कराया स्कूल में दाखिला

**रांची।** झालसा के आदेश पर दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत रांची डालसा ने 20 अगस्त, को दृष्टिबाधित जूही कुमारी का एडमिशन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, बरियातू में कराया। इस अवसर पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, पीएलवी मानव कुमार एवं जूही कुमारी के साथ उनकी मां भी उपस्थित थे। दिव्यांग जूही कुमारी चेशायर होम बरियातू की रहनेवाली है। उसका किसी भी स्कूल में 11वीं कक्षा में दाखिला नहीं हो पा रहा था। मंगलवार को डालसा सचिव ने स्वयं कार्रवाई करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल इंचार्ज दीपक कुमार से मुलाकात की। बच्ची का दाखिला इन्क्लूसिव स्कूलिंग के तहत 11वीं कक्षा में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में कराया। बच्ची का एडमीशन कराने में स्कूल के प्रधानाध्यापक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि झालसा के निर्देश पर 45 दिवसीय विशेष अभियान के तहत डालसा द्वारा पढ़ाई छोड़ चुके है या अभी तक कोई स्कूल में दाखिला नहीं होने वाले दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है।



## रांची में पिंक ऑटो सेवा का हुआ विस्तार

**रांची।** ऑटो सर्विस का नया कॉन्सेप्ट पिंक ऑटो है। यह महिला द्वारा महिलाओं के लिए चलाया जाता है। इसका कलर पिंक है और इसे चलाने वाली महिला की ड्रेस भी पिंक ही है। इस पर सिर्फ महिलाएं ही यात्रा कर सकती हैं। रांची में इस तरह के ऑटो चलाने का कॉन्सेप्ट नया नहीं है, लेकिन अब इसके परिचालन का विस्तार किया गया है। अब रांची के हर इलाके में यह पिंक ऑटो चलेंगे। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने यातायात पुलिस अधीक्षक को दिशा-निर्देश दे दिए हैं। डीजीपी ने कहा कि ऑटो महिलाओं के ज्यादा आवाजाही वाले सभी रास्तों पर चलेंगे। इसलिए जहां महिलाओं की ज्यादा आवाजाही है, वहां के लिए इसका परमिट जारी किया जाए। आदेश मिलते ही यातायात पुलिस ने परमिट जारी करने के लिए डीजीपी को पत्र भी भेज दिया है। ये ऑटो महिला कॉलेज, शिक्षण संस्थान, अस्पताल समेत महिलाओं के ज्यादा आवाजाही वाले मार्गों में खास तौर पर चलाए जाएंगे।

# चंपाई के बारे में सीएम व मंत्री का बयान दुर्भाग्यपूर्ण: अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन मुंडा ने कहा है कि झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन 'जल, जंगल, जमीन' के आंदोलन से निकले हुए नेता हैं। उनके बारे में राज्य के सीएम, मंत्री और कुछ नेता जिस तरह का बयान दे रहे हैं, वह दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने जोर देकर कहा, चंपाई सोरेन को सीएम बनाना और फिर इस पद से उन्हें हटाया जाना राज्य के सत्तारूढ़ गठबंधन का अपना मामला हो सकता है। लेकिन, अब उन पर लगाए जा रहे आरोप और उनके बारे में कही जा रही बातें दुखद हैं। मुंडा ने सीएम हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा, उन्होंने संकट के वक्त चंपाई सोरेन को चाचा कहते हुए दायित्व सौंपा, जिसे उन्होंने निभाया भी। लेकिन, जेल से आते ही उनकी चिंता इस बात की थी कि कुर्सी वापस कितनी जल्द हासिल करें। इससे तो यही लगता है कि उनके मन में ना तो चाचा चंपाई सोरेन के साथ रिश्ते के लिए कोई सम्मान है, ना संगठन और आदिवासियों का। विधानसभा चुनाव तक चंपाई सोरेन को उनके पद पर बनाए रखा जाता तो माना जाता कि उनके सम्मान का ख्याल रखा गया। मुंडा ने कहा, चंपाई सोरेन और मैं झारखंड की लड़ाई के दिनों के साथी रहे हैं। जब झारखंड के 'जल, जंगल, जमीन' और इसके बुनियादी मुद्दों पर कोई बात भी नहीं करता था, तब एकीकृत सिंहभूम में चंपाई सोरेन सरीखे लोगों ने नंगे पांव संघर्ष किया। वे हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन के साथ मिलकर आंदोलन करने वाले लोगों में हैं। उनके बारे में अब आप इस तरह की बात करेंगे तो इससे यही झलकता है कि आप कितने हताश और निराश हैं। मुंडा ने कहा, चंपाई सोरेन के बारे में शिबू सोरेन कुछ कहते तो बात समझी जा सकती थी, लेकिन परिवार के जरिए राजनीति में आए लोग अब उन पर आरोप लगाएंगे तो मुझे इस पर गहरी आपत्ति है। चंपाई सोरेन जी ने सोशल मीडिया पर अपने साथ हुए सलूक के बारे में जो बयान दिया है, उससे उनका दर्द पता चलता है।

झारखंड आंदोलन में जिनकी भी भागीदारी रही, चाहे वह किसी भी दल या संगठन के हों, उन्हें सम्मान देना इस आयोग का उद्देश्य रहा है।

### मंत्री ने आंदोलन के पुराने दिनों का जिक्र किया

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आंदोलन के पुराने दिनों का जिक्र करते हुए कहा, उन दिनों आज का कोल्हान प्रमंडल एकीकृत सिंहभूम जिला हुआ करता था और वहां जंगलों से निकलकर मोरा मुंडा, मछुआ गगराई, सिदु कुई, चंपाई सोरेन, रामदास सोरेन और मेरे जैसे लोग लड़ते रहे। झारखंड आंदोलन के दौरान सबसे ज्यादा मुकदमे इसी क्षेत्र के लोगों पर हुए। संघर्ष लंबा चला और इसके बाद हममें से कई लोग चुनावी राजनीति में धीरे-धीरे सशक्त हुए। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की ओर से चुनाव के वक्त शुरू की जा रही योजनाओं और घोषणाओं पर अर्जुन मुंडा ने कहा, इनकी योजनाओं और घोषणाओं में आदिवासियों के बारे में चिंता कम है। तात्कालिक लाभ के लिए यह सब हो रहा है। तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान और उन्हें सम्मान देने के लिए आयोग गठित किया था। यह कोई दलीय दृष्टिकोण से लिया गया फैसला नहीं था।

# मुख्यमंत्री ने आमजनों की समस्याओं को सुना



*राज्य सरकार का प्रयास मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आपके गांव-घर तक पहुंचाई जाए*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री आवास पहुंचे लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। मुख्यमंत्री स्वयं एक-एक लोगों के पास पहुंचे और उनसे आवेदन लिया। मौके पर सभी लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद मुख्यमंत्री आवास पहुंचे लोग संतुष्ट दिखाई दिए। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार जन समस्याओं के समाधान का निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आपके गांव-घर तक पहुंचाई जाए। पिछले साढ़े चार वर्ष में जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ आप तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय का सर्वांगीण विकास उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। आने वाले समय में भी जनहित का कार्य अनवरत चलता रहेगा। आमजनों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य के साथ राज्य सरकार निरन्तर आगे बढ़ रही है।

# 'जनता के साथ दुर्व्यवहार करने पर दंडित होंगे पुलिस अधिकारी'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राज्य के हर जिले में जनता दरबार लगाया जायेगा। इस दौरान पुलिस विभाग के आलाधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के एसपी शामिल हुए। राज्य में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने को लेकर कई एजेंडे पर चर्चा हुई। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी को दिशा निर्देश दिए। डीजीपी ने सख्ती के साथ निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों के लिए अधिकारी जीरो टोलेरेंस पर काम करेंगे।

डीजीपी ने बताया कि झारखंड के हर जिले में पुलिस जनता दरबार लगाएगी। इसे लेकर रोडमैप तैयार कर लिया गया है। आम जनता और पुलिस के बीच के गैप को खत्म करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। इससे जनता में जागरूकता और बिना किसी डर भय के आम नागरिक पुलिस के साथ एक सुगम संबंध बनेगा। डीजीपी ने कहा कि जनता दरबार में छोटे-बड़े सभी प्रकार की शिकायतें सुनी जाएगी। इसके साथ ही कोई भी पुलिस अधिकारी आम जनता के साथ दुर्व्यवहार करेगा, उसके खिलाफ भी जनता दरबार में शिकायतें सुनी जाएगी। डीजपी ने बताया कि जनता दरबार में डीएसपी रैंक के अधिकारी के साथ वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



### महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीर

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग गंभीर है। इसे लेकर महिला थाना को सशक्त बनाने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए हर जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। हाल के दिनों में बार कोड स्कैनर के साथ टॉल-फ्री नंबर लांच किया गया है। जिसे शहर के विभिन्न ऑटो रिक्शा और बसों में चिपकाया गया है। बार कोड की मदद से महिला के साथ किसी भी प्रकार की विकट परिस्थिती में केवल बार कोड स्कैन करने पर वहां तत्काल मदद पहुंचेगी।

### उग्रवादियों के संपत्ति की होगी कुर्क : डीजीपी

डीजीपी ने कहा कि उग्रवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम किया जा रहा है। इसे लेकर भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि उग्रवाद से अर्जित की गई संपत्ति की कुर्की जब्ती करने की तैयारी है। डीजीपी ने कहा कि उग्रवादियों को चिन्हित कर उनके मकान-दुकान सहित सारे संपत्तियों को जब्त किया जायेगा। उग्रवाद से लोगों को डराना, धमकाना और उनकी गाड़ियां जला देना, ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे लेकर एटीएस की मदद से टीम बना कर कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### अमित अग्रवाल ने जमानत याचिका दाखिल की

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला के आरोपित अमित अग्रवाल ने मंगलवार को रांची के पीएमएलए कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। जमीन घोटाला की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तार हो चुकी है।

### जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं को मैसेज भेजना शुरू किया

**रांची।** एक सितंबर से रांची के बिजली उपभोक्ताओं का स्मार्ट मीटर प्रीपेड हो जाएगा। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को मैसेज भेजना शुरू कर दिया है। इधर जेबीवीएनएल ने मैसेज भेजा है कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि जेबीवीएनएल पारंपरिक मीटर से स्मार्ट मीटर में परिवर्तन की प्रक्रिया में है। एक सितंबर से शुरू होकर आपका पहला स्वचालित बिलिंग चक्र शुरू किया जाएगा। निर्वाध संकर की सुविधा के लिए स्मार्ट मीटर उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सएप और एसएमएस से बिल जेनरेशन के संबंध में सूचनाएं भेजी जाएगी। प्रारंभिक बिलिंग के बाद मीटर प्रीषेत मोड में स्विच हो जाएगा। इस परिवर्तन से तीन दिन पहले सूचना मिलेगी कि 1912 पर जेबीवीएनएल कस्टमर केयर से संपर्क करके मीटर नंबर के साथ मोबाइल नंबर अपडेट करें।

# पिछड़ा जाति वर्ग राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद का समर्थक : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी सह जिला अध्यक्ष बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव की अध्यक्षता में अयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में पिछड़ा जाति वर्ग की बड़ी आबादी है जो परंपरावादी राष्ट्रवाद और हिंदुत्ववाद का समर्थक रहा हैं। पिछड़ा जाति मोर्चा की जिम्मेदारी है कि वे अपने वर्ग के बीच नरेंद्र मोदी सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण हेतु चलते जा रहे योजनाओं को पहुंचाए। साथ ही हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार, अराजकता, शोषण, अपराध और तुष्टिकरण के विरुद्ध आंदोलन करें। राज्य सरकार विभिन्न विभागो के कुव्यवस्था से पीड़ित नागरिकों को उसका हक दिलाए। पिछड़ा जाति मोर्चा से पार्टी को बहुत उम्मीदें है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि कोई भी दायित्व छोटा या बड़ा नही होता। भाजपा में काम का महत्व है, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी में कार्यकर्ताओ को मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठ में काम देकर उसका व्यक्तित्व विकास करती है फिर वही एक दिन संगठन का नेतृत्व करता है। इसलिए हर जिम्मेदारी को तन्मयता से निभाएं। उन्होंने 23 अगस्त युवा आक्रोश रैली, 25 अगस्त प्रधानमंत्री के मन की बात आगामी कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने विषय प्रवेश और स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओ से कहा कि राज्य सरकार के सभी विभाग भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है। जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है।



# आंदोलनरत मनरेगा कर्मचारियों ने सीएम आवास का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिछले 30 दिनों से हड़ताल पर रहे मनरेगा कर्मचारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के नेतृत्व में मनरेगा कर्मचारियों ने घेराव किया। हड़ताली मनरेगाकर्मी कई वर्षों से स्थायीकरण और वेतनमान की मांग कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष जीतेन्द्र झा ने कहा कि राज्य की अब तक की सभी सरकारों ने मनरेगा कर्मियों को ठगने का काम किया है। मनरेगा कर्मी दिन-रात एक करके निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करते हैं। बावजूद इसके सरकार उनका अर्थिक शोषण कर रही है, पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी आक्रोशित हैं। मनरेगा कर्मी मुख्यमंत्री के आवास पर तब तक डटे रहेंगे जब तक स्थायीकरण और नियमावली में सुधार कर राज्य मनरेगा कोषांग में कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिया जाने वाला ग्रेड-पे क्षेत्रीय कर्मियों के लिए लागू नहीं हो जाता। विकास पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन ने संविदा-संवाद, पार्टी के घोषणा पत्र एवं रात्रि चौपाल के माध्यम से हमारी मांगों का समर्थन करते हुए वादा किया था कि सरकार बनते ही सभी मनरेगा कर्मियों का सेवा स्थायीकरण करेंगे तथा किसी भी मनरेगा कर्मी को हड़ताल अथवा आंदोलन नहीं करना पड़ेगा मनरेगा कर्मी पिछले एक माह से हड़ताल पर हैं लेकिन मुख्यमंत्री ने एक बार भी समस्या जानने के लिए प्रतिनिधिमंडल को नहीं बुलाया है। उन्होंने यह भी कहा था कि अनुबंध और संविदा जैसे कलंकित शब्द को राज्य से खत्म कर सभी को सम्मानजनक वेतनमान देंगे। इस सरकार ने राज्य के सात लाख अनुबंध कर्मियों के साथ धोखा किया है। हम इस आंदोलन के माध्यम से हेमंत जी को याद दिलाना चाहते है कि आपने जो वादा किया था वो चुनाव से पूर्व पूरा कर दीजिए नहीं तो राज्य के मनरेगा कर्मी तथा अन्य विभागों के संविदा कर्मी आपको कतई माफ नहीं करेंगे।

## नगर विकास मंत्री ने रांची नगर निगम के कार्यों की समीक्षा की

# निगम स्तर की सभी लंबित योजनाओं को ससमय पूरा करें : हफीजुल हसन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निगम स्तर के सभी पेंडिंग योजनाओं को ससमय पूरा करें। धरातल पर योजनाओं को उतारने के लिए तीव्र गति से कार्य करें। रांची नगर निगम सबसे महत्वपूर्ण नगर निगम है। क्योंकि, यह राज्य की राजधानी और रांची शहर की स्वच्छता एवं विकास पर ध्यान देती है। इसलिए इस निगम के अन्तर्गत सभी योजनाओं को पूरा करें। यह निर्देश नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन ने रांची नगर निगम के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को दिया। हसन ने कहा कि राजधानी रांची के नागरिकों को बेहतर सुविधा किस प्रकार प्रदान की जाए, इसपर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में स्वच्छता को प्राथमिकता देनी होगी। बारिश में नालियां जाम न हों, पथ, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त रहें। यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निदान त्वरित गति से होना चाहिए। आम लोगों की समस्याओं का निदान ससमय हो, यह सुनिश्चित करें। मौके पर नगर आयुक्त संदीप सिंह ने कहा कि कैपिटल सिटी के विकास के लिए सभी पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ काम करने की आवश्यकता है। रांची नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए निगम स्तर के सभी सिविल वर्क्स को समय सीमा के अंतर्गत पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बैठक के दौरान प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 15वें वित्त आयोग, टाउन प्लानिंग, पीएमएवाई, लाइट, आईटी, डे-एनयूएलएम, ट्रांसपोर्ट, हेल्थ, इनफोर्समेंट, वाटर सप्लाई एवं अन्य शाखाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर संयुक्त सचिव ज्योत्सना सिंह, अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सभी सहायक प्रशासक, पीएचईडी के प्रतिनिधि, सभी नगर प्रबंधक, सभी नगर नगर अभियान प्रबंधक, अभियंतागण एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।



### बैठक में मंत्री ने ये निर्देश भी दिए

- शहर में ड्रेनेज या जलापूर्ति योजना के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सड़कों को ससमय दुरुस्त करें ताकि आम लोगों को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।
- रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी वेलनेस सेंटरों का संचालन सुचारू रूप से करें ताकि मरीजों का इलाज बेहतर तरीके से हो सके।
- शहरी क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइट की मरम्मत कराएं।
- झिरी डंप यार्ड के कचरा निस्तारण प्रक्रिया में गति लायें।

### हरियाणा संघ ने चलाया सदस्यता अभियान

**रांची।** हरियाणा संघ ने संचालन समिति गठित कर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। हरियाणा संघ द्वारा कई सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा होली के अवसर पर कवि सम्मेलन किया जाता रहा है। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता जारी रखने के लिए महाराजा अग्रसेन भवन सभागार में बैठक बुलाकर सर्वसमति से निर्णय लिया कि हरियाणा संघ में अधिक से अधिक संख्या में आजीवन सदस्य बनाए जाएं। संघ के 50 से अधिक सदस्यों की मौजूदगी में चर्चा और परिचर्चा के बाद सभा की सहमति से रमेश चंद्र शर्मा और विनोद जैन के नेतृत्व में 11 सदस्यों की संचालन समिति का गठन किया गया और निर्णय लिया गया कि 31 अगस्त तक अधिक से अधिक आजीवन सदस्य बनाकर सितंबर माह में कार्यसमिति का चुनाव कराया जाए। इस निमित मंगलवार को श्री मारवाड़ी ब्राह्मण भवन सभागार में संचालन समिति द्वारा आयोजित बैठक में 100 से अधिक हरियाणा के लोगों ने आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय मंत्री से मिले राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की एवं झारखंड में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की।

### सीएम, डीजीपी व स्पेशल ब्रांच के एडीजी के खिलाफ दायर याचिका वापस




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी और स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर परेशान करने का आरोप लगाने वाली हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब यह रिट याचिका दाखिल की गई थी उस समय मामला पुलिस अधिकारी रूपा तिर्की की सुसाइड से संबंधित था। यह मामला अब क्लोज और पुराना हो चुका है। इसलिए याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस ले लेनी चाहिए। इसके आलोक में याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। याचिकाकर्ता अधिवक्ता राजीव कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के डीजीपी एवं स्पेशल ब्रांच के एडीजी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके द्वारा उन्हें कोलकाता में कैश कांड में फंसाया गया है। स्पेशल ब्रांच के एडीजी के द्वारा पुलिस कर्मियों के माध्यम से उनकी निगरानी की जा रही है और उनकी गतिविधियों की मॉनिटरिंग हो रही है। इससे उनकी प्राइवेसी भंग हो रही है। इसे देखते हुए स्पेशल ब्रांच के एडीजी के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

### तमजीद अंसारी हत्याकांड : मुन्ना बंगाली और शाहजादा को उम्रकैद की सजा

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने तमजिद अंसारी हत्याकांड के दोषियों मुन्ना बंगाली और मोहम्मद सहजादा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों दोषियों पर 10 हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुर्माना की राशि नहीं देने पर दोषियों को छह महीने की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। इस केस का दोषी मुन्ना बंगाली 29 मई 2018 से लगातार जेल में ही है। दरअसल 19 मई 2018 को हिन्दपीढ़ी निवासी तमजीद अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के बेटे रहमान अंसारी ने हिन्दपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी आज आएंगे जमशेदपुर



**रांची।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ. अशोक चौधरी 21 अगस्त को रेल मार्ग से जमशेदपुर पहुंचेंगे। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने मंगलवार को बताया कि डॉ अशोक चौधरी जमशेदपुर के माइकल जॉन स्टेडियम में आयोजित जदयू मिलन समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो, विधायक सरयू राय भी उपस्थित रहेंगे। जमशेदपुर स्टेशन में जदयू कार्यकर्ता डॉ अशोक चौधरी का स्वागत करेंगे।

### आपराधिक घटना की जिम्मेवारी थाना प्रभारी पर होगी : झारखंड हाईकोर्ट

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण की हत्या मामले को झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता और रांची एसएसपी चंदन सिन्हा को तलब किया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में यह दोनों अधिकारी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। डीजीपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले के दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें से एक अपराधी रोशन मुंड और दूसरा संदीप है। कोर्ट ने डीजीपी को मृतक अधिवक्ता के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मामले का अनुसंधान जल्द पूरा कर याचिक दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि कांके थाना क्षेत्र में बीते दिनों विशेष शाखा में पदस्थापित अनुपम कच्छप की अपराधियों ने हत्या कर दी थी।? रांची में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है उसपर अंकुश लगाने की जरूरत है।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने सम्मान समारोह का किया आयोजन



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस भवन रांची में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राजीव गांधी के तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया। इसके बाद दीप प्राज्ज्वलित कर और केक काट कर महिलाएं संकल्प ली। राजीव गांधी की ओर से शुरू किया गया पंचायती राज के तहत आज पंचायत स्तर पर निर्वाचित महिलाएं समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए राह पर अग्रसर हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज एवं महिला कांग्रेस के बहनों ने राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आये पंचायती राज से निर्वाचित महिलाओं को अंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन रांची जिला ग्रामीण महिला अध्यक्ष मेरी तिर्की ने की और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह ने की। सम्मान समारोह कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80वीं जयंती पर पंचायती राज्य का ही देन है जिसके तहत आज महिलाओं को आरक्षण मिला है। इस कारण पार्षद और मुखिया महिलाओं की भागीदारी है। पार्षद डॉ सजदा खातुन, पार्षद किरण देवी, सहिया तारा देवी, वार्ड सदस्य बेरोनिका कच्छप, वार्ड सदस्य मिना देवी, वार्ड सदस्य उषा उरांव को मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# एक नजर

## गिद्दी रामजी पोल ट्रांसफार्मर जलने से सैकड़ों क्वार्टर अंधेरे में

**गिद्दी।** गिद्दी रामजी पोल स्थित ट्रांसफार्मर जलने से पोस्ट ऑफिस कॉलोनी और दुर्गा मंडप कॉलोनी के सैकड़ों क्वार्टर 24 घंटा से अंधेरा में है। जिससे कॉलोनी में रहने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कर्मियों ने बताया रविवार को शाम में रामजी पोल स्थित ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसे रविवार को रात तक बनाने की कोशिश की गई पर नहीं बन सका। जिसके कारण उक्त ट्रांसफार्मर से जुड़ा पोस्ट ऑफिस कॉलोनी और दुर्गा मंडप कॉलोनी के सैकड़ों क्वार्टर में 24 घंटा से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली कर्मियों ने बताया दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाया गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर लगने के बाद ही उक्त कॉलोनी में बिजली आपूर्ति शुरू हो पाएगा।

## युवकों के अपहरण में भुरकुंडा में अज्ञात अपहर्ताओं के विरुद्ध दर्ज हुआ है केस

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा से लापता हुए फोटोग्राफरों के मामले पर पुलिस ने अज्ञात अपहर्ताओं के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस बात की पुष्टी भुरकुंडा थाना प्रभारी ने की है। पीड़ित फोटोग्राफर विक्की साव की पत्नी सरिता देवी के आवेदन पर मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान कर रही है। इसी दौरान 17 अक्टूबर की रात दोनों फोटोग्राफरों के सकुशल वापस लौट आने के बाद पुलिस के अनुसंधान को दिशा मिली है। फोटोग्राफरों के लौटने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस पांच दिन और चार रात अपहरणकर्ताओं की चंगुल में रहने के बाद रिहा हुए फोटोग्राफर विक्की साव और शानू राणा से लगातार पूछताछ कर रही है। इस क्रम में रविवार को रात तकरीबन 9 बजे तक पुलिस ने दोनों से पूछताछ की, जहां दोनों ने एक ही कहानी को कई बार रिपीट किया।

## दुर्गा मंडप की स्थापना के 125वे वर्षगांठ के अवसर पर होगा भव्य डांडिया का होगा आयोजन

**दारु।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति दारु इस वर्ष अपनी स्थापना का 125 वा वर्षगांठ भव्य ढंग से मनाया जायेगा। इस सम्बन्ध मे एक अति आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष भैया संतोष कुमार सिन्हा के आवास पर किया गया जिसकी अध्यक्षता भैया कृपानंद प्रसाद ने किया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा का प्रारंभ वर्ष 1899 ईस्वी मे भैया बैजनाथ सहाय और उनके कुछ सहयोगियों द्वारा किया गया था। यहां पर तभी से लगातार हर वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बार 125 वर्ष पुरा होने के मौके पर अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मंडप को भव्य स्वरुप प्रदान करते हुए दूसरे तल्ला की ढलाई किया जायेगा। पूजा का इस बार मुख्य आकर्षण डांडिया कार्यक्रम होगा जिसकी तैयारियां अभी से ही प्रारंभ किया जा रहा है। भव्य पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा भी इस वर्ष देखने लायक रहेगा।

### मृतक के परिजनों को सड़क निर्माण कंपनी ने दिया डेढ़ लाख का मुआवजा

# प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से हटाया गया जाम



*सड़क निर्माण एजेंसी से बातचीत कर एक लाख पचास हजार रूपए दोनों मृतक के परिवारों को सहयोग राशि देने पर सहमति बनी*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के जीटी रोड स्थित कोनहरा खुर्द में बीते शाम को धरगुली (बगोदर) निवासी अमरनाथ चरण सिंह 21 वर्ष तथा वीरेंद्र बख्श राय 51 वर्ष (चाचा-भतीजा) को सड़क निर्माण कंपनी राजकेशरी कंट्रक्शन की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। तत्पश्चात आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी के विरोध में सड़क को घंटों जाम कर दिया। इस निमित रात को अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश भोगता समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद,कलीम खान, जेएमएम नेता यासीन खान, मोइन अंसारी, कासिम अंसारी धरगुली मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश यादव समेत सैकड़ों ग्रामीणों के सहयोग से सड़क जाम की हटाया गया था। मंगलवार को स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया तथा सड़क निर्माण एजेंसी से बातचीत कर एक लाख पचास हजार रूपए दोनों मृतक के परिवारों को सहयोग राशि देने पर सहमति बनी। इस समझौते को स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सहयोग किया तथा कंपनी के कर्मचारियों को हिदायत दी गई की अगर सुरक्षा और निर्माण में कोई लापरवाही दुबारा घटी तो कंपनी को पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा।

### निःशुल्क दांत व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# शिविर में कुल 187 मरीजों ने उठाया लाभ : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**हजारीबाग।** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं श्रीनिवास अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एनटीपीसी चट्टी बरियातु के सहयोग से केरेडारी पंचायत भवन में दिन मंगलवार को निःशुल्क दंत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ नेत्र एवं रक्त परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश, टूथ पेस्ट एवं दवा वितरण किया गया। शिविर का कुल 187 मरीजों ने लाभ उठाया। डॉक्टरों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। हजारीबाग डेंटल कॉलेज डेमोटांड के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि हजारीबाग डेंटल कॉलेज का उद्देश्य कम लागत में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। शिविर के मरीजों के दांतों की सफाई जैसे बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है और इसके लिए अन्य इलाज में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी डेंटल कॉलेज परिवार की कोशिश है कि निशुल्क शिविर का लाभ जन- जन तक पहूंचे तथा इससे हर जरूरतमंद लाभान्वित हो। डेंटल कॉलेज के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. निशाद गवली और डॉ. सोम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर में प्रशिक्षु डॉ. शैली, डॉ. देचेन, डॉ. दीपांशु, डॉ. सोनाली, डॉ. शशि, डॉ. राकेश के अलावे विभागीय कर्मचारी राजकुमार दास और पुष्पा कुमारी ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी।

# न्यूज बॉक्स

## कार व बाइक में जोरदार टक्कर में बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चुगलामो के सिमरिया जंगल स्थित कार और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक की पहचान कन्हैया राणा 55 वर्ष पिता लोको राणा के रूप में हुई। हालांकि इस घटना में उनकी पत्नी 51वर्षीय सुमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक कर उसे सदर रेफर कर दिया गया। प्रतक्ष्यदर्शियों ने बताया की क्रेटा कार जेएच02बी क्यू 4774 ने बाइक संख्या जेएच10बीजी 8146 पर टक्कर मारने से हादसा हुई। वहीं पुलिस ने वाहनों को जब्त कर लिया। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार ने बरकट्ठा विधान सभा से पेश की दावेदारी



**बरकट्ठा।** विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक दल के सक्रिय नेता अपना दावा प्रस्तुत करने लगे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जो वर्तमान में प्रदेश प्रवक्ता सह हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार हैं, उन्होंने बरकट्ठा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के तरफ से अपनी उम्मीदवारी पेश की है। डॉक्टर प्रकाश ने बताया कि इंडिया गठबंधन की तरफ से बरकट्ठा में कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की संभावना है।मेरे कार्यों तथा कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठा एवम मेरे जनाधार को देखते हुए संगठन गंभीर है। उल्लेखनीय है डॉ कुमार अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। ये प्रसिद्ध शिक्षाविद है जो हजारीबाग में पाणिनी आईएएस अकादमी के निदेशक हैं ।इनके द्वारा पढ़ाए गए हजारों छात्र आज सरकारी पदों पर कार्यरत हैं।इनके पिता मणिलाल चौधरी हार्डकोर कांग्रेसी हैं। दशकों से कांग्रेस पार्टी में रहकर निष्ठा पूर्वक इन्होंने कार्य किया है ।इसी परंपरा को उनके पुत्र डॉक्टर प्रकाश कुमार आगे बढ़ा रहे हैं।बताया कि इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रत्याशी बनाए जाने पर चुनाव बेहद दिलचस्प और रोचक हो जाएगा ।अब देखना है कि कांग्रेस पार्टी इन सभी सामाजिक समीकरणों को कितना मूल्यांकन करती है।

## रक्षाबंधन व संस्कृत दिवस एक साथ मनाया गया



**रामगढ़।** रक्षाबंधन और संस्कृत दिवस एक साथ प्रतिमा कश्यप सदन प्राचीन शिव मंदिर कैथा गोला रोड रामगढ़ में मनाया गया । इस अवसर पर बहनों ने भाई के हाथ पर राखी बांधी ।इसके उपरांत संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने कहा की संजोग ऐसा है कि रक्षाबंधन और संस्कृत दिवस एक दिन हो रहा है या भारतीय संस्कृति और भारतीय परंपरा के कारण ही तो है। इसलिए हम लोगों को हम सभी को अपने भारतीय संस्कृति पर गर्व करनी चाहिए। भारतीय परंपरा जो सदियों से चलते आया है इसे बचाए रखने के लिए हमारे भारतीय ग्रंथ को पढ़ना बहुत जरूरी है, जानना जरूरी है, अपने परिवार को पढ़ना जरूरी है ।मौके पर कुमारी प्रतिमा, संगीता कुमारी, केदार कुमार महतो,शिवानी कुमारी,शिवम कुमार, ईशा उमंग, हर्ष आनंद तेजस्वी सहित कई लोगों उपस्थित रहे । अंत में सबों ने अपनी भारतीय परंपरा भारतीय संस्कृति को बचाए रखने का संकल्प लिया।

### स्कूल रास्ते विवाद को लेकर स्थल पर पहुंचे पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि

# बंद रास्ते को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहराकला के बंद रास्ते को लेकर पदाधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सीओ श्रवण कुमार झा, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता, अंचल निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, मुखिया अब्बास अंसारी, समाजसेवी दर्शन सोनी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी ने किया। वहीं बंद रास्ते को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखी गई। मौके पर अतिक्रमणकारी इसरैल मियां ने कहा कि मुझे मेरे कागजात के अनुसार जमीन मापी कर दिया जाय। शेष बचे जमीन पर कब्जा करना मेरा कोई अधिकार नहीं है। वहीं सीओ श्रवण कुमार झा ने कहा कि आवेदन प्राप्त होने पर भूमि की मापी कर समस्या समाधान किया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, पूर्व पंसस प्रतिनिधि छोटी दास, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, रहमत अंसारी, सहायक शिक्षक तुलसी प्रजापति, शिक्षिका चम्पा देवी,चायना देवी, सरिता देवी, राजकुमार यादव, मुकेश सोनी, हसमत अंसारी, बंधन महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### 23 अगस्त को भाजयुमो का युवा आक्रोश रैली

# हजारीबाग से 20 हजार भाजपा कार्यकर्ता रैली में होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार और हेमंत सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी 23 अगस्त को झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में आयोजित युवा आक्रोश रैली को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय की अध्यक्षता में सांसद सेवा कार्यालय परिसर में एक प्रेस- वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग भाजपा संगठन प्रभारी अशोक उपाध्याय,
हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय ने बताया कि भाजयुमो के बैनर तले संपूर्ण झारखंड से लाखों युवा 23 अगस्त को रांची पहुंचेंगे और सीएम हाउस का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया की हजारीबाग के युवा भी इस युवा आक्रोश रैली को लेकर खासे उत्साहित हैं और हेमंत सरकार द्वारा युवाओं को किए गए वादा पूरे नहीं होने से खफा युवा हुंकार भरने और आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सरकार को हटाने को तैयार हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की राज्य की हेमंत सरकार ने युवाओं को ठगा है, छला है। राज्य सरकार द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई है वह सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। नामकुम जेई एग्जाम के भ्रष्टाचार के जो मास्टरमाइंड है उसको अभी तक सरकार गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आंगनबाड़ी सेविका, सहायक शिक्षक, सहायक पुलिसकर्मी अभी भी आंदोलन कर रहे हैं। चुनाव के समय किए गए वादों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार बनते ही पहले 5 लाख सरकारी नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास जब तक नौकरी नहीं तब तक 5000- 7000 का बेरोजगारी भत्ता के वादे को भी अभी तक राज्य सरकार पूरा नहीं कर पाई। 5 लाख नौकरी कहकर अबतक महज 12.5 हजार नौकरी ही दिया गया है, बेरोजगारी भत्ता के रूप में अबतक एक पैसा भी किसी भी व्यक्ति नहीं मिला है।

## श्रावण की अंतिम सोमवारी पर बुढ़वा महादेव मंदिर में बही भक्ति की बयार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढ़वा महादेव स्थित मां वैष्णव मंदिर प्रांगण में भक्ति गीत- संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में चंदन कुमार चौबे के नेतृत्व में रागा म्युजिकल ग्रुप के छात्रों ने गिटार सहित अन्य वाद्ययंत्रों के साथ भक्ति गीतों का समा बांध दिया। इस दौरान संस्थान द्वारा महा भोग प्रसाद का वितरण भी किया गया। एसएल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्मिला गुप्ता ने प्रसाद वितरण की शुरूआत की। जिसमें एक हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता ने कहा कि भक्ति कार्यक्रम से सावन के महीने में जीवन में अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है। सावन का मास पावन होने के साथ हर दिन शुभकारी होता है ।उन्होंने भगवान भोलेनाथ से सभी के लिए सुख एवं शांति की मंगल कामना की। मौके पर सोहन गुप्ता, पूर्वी गुप्ता, मनीषा गुप्ता, प्रिया नंदनी, उद्दी राज, काव्य, सहयोगी सुमित सोंधी उर्फ रिंकू सोंधी, माणिक चक्रवर्ती, विशाल वर्मा एवं आद्विक गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोरचे सरना स्थल में पूर्व मुखिया ने लगाए 30 पौधें

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के कोरचे सरना स्थल में सोमवार को रक्षा बंधन के शुभ दिन आदिवासी बंधुओं संग मिलकर पूर्व मुखिया शैलेश चौधरी व समाजसेवी श्रीकांत सिंह ने 30 फल दार पौधे लगाए। इस दौरान पूर्व मुखिया ने बताया कि सरना स्थल की पूरी जमीन पेड़ पौधा नहीं होने के कारण बंजर पड़ा हुआ था। आदिवासी बंधुओं ने मिलकर सरना स्थल को हरा भरा रखने के लिए पौधा लगाने की मांग की। उन्होंने आदिवासी बंधुओं की मांग पर नर्सरी से पौधा मंगाया और सभी के सहयोग से पौध रोपण किया और आदिवासी बंधुओं को निगरानी की जिम्मेवारी सौंपी। जबतक पौधे बड़े नहीं हो जाते पौधों को जानवरों से बचाना जरूरी है। पूर्व मुखिया ने बताया कि बरगद, पीपल, नीम के पौधे शुद्ध ऑक्सीजन के लिए, जबकि फल के लिए कई फलदार पौधे लगाए गए हैं। कई लोग पौधा तो लगा देते हैं। लेकिन देखरेख नहीं करते और नतीजा यह होता है कि पौधों को या जानवर खा जाते हैं या पानी के अभाव में मर जाता है।

## कांग्रेसी नेता ने हजारीबाग सदर विस क्षेत्र से पेश की उम्मीदवारी की दावेदारी



**हजारीबाग।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कल हजारीबाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में सदर विधानसभा सीट से अपनी दावेदारी का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव समेत दल के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ।मुन्ना सिंह हजारीबाग सदर से आगामी चुनाव के लिए एक प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं, और वह कई वर्षों से समाजसेवी के रूप में भी क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं ।उनपर क्षेत्र की जनता का गहरा विश्वास है, और लोग उन्हें हजारीबाग सदर से विधायक के रूप में देखना चाहते हैं ।इस बाबत मुन्ना सिंह ने बताया कि एक जनप्रतिनिधि के तौर पर क्षेत्र की सेवा करने का यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मैं पूरी निष्ठा से कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ाने और हजारीबाग के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं ।उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता हजारीबाग क्षेत्र के जनहित के मुद्दों को हल करने पर रहेगी, जिसमें स्थानीय विकास, रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताएं शामिल हैं। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने मुन्ना सिंह की दावेदारी का स्वागत करते हुए उन्हें अग्रिम शुभकामनाएं दीं है ।इस दौरान मुन्ना सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों से आगामी चुनाव में एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, लोकसेवा हमारी परंपरा है, और इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

## पुल के पास से पानी में तैरते एक शव को पुलिस ने किया बरामद



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के पैंकी पुल के नीचे पानी में तैरते एक शव को पुलिस ने बरामद किया। बाद में पंचनामा करते हुए अंत्यपरीक्षण कराकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि बूढ़ाखाप से अशोक सिनेमा मार्ग पर स्थित पैंकी पुल के नीचे सुबह टहलने के दौरान ग्रामीणों ने पानी में एक शव को तैरते देखा। इसके बाद इसकी सूचना कुजू पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। शव की पहचान नईसराय निवासी थॉमस (40 वर्ष) पिता स्व जोहन मुंडा के रूप में हुआ। वहीं मौके पर पहुंचे थॉमस के परिजनों ने बताया कि वह सोमवार से लापता था। साथ ही अत्यधिक शराब का आदी था। लोगों ने आशंका व्यक्त किया कि अत्याधिक शराब पीने के वजह से नीले पानी गिरने से उसकी मौत हुई होगी।

## कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बरही विस क्षेत्र से उम्मीदवारी का किया दावा



**बरही ।** कुछ ही दिन में झारखंड में चुनावी शंखनाद होने है. ऐसे में राजनीतिक पार्टियों और नेताओ के दावे और वायदे भी जनता के बीच सामने आने लगे है. कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव को बरही विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लडने की इच्छा जाहिर किया है. इस संबंध में सोमवार को उन्होंने जिलाध्यक्ष को अपनी दावेदारी हेतु पत्र भी सौपा है. दूरभाष पर जानकारी देते हुए श्री पासवान ने बताया कि बरही में बदलाव के बयार बह रहे है. इस बार यहां की जनता स्थानीय नेता को मौका देना चाहती है. उन्होंने बताया कि बीते दो दशक से भी अधिक समय से वह पार्टी के बाफादार कार्यकर्ता के रूप में संगठन का कार्य किया है. आला कमान ने उन्हें एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की भी जिम्मेवारी सौंपी है. हर संभव उन्होंने पार्टी हित के लिए कार्य किया है. बरही विस क्षेत्र ने दलित , हरिजन की संख्या बहुतायत में है. ऐसे में इस क्षेत्र से एससी सेल का नेता होना आवश्यक है. पूर्ण विश्वास है कि पार्टी उनकी भावनाओ को समझेगी और एक बार अवश्य मौका देगी.

## श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष ने किया जर्जर मार्ग का निरीक्षण



**हजारीबाग।** बरसात के मौसम में शहर के कई इलाकों में जल जमाव की समस्या है ।इसी समस्या से शहर का पगमिल क्षेत्र जूझ रहा है जहां हजारीबाग से चतरा जाने वाले मुख्य मार्ग पर लगभग 200 से 300 मीटर तक घुटने भर पानी का जल जमाव है जिसे लेकर कई बार कई समाजसेवी ने आंदोलन भी किया है लेकिन जिला प्रशासन एवं नगर निगम के द्वारा अभी तक इस पर कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है तथा जल जमाव की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। मंगलवार को श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह भी पगमिल के उस स्थल पर पहुंचे जहां जल जमाव की समस्या बनी हुई है वहां के लोगों से स्थिति के बारे में जानकारी ली ।स्थानीय लोगों में इसे लेकर काफी नाराजगी थी और उनका कहना था कि इस सड़क से इस जिले के प्रभारी मंत्री एवं राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता अक्सर गुजरते हैं परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं किया ।इसी के निराकरण के लिए संजय कुमार सिंह स्थानीय राजद नेता संजर मालिक एवं स्थानीय लोगों के साथ हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से मुलाकात कर उन्हें इस समस्या से अवगत कराया।

**अनुरोध**

### युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक संपन्न

# चुनाव के समय हेमंत सोरेन ने जो वादे किए थे पूरा नहीं किया : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** अगामी 23 अगस्त को रांची में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए विधायक अमित कुमार यादव के आवासीय कार्यालय में भाजपा बरकट्ठा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव और संचालन प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष टिंकू प्रसाद ने किया। बैठक में रैली को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर गई है। आज झारखंड में बिना कमीशन का कोई कार्य नहीं होता है ।कहा कि चुनाव के समय हेमंत सरकार ने जो वादे किए थे ,आज तक पूरा नहीं की। सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया गया है। इस बार झारखंड की जनता ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। बैठक में बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, वरिष्ठ भाजपा नेता समन ठाकुर, कुलदीप पाण्डेय, टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार मंडल, अशोक कुमार गुप्ता, दिपक राणा, बिंदु सोनी, द्वारिका पासवान, मुकेश यादव, जीवन यादव, प्रताप सिंह, बिरेंद्र मेहता, राजेन्द्र यादव, राजकुमार यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक की पहल पर दिवंगत अजय कुमार का शव लाया गया सिमडेगा

**केरसई।** प्रखंड के भंडारटोली निवासी अजय कुमार की सोमवार की रात रिम्स रांची में ईलाज के दौरान निधन हो गया। अजय कुमार के निधन की सूचना सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा को उनके कार्यकर्ताओं का माध्यम से मिली। वहीं दिवांगत अजय कुमार के सुपुत्र ने फोन के माध्यम से विधायक भूषण बाड़ा से संपर्क किया। इस पर विधायक ने अजय कुमार के निधन पर दुख व्यक्त किया। साथ ही इस दुख की घड़ी में उनके पुत्र व परिवार के साथ खडा रहने का अस्वाशन दिया। वहीं परिजनों को हिम्मत से काम लेने का ढांढ़स बंधाया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। दिवंगत के बेटे ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। शव को घर ले जाने के लिए भी उनके पास पैसे नहीं है।

### डीसी ने की ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग की बैठक की गई। बैठक में मनरेगा कार्य में लगे श्रमिक, ठोस, तरल, कचरा प्रबंधन, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट पिट,एरिया आफिस एप्प के साथ समीक्षा की गई।अबुआ आवास 2023-24 के द्वितीय किस्त का भूगतान करने, लंबित मामलों के निबटारा करने का निर्देश दिया गया।असफल भुगतान पर ध्यान देने का निर्देश दिया। वर्तमान वितीय वर्ष 2024-25 के लाभुकों का निबंधन,उनके दस्तावेजों आधार,पासबुक, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि को अपलोड करने से संबंधित समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना के लाभुक तक ग्रामों में कैम्प लगाकर संतृप्त किया जाएंगे।कोई भी आदिम जनजाति परिवार न छूटे।आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, जॉब कार्ड, आधार सहित अन्य से संतृप्त होंगे । कुल 88 चिन्हित ग्रामों में कैम्प लगाए जाएंगे।

### आदिवासी समाज की बैठक में हॉकी प्रतियोगिता कराने का लिया गया निर्णय

**बानो।** प्रखण्ड के हुरदा बाजार कॉम्प्लेक्स में क्षेत्र के पाँच पंचायत के आदिवासी समाज की बैठक जॉन कंडुलना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बालक, बालिका हॉकी मैच का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम संचालन के लिए कमिटी का गठन किया गया। जिसमें कामिल डांग अध्यक्ष, जॉन कंडुलना को उपाध्यक्ष, अगसेरेंन गुड़िया व ग्लैडसन तोपनो सचिव तथा तुरतन गुड़िया को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रत्येक पंचायत से एक एक व्यक्ति को रखा गया। जिसमे अल्बर्ट गुड़िया, सिमोन लुगुन ,उपन बागे ,मसीह बरजो ,पतरस डांग, सुघड़ गुड़िया, सिप्रियन सुरीन को चयनित किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक पंचायत से दो टीम देना अनिवार्य है।

भाजपा की पूर्व विधायक विमला प्रधान ने राज्य सरकार पर कसा तंज, कहा

# झारखंड के युवा हेमंत सोरेन सरकार को गद्दी से करेंगे बेदखल

*राज्य में कोई भी वैकेंसी निकलती है उस पर बाहरी लोगों का हो रहा है कब्जा*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

भाजपा युवा मोर्चा सिमडेगा के बैनर तले भाजपा जिला कार्यालय में आगामी 23 अगस्त को राजधानी रांची में युवा मोर्चा के तत्वाधान में होने वाले आक्रोश रैली को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर पूर्व विधायक विमला प्रधान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में जिस उम्मीदवार विश्वास के साथ युवाओं ने हेमंत सोरेन को सत्ता की बागडोर सौंप थी उसके विपरीत आज राज्य की हालत हो गई है ।जहां पर 5 लाख नौकरी देने की बात कही गई थी, इसके अलावा नौकरी नहीं मिलने तक युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बात कही थी, लेकिन यहां पर युवाओं को लाठी बरसाया जा रहा है। आज आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, जल सहिया, पारा शिक्षक, पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक सभी वर्ग के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं और उनकी मांगों को अनसुनाकर सत्ता के नशे में चूर होकर हेमंत सोरेन तानाशाही रूप अपनाते हुए युवाओं पर लाठी चार्ज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राज्य में कोई भी वैकेंसी निकलती है और बाहरी लोगों का कब्जा हो रहा है इससे साफ जाहिर हो रहा है कि झारखंडी हितों की बात करने वाले झूठी सरकार बाहरी लोगों को नौकरी देने पर लगातार आगे आए हुए हैं और यहां के युवा बाहर पलायन करने पर विवश है। अन्य राज्यों में स्थान युवाओं को प्राथमिकता मिलती है लेकिन इस राज्य में बाहर से आकर लोग नौकरी कर रहे हैं। जेपीएससी हो या फिर जेएसएससी सभी जगह पर धांधली हो रही है यहां तक की परीक्षा होने के बाद युवाओं के भावनाओं के साथ खेला जा रहा है। आज राज्य में हर तरफ हाकर का माहौल है ऐसे में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सड़क से लेकर सदन तक आगामी 23 अगस्त को राजधानी रांची में उग्र प्रदर्शन करेगी जिसके लिए राज्य के सभी 24 जिला से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राजधानी रांची जाएंगे।

## मोर पुलिस,मोय पुलिस के तहत चार दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन



**बानो।** बानो सर्किल के महाबुवांग पुलिस के तत्वावधान में 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत चार दिवसीय बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुआ। बालक वर्ग में सुमिंगबेडा व कटिका की टीम के बीच मैच खेला गया, जिसमें सुमिंगबेडा की टीम 1-0से विजयी रही।बालिका हॉकी प्रतियोगिता में गट्टीबान्दू व ओल्हान के बीच खेला गया जिसमें ओल्हान की टीम 1-0 से विजयी रही।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने सेमी फाइनल में उतरे चारों टीम के खिलाड़ियों को जर्सी प्रदान किया।मौके पर उन्होंने कहा -आज हमारा जिला पूरे भारत में हॉकी के खिलाड़ियों का जिला के रूप में जाना जाता है।आप भी अपना खेल का बेहतर प्रदर्शन कर अपना जीवन संवार सकते हैं। आज भी अपना बानो प्रखण्ड के कई खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों से खेल के माध्यम से अपने जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।वहीं प्रखण्ड प्रमुख सुधीर डांग ने कहा हॉकी का खेल अपना घर का खेल है।खेल में हार जीत होती रहती है।खेल को खेल की भावना से खेलें। प्रतियोगिता के दोनों विजेता टीमों को मेडल व शील्ड प्रदान किया गया।मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एस आई कमल कच्छप, सिम्हातु मुखिया लॉरेंस बागे, विश्राम बाखला, संदीप समद आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अबुआ आवास को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में अबुआ आवास योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक की गई। बैठक में अबुआ आवास योजना के,वर्तमान वितीय वर्ष 2024-25के लाभुकों की सूची का जनप्रतिनिधियों के अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराया गया।सभी सदस्यों को सूची का सत्यापन कर एक सप्ताह में अयोग्यों को चिन्हित करते हुए अवगत कराने का आग्रह किया गया।इस वितीय वर्ष में कुल टारगेट 10682 है जिसे जिले की बनी एवं ग्राम सभा हुए सूचि में योग्य एवं अयोग्य को चिन्हित करना है।योग्यता के मापदंडों से इतर अयोग्यों का सत्यापन कर उन्हें सूची से हटाने का कार्य किया जाएगा।साथ ही योग्यों का निबंधन,उनके दस्तावेजो को अपलोड करने से संबंधित आवश्यक कार्य चलते रहेंगे।। अगर बाद में भी अयोग्य की पहचान होती है तो उसपर सत्यापन करते हुए कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप दोराईबुरु,अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की,विधायक प्रतिनिधि समीम ,डेविड तिर्की सहित संबंधित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**ठेठईटांगर।** थाना मुख्यालय के ब्लॉक मैदान में होने वाले सीजन 3 डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आज अपराह्न 3:00 बजे होगा।उद्घाटन मैच एफसी झारखंड लांयन बनाम जेडीसी कुंवारमुंडा के बीच ब्लॉक मैदान में खेला जाएगा।समिति के अध्यक्ष मोहम्मद कम मो० क्यूम जानकारी देते हुए बताया संभावना है मुख्य अतिथि नमन विक्सल कोंगाड़ी होगे।प्रतियोगिता में 16 टीम में भाग ली है। सभी मैच रांची के रेफरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नियम से खेलाया जाएगा।

### अज्ञात युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग थाना क्षेत्र के गट्टीबान्दू पुजार टोली के पास पुलिस को एक अज्ञात शव मिला है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने गट्टीबान्दू पुजार टोली के पास के नाला के पास एक शव देखा गया ।इसकी जानकारी महाबुवांग थाना को दी गई। जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार घटना स्थल पर जा कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि शव अज्ञात युवक की है।आस पास के लोगो से पहचान कराने की कोशिश की गई परन्तु युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विधान सभा निर्वाचन को लेकर चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में फॉर्म 6 की समीक्षा करते हुए कहा गया कि किसी भी बूथ में 5 से कम नहीं रहना चाहिए।साथ ही सभी बूथों में अनुपातिक समानता पर विशेष कार्य किये जायें।बी एल ओ तथा सुपरवाइजर के कार्यो को देखकर बीडीओ स्वयं वैसे बूथों पर जाएं। साथ ही फॉर्म 7 एवं फॉरम 8 का सत्यापन बूथवार कर रिपोट करें। वैसे हर बीएल ओ को सेंसेटीज करें ताकि कोई नए मतदाता जिनकी उम्र 1 जुलाई 2024को 18 वर्ष हो चुकी है,वे छूटे नहीं।आज की बैठक में उपविकास आयुक्त संदीप दोराईबुरु,उपनिर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार ,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### तलमंगा गांव में भारी बारिश से दो किसानों का घर हुआ ध्वस्त



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के तलमंगा गांव में रविवार रात्रि को भारी बारिश के कारण दो गरीब किसानो का घर गिर गया । घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखण्ड के तलमंगा स्कूल टोली गांव में इलियास टेटे एवं तलमंगा बस्ती में कुंवारी केरकेट्टा का घर भारी बारिश से गिर गया । बताया गया कि पिछले कई दिनों से लगातार बारिश होने से दो गरीब लोगों का घर गिर गया । जिससे उन्हें रहने के लिए काफी परेशानी हो रही है । बारिश के कारण गजर में रखे अनाज एवं खाद्य सामग्री भी बर्बाद हो गया।ग्रामीण इलियास टेटे एवं कुंवारी केरकेट्टा ने नुकसान की सहायता राशि एवं मकान दिलाने की मांग जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से किया है ।

### अपने व्यक्तित्व का विकास अच्छी पढ़ाई के साथ अच्छा इंसान बन कर करें : एसडीपीओ



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में महिलाओं से संबंधित सुरक्षात्मक पहलुओं को लेकर एसडीपीओ पवन कुमार एवं थाना प्रभारी विकास कुमार ने छात्राओं को जागरूक किया । इस मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार ने नर्सिंग के छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने व्यक्तित्व का विकास अच्छी पढ़ाई के साथ अच्छा इंसान बन कर करना है। छात्राएं निजी सुरक्षा के साथ-साथ अपने कैरियर की सुरक्षा को अपना पहचान बनाने पर विशेष बल दें। इसके बाद महिलाओं से संबंधित सुरक्षात्मक विषयों पर भी उन्होंने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी विकास कुमार ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। वहीं मौके पर संस्थान के निदेशक डॉक्टर प्रहलाद मिश्रा ने स्वागत भाषण के साथ ही छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने जीवन में लक्ष्य केंद्रित कर हमेशा आगे बढ़ते रहे, और एक बेहतर इंसान बने, कुशल चरित्र के साथ समाज में अपनी पहचान बनाएं। निदेशक ने बुके देकर एसडीपीको सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रभा सूरीन, ट्यूटर अल्बिना तोपनो तनु कुमारी निभा खलखो मटिलदा तिर्की, वंदना धनवार,प्रिया कुमारी एवं ए एन एम एवं जी एन एम की सभी छात्राएं मौजूद थी।

### मेघातरी में आपदा प्रभावित परिवारों से मिला सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल

**कोडरमा।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के कुसाहना में चैकडैम टूटने से प्रभावित लोगों से सीपीएम का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मिलकर और घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। बता दें कि पिछले रविवार की सुबह भारी बारिश के कारण कुसाहना में 50 साल पुराना चैकडैम टूट गया था। इससे दर्जनों घरों में पानी घुस गया था और उन घरों के अनाज, बर्तन, गाय, बकरी, बिछावन और खटिया तक पानी में बह गए थे। राहड़, मक्कई जैसे फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। खेती की जमीनें रेत से भर गया और खराब हो गया। प्राइमरी स्कूल कुसाहना में भी पानी घुस जाने और क्लास रूम में कीचड़ होने से बच्चों का पढ़ाई भी बाधित है। इस प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने सीपीएम की फैक्ट फाइडिंग टीम परिवार के मुखिया, महिलाएं आदि लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। नेतृत्व कर रहे पार्टी जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा कोडरमा जैसे जगह के लिए बड़ी आपदा है।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की हुई बैठक

# मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं का किया अपमान : जयराम

*मुख्यमंत्री खुद सीएनटी एसपीटी एक्ट का उल्लंघन करते हुए अपने गांव क्षेत्र से दूर दुमका बोकारो एवं रांची में जगह जगह पर जमीन ले रहे हैं*




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिस उम्मीद और जिस विश्वास के साथ लंबी लड़ाई लड़ने के बाद झारखंड राज्य हमें अलग मिला था। लेकिन उसके विपरीत वर्तमान में बैठी हेमंत सोरेन की सरकार काम कर रही है, जिसकी वजह से यहां के युवाओं का हक अधिकार छीन कर बाहरी लोगों को नौकरी देने का काम किया जा रहा है। उक्त बातें झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित बदलाव संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा की भगवान बिरसा मुंडा, बुधु भगत तेलंगा खड़िया ने जल जंगल जमीन की लड़ाई के लिए अपनी प्राणों की आहुति दी। उसके बावजूद यहां के राज्य के मुख्यमंत्री खुद सीएनटी एसपीटी एक्ट का उल्लंघन करते हुए अपने गांव क्षेत्र से दूर दुमका बोकारो एवं रांची में जगह जगह पर जमीन ले रहे हैं। जबकि आदिवासियों का नियम के तहत थाना क्षेत्र से बाहर जमीन लेना नियम नहीं है। आज राज्य की खनिज संपदा पर लूट मची है, बाहरी लोग आकर यहां पर कब्जा कर रहे हैं। सरकारी नौकरियों में खतियान आधारित नियोजन नीति एव स्थानीय नीति नहीं होने की वजह से बाहर के लोगों का जमावड़ा है। जिसे रोकने वाला कोई नहीं है।राज्य के मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी कहते हैं और अपने आसपास बाहरी लोगों को लेकर चलते हैं।जिसे जाहिर है कि यहां के मुख्यमंत्री सिर्फ सत्ता के भूखे हैं। झारखंड एक बड़ा भूभाग है,जहां पर खनिज संपदा सरकारी नौकरी हमारी फसल के समान है। जिसमें समुचित घेराबंदी नहीं होने की वजह से बाहर के लोग आकर इस फसल और खनिज संपदा को लूट रहे हैं। लेकिन अब यहां की युवा जाग रही है और बदलाव चाहती है ।

### पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**जयनगर।** प्रखंड सभागार में पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश कुमार राम द्वारा जानकारी दी गई कि 25 से 27 अगस्त तक पल्स पोलियों संचालित किया जाएगा। इसमें 2 से 5 वर्ष के बच्चों को खुराक दी जायेगी। इसको लेकर 21 सुपरवाइजर 426 वैक्सीननेटर लगाये गये हैं। इसको लेकर जयनगर प्रखंड में 163 बूथ व तिलैया डैम में 48 बुथ बनाए गए है। बीडीओ गौतम कुमार ने सभी स्वास्थ्य विभाग और पल्स पोलियो कार्यक्रम में शामिल सभी अधिकारी, कर्मचारी को ईमानदारी से कार्यक्रम को संचालन बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी शून्य से वर्ष 5 वर्ष तक के बच्चे पल्स पोलियो के खुराक वंचित नहीं रह पाये। प्रखंड प्रशिक्षक शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि सभी बूथों पर आंगनबाड़ी सेविका व सहिया उपस्थित रहेंगे। बैठक में बीपीओ राधा सिंह, नितेश कुमार, दीपक झा, महिपाल सिंह, अरुण कुमार, अरविन्द सिंह, जयप्रकाश यादव, कुमारी ममता रानी, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

डीएवी स्कूल में अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया

## गैर परंपरागत ऊर्जा ही भविष्य में सृष्टि को संचालित रखेगी : प्राचार्य



**बरही।** मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जन्म दिन को अक्षय ऊर्जा दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय में गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत पर आधारित मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम संचालक प्रह्लाद कुमार ने अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों पर चर्चा करते हुए उसके उपयोग पर जोर दिया. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि गैर परंपरागत ऊर्जा ही भविष्य की ऊर्जा का आधार होगा. उन्होंने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइडल ऊर्जा आदि जैसे संसाधनों के उपयोग की महत्ता बताते हुए प्रयोग पर जोर दिया. सबों से पारंपरिक ऊर्जा कोयला, पेट्रोलियम, गैस आदि को त्याग गैर पारंपरिक ऊर्जा के प्रयोग की बाते कही. प्राचार्य ने यह भी बताया कि यह सिर्फ अक्षय ही नहीं बल्कि प्रदूषण रहित और स्वास्थ्यहीत में भी है. प्रतियोगिता में बेहतर मॉडल प्रस्तुत करने के लिए 8वीं कक्षा के अंशु कुमार भगत को प्रथम व रोशनी कुमारी द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. अंत में विद्यार्थियों से अपने जीवन में नवीनीकरण ऊर्जा के स्त्रोत पर पर निर्भर रहने की शपथ दिलवाई गई.

विधायक ने ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम को लेकर किया जागरूक

## अनुसूचित जनजाति व अन्य परंपरागत वन निवासी नियमों की दी जानकारी



नवीन मेल संवाददाता। बोलबा बोलबा के अवगा बाजार टांड़ में विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस मौके पर विभिन्न गांवों में सामुदायिक वनाधिकार दावे के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया । इस संबध में बताया गया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी नियम 2008 धारा 6 ख, धारा 12(4) और धारा 11 (ख) के तहत सामुदायिक अधिकार और सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के दावे पेश करने का प्रक्रिया के संबध में ग्रामीणों को कैम्प लगाकर जागरूक किया गया। सभी प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज के बारे भी बताया गया । इस मौके पर कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी ने कहा कि मवेशी चराने, घरेलू उपयोग के लिए पत्थर, बालू एवं मिट्टी का उपयोग करने, जलावन लकड़ी लाने, घर बनाने एवं कृषि औजार बनाने, कंद-मूल एवं वनोपजों का संग्रहण के लिए, वन्य प्राणियों की रक्षा के लिए वन अधिकार अधिनियम 2008 के तहत दावा प्रस्तुत करना ग्रामीणों को अति आवश्यक है । इसकी लड़ाई काफी दिनों से लड़ी जा रही है। इस मौके पर अंचल कार्यालय के द्वारा दावा प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र वितरण किया गया। जिसमें आवश्यक सभी तरह फार्म, मार्गदर्शिका, रजिस्टर आदि शामिल है। ग्राम सभा करने एवं दावा प्रस्तुत के सारे तरीके भी बताए गए। इस मौके पर विधायक विक्सल कोंगाडी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, राजस्व कर्मचारी निशि केरकेट्टा, मुखिया शान्ति देवी, चंद्रकांता कुमारी सुनीता कुमारी, ग्राम सभा अध्यक्ष एवं ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे।

**कड़ी मेहनत**

किनकेल में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यशाला संपन्न

# विस चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करें कार्यकर्ता : विधयक




*इस बार चुनावी मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की फौज एवं आम जनता को इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा रहना होगा*

*जनता की सेवा में 24 घंटे मुस्तैद रहें। बूथ स्तर के कार्यकर्ता हीं हमारी पार्टी के रीढ़ हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। करसई**

प्रखंड के किनकेल में कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तरीय कार्यशाला प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला में मुख्य रुप से विधायक भूषण बाड़ा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को आगामी विस चुनाव को लेकर तैयारी तेज करने की बात कही। विधायक ने कार्यकर्ताओं को विस चुनाव के मद्देनजर जीत सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करने की अपील की। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के पास हर बूथ में कर्मठ, ऊजार्वान एवं जोशीले कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी है। जो किसी भी चुनाव को जिताने के लिए काफी है। बूथ स्तर कार्यकर्ता अगर पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करे तो संगठन हर चुनाव जीत सकती है। विधायक ने कहा कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। आपके कार्य एवं मेहनत ही संगठन की दशा और दिशा तय करेगी। विधायक ने कहा कि इस बार चुनावी मैदान में कांग्रेस के एक एक कार्यकर्ताओं की फौज एवं आम जनता को इंडिया गठबंधन के साथ खड़ा रहना होगा। तभी राज्य का और देश का विकास सम्भव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता में हर चुनाव जिताने की अद्भुत क्षमता है, ताकत है। जिनके दम पर आगामी विधानसभा चुनाव भी हम एकतरफा जीतेंगे। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता जनता की सेवा को प्राथमिकता दें। जनता की सेवा में 24 घंटे मुस्तैद रहें। बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी के रीढ़ हैं। आपके दम पर ही आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को एकतरफा जीत मिलेगी।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला उपाध्यक्ष जॉन्सन मिंज, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया मूंश खेस,प्रखंड प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि माइकल खड़िया, सहित बूथ स्तर के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव को लेकर इंटर डिस्ट्रिक्ट को-आर्डिनेशन मीटिंग संपन्न

**बानो।** जिले के बानो थाना में एसडीपीओ सिमडेगा पवन कुमार और मनोहरपुर डीएसपी जयदीप लकड़ा की अध्यक्षता में इंटर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेशन को लेकर एक विशेष बैठक हुई। सिमडेगा एसडीपीओ पवन कुमार ने बैठक को लेकर जानकारी देते हुए बताया की आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बानो थाना में इंटर डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेशन बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य एमसीसी और चुनाव एक्सपेंडिचर वायलेशन वगैरह जो होता है,वो कोई बॉर्डर के इस पार या उस पार से ना हो उससे संबंधित सूचना साझा की गई और सूचना के आधार पर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी।कुछ नक्सली इश्यू इस क्षेत्र में पूर्व से रहे हैं साथ ही क्रिमिनल से संबंधित भी सूचना साझा की गई इसके अलावा कुछ ऐसे तत्व जो विधानसभा चुनाव को डिस्टर्ब कर सकते हैं,बैठक में पुलिस पदाधिकारीयों के बीच उनकी भी सूचना साझा की गई है। चुनाव के दरमियान किसी भी बूथ पर कोई भी प्रकार की गड़बड़ी न हो ऐसी स्थिति बिल्कुल भी ना बने इसके लिए अभी से ही सिमडेगा पुलिस तैयारी प्रारंभ कर दी है। बैठक में मुख्य रूप से बानो थाना प्रभारी विकास कुमार, गिर्दा ओपी प्रभारी हर्ष कुमार शाह, थाना प्रभारी आनंदपुर प्रिंस झा, एस आई ललन सिंह, एएसआई सत्यनारायण सिंह,एएसआई शंकर बाखला, सहित बानो थाना के पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने कहा- रोड नहीं तो वोट नहीं

**सुंदरम केशरी**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मालम पंचायत का गांव गम्हरिया एवं सिफड़ी आज भी विकास की बाट जोह रहा है। गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव आदिवासी बाहुल गांव है। जहां आज भी बिजली- पानी -सड़क का घोर किल्लत है। यहां के लोग किस युग में जी रहे हैं, देखने के लिए सरकारी नुमाइंदों को फुर्सत नहीं है। गांव तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण अधिकारी गांव नहीं जाना चाहते हैं। बताते चलें कि इस गांव में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ, रोजगार, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकान आदि मौलिक सुविधाओं का अभाव है। गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव जाने के लिए सड़क नहीं है। बीच में नदी पड़ती है जहां पुल का निर्माण नहीं हुआ है। इस नदी के कारण चार गांव के लोग गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं।







**पहाड़ी पगडंडियों के सहारे 8 किमी दूर जाते हैं लोग स्वास्थ्य केंद्र**

गम्हरिया गांव में स्वास्थ्य के लिए कोई साधन नहीं है। यहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए नदी पार कर आठ किलोमीटर दूर चैनपुर आना पड़ता है सड़क नहीं रहने के कारण बीमार व्यक्तियों को खटिया में टांग कर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

**गांव में एक भी चापानल नही**

गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव में पानी के लिए हमेशा हाहाकार मची रहती है। नल जल योजना से दोनों गांव में जलमीनार लगाया गया है जिसमें सिफड़ी गांव का जलमीनार खराब और पड़ा है। गांव के लोग कुंए का गंदा पानी पीने को विवश हैं।

**राशन दुकान के लिए 5 किमी दूर जाते हैं लोग**

गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव के लोगों को राशन लाने के लिए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है वहीं बरसात में नदी भर जाता है तो वो राशन से भी वंचित रह जाते हैं

**ढिबरी युग में जीने की विवश्ता, गांव में बिजली नहीं पहुंची**

पूरे भारत में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव में बिजली पहुंचाई जा रही है लेकिन गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है यहां के लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे है

**पहाड़ पर बसे इस गांव में नही है शौचालय की व्यवस्था, खुले में शौच करते ग्रामीण**

स्वच्छता विभाग की ओर से भारत के हर गांव में शौचालय बनाया जा रहा है। लेकिन सिमरा जरा गांव में किसी के घर में शौचालय नहीं बना है.लोग खुले में शौच जाने को मजबूर है।

**सरकारी योजनाओं से वंचित हैं इस गांव के लोग**

गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव के लोगों की मानें तो सरकारी लाभ के नाम पर बस उन्हें राशन ही मिल पाता है बाकी अन्य योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है जबकि सरकार के द्वारा गरीबों के लिए अनेक प्रकार की लाभकारी योजना चला रही है

ग्रामीणों ने अपने गांव की समस्याओं को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव बोनीफास कुजूर के सामने रखा जिसके बाद आजसू नेता गम्हरिया एवं सिफड़ी गांव का दौरा कर वहां के लोगों से समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि यहां के लोगों ने कयेक बार प्रखंड प्रशासन, विधायक,सांसद को आवेदन लिखा पर स्थिति जस के तस है। इस गांव में पुल एवं सड़क की आवश्यकता है। इसे जिला प्रशासन और सरकार अपने संज्ञान में लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करें इधर ग्रामीणों ने भी साफ शब्दों में कहा है कि हमलोगों से हमेंशा पुल एवं सड़क का प्रलोभन देकर हमलोगों से वोट मांग लेते हैं लेकिन अब ग्रामीण जाग चुके हैं अब रोड एवं पुल नहीं तो वोट भी नहीं।

## 35 परिवार वाले नकटीझरिया गांव में सौर माइक्रो-ग्रिड का किया जाएगा अधिष्ठापन

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के प्रयास से JREDA के द्वारा रायडीह प्रखंड स्थित नकटीझरिया गांव में सौर माइक्रो-ग्रिड का अधिष्ठापन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए, सक्षम प्राधिकारी ( कोल इंडिया लिमिटेड ) ने रुपये 57,68,294/- (रुपए सत्तावन लाख अड़सठ हजार दो सौ चौरानवे मात्र) (जीएसटी सहित) राशि तक सीमित या सोलर वेटिंग के बाद प्राप्त राशि, जो भी कम हो उसका सीएसआर सहायता को मंजूरी दे दी है। सीएसआर मद से JREDA के द्वारा उक्त ग्राम अंतर्गत सोलर माइक्रो ग्रिड का अधिष्ठापन किया जाएगा। ज्ञात हो उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दिनांक 20 जून 2024 को नकटीझरिया ग्राम का दौरा किया था, उक्त ग्राम अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को उन्होंने जाना एवं वहां के नागरिकों के साथ जन संवाद भी किए गए। अगले 2 दिनों में उपायुक्त के निर्देश पर उक्त ग्राम में सभी कल्याणकारी विभागों के द्वारा कैंप का आयोजन करते हुए उक्त ग्राम के शत प्रतिशत ग्रामीणों को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया गया।

# सड़क के अभाव में इलाज नहीं मिलने से गर्भवती महिला की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

आजादी के दशकों बाद भी डुमरी प्रखंड के कई सुदूरवर्ती गांव एक अदद रोड के लिए तरस रहे हैं। रोड नहीं होने से ग्रामीणों के रोजमर्रे की जिंदगी में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर उनकी परेशानी तब और बढ़ जाती है जब गांव में कोई बीमार हो जाए।परिजन इलाज के लिए समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पातें हैं और पीड़ित की मौत हो जाती है। ताजा मामला प्रखंड अतकी पंचायत स्थित चुटरूमबेड़ा का है।

जहां एक गर्भवती महिला को समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को किशुन हेम्ब्रम की गर्भवती पत्नी कांति मुर्मू (29) को प्रसव पीड़ा हुई। प्रारंभ में परिजनों ने झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया। इलाज के बाद उसकी तबियत और बिगड़ गयी।सूचना पर एम्बुलेंस आयी परंतु घर तक वाहन जाने का रास्ता नहीं होने के कारण एम्बुलेंस डेढ़ किमी पहले ही विद्यालय तक आकर रूक गई। इसके बाद परिजन और ग्रामीण द्वारा महिला को खाट में लादकर एम्बुलेंस तक लाया गया। एम्बुलेंस से महिला को रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत देखते हुये उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। धनबाद ले जाने के क्रम में ही रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। लोग बताते हैं कि उक्त टोला में पहुंचने के लिए कच्ची सड़क तक नहीं है। आवागमन का एक मात्र साधन पगडंडी है। ग्रामीण खेत और नालों के बीच से डेढ़ किमी लंबी पगडंडी के सहारे आना जाना करते हैं। इस संबंध में मृतका के पति किशुन हेम्ब्रम ने बताया कि गांव तक सड़क नहीं होने से उसकी गर्भवती पत्नी को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया सका और मौत हो गयी। सूचना पर एम्बुलेंस तो आयी परंतु सड़क नहीं होने के कारण एम्बुलेंस गांव से डेढ़ किमी दूर स्कूल पास ही रूक गयी। हमलोगों ने उसे खाट पर लाद कर एम्बुलेंस तक ले गये। सूचना के बाद मंगलवार सुबह स्थानीय मुखिया ईश्वर हेम्ब्रम, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव, पंसस मोतीलाल हांसदा,विक्रम मरांडी गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी ली। मुखिया ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण महिला को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया सका। यदि समय पर महिला का ईलाज होता तो आज यह घटना नहीं होती। भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि कांती मुर्मु के मौत का कारण गांव तक सड़क का नहीं होना है। सड़क नहीं होने से परिजन उसे समय पर अस्पताल नहीं ले जा सके।कहा कि इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और विकास का जिम्मा संभालने वाला विभाग के अधिकारी दोषी हैं।



**मामला डुमरी प्रखंड के चुतरुमबेड़ा गांव का**

# लातेहार में घर पर पेड़ गिरने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड के लातेहार जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक घर के ऊपर एक सूखा पेड़ गिरने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई।कलेजे को झकझोर देने वाली ये घटना हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदरलोरिया गांव की है।जहां के कजरु भुइंया की दुनिया कुदरत के कहर ने उजाड़ दी।सालों से उस के घर के सामने सूखा हुआ सिमर का पेड़ उसको ऐसा असहनीय उम्र भर का गम देगा ये शायद उसने सपने में भी नहीं सोचा होगा। इस हादसे में कजरु भुइंया की दो बेटियों और एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।



**आंधी आई तो घर के अंदर भागे बाहर खेल रहे बच्चे**

मंगलवार शाम को तीनों बच्चे अपने घर के पास में खेल रहे थे तभी तेज आंधी चलने लगी। तीनों बच्चे दौड़कर अपने घर में चले गए। इसी बीच तेज हवा की वजह से अचानक सूखा हुआ सिमर का पेड़ कजरू भुइयां के घर पर गिर गया। इस घटना में कजरू भुइयां के तीन बच्चों की मौत हो गई। इनमें एक लड़का और दो लड़कियां हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में हाहाकार मच गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पेड़ काफी दिनों से सूखा हुआ था। किसी ने सोचा भी नहीं था कि ये पेड़ अचानक घर पर गिर सकता है।

**गांव में मचा कोहराम**

तीनों बच्चों की ऐसी दर्दनाक मौत की घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। ये गांव लातेहार जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं को समाप्त करने की हो रही है साजिश

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

अधिवक्ता परिषद झारखंड गुमला जिला इकाई के द्वारा आज बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध सुनियोजित तरीके से हो रहे बर्बरता अत्याचार ब्यभिचार और नरसंहार के विरुद्ध अपना आक्रोश प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त गुमला के माध्यम से सरकार को पत्र प्रेषित किया है. जिसमें अधिवक्ताओं ने आरक्षण की आड़ में आरंभ किए गए बांग्लादेश में चलाए जा रहे हैं आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार को तख्ता पलट करते हुए हिंदू पर सुनियोजित हमले आरंभ किए गए हैं। हिंदुओं की दुकानों मकानों में लूट के साथ हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार और बर्बरतापुर व्यवहार ने पूरे भारतवर्ष के हिंदू समाज को उद्वेलित होने पर को मजबूर कर दिया है। जिलाअधिवक्ता परिषद गुमला ने बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हो रहे अत्याचार और नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने और हिंदुओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार से कठोर कदम उठाने का अनुरोध किया है। परिषद ने अपने पत्र में कहा है कि एक ओर बांग्लादेशी मुसलमान देश में लगातार घुसपैठ कर शांतिपूर्ण तरीके से अपना जीवन व्यतीत कर रहे हिंदुओं के विरुद्ध कुचक्र रच रहे हैं।

## सम्मेलन की सफलता को ले माले की हुई बैठक



**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित गदर में विधानसभा स्तरीय सम्मलेन की सफलता को ले भाकपा माले की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। बैठक संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। जानकारी दी गई कि आगामी 26 अगस्त को गावां प्रखंड स्थित उवि माल्डा के प्रांगण में विधानसभा स्तरीय सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता डोर टू डोर भ्रमण कर जानकारी दे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास एक दम रुक सा गया है। क्षेत्र वासी बिजली पानी सिचाई समेत भीषण समस्याओं से जूझ रहे है। आपराधिक गतिविधियों में भी काफी वृद्धि हुई है। क्षेत्र के सांसद विधायक को स्थानीय जनसमस्याओं से कोई लेना देना नही है। क्षेत्र में शांति व विकास भाकपा माले ही ला सकती है। मौके पर सकलदेव यादव, शमशेर आलम, दिनेश्वर यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष से डॉ रामेश्वर उरांव को कांग्रेस विधायक दल के नेता पद से हटाने की मांग

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखकर लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को पार्टी संविधान के खिलाफ काम करने के लिए कांग्रेस विधायक दल के नेता के पद से हटाने की मांग किया है। श्री साहू ने पत्र में कहा कि कुछ दिन पहले आपने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को झारखण्ड कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किया था लेकिन डॉ रामेश्वर उराँव पार्टी के गरिमा के विपरीत जाकर कांग्रेस संविधान के खिलाफ काम किये है। डॉ रामेश्वर उरांव ने लोकसभा के चुनाव में अफसर कुरैशी जो खुलकर लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को हराने के लिए लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के लिए काम किया था जिसका प्रमाण भी मौजूद है, उसको अपना मंत्री प्रतिनिधि मनोनीत किये है। डॉ रामेश्वर उरांव के इस कृत्य से लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता काफी आक्रोशित है। जो व्यक्ति कांग्रेस प्रत्याशी को हराने का काम कर हम सभी के नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देना चाहता है वह व्यक्ति अफसर कुरैशी को डॉ रामेश्वर उरांव ने अपना मंत्री प्रतिनिधि बनाकर कांग्रेस कार्यकताओं के मूंह में तमाचा मारने का काम किया है।

## सिंघो में चल रहे सावन महोत्सव का हवन व भंडारे के साथ हुआ समापन

**तिसरी।** तिसरी प्रखंड के सिंघो में चल रहे सावन महोत्सव का मंगलवार को हवन के साथ ही समापन हो गया. इस दौरान आयोजक सह समाजसेवी उमेश राणा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर जुटे लोगों के बीच कमिटी द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। बता दें कि झारखण्ड मजदूर एकता संघ के प्रधान संरक्षक उमेश राणा के द्वारा उनके पैतृक गांव सिंघो स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा कर रहे काँवड़ियों के लिए निःशुल्क विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई थी. पूरे श्रावण मास में कांवड़ियों के कई जत्थे यहां आते रहे।



## लोकाय के झरनवा जंगल से एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिला

**तिसरी।** लोकाय थाना इलाके के झरनवा जंगल से एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव पाया गया। मृतक नारोटांड का रहने वाला 55 वर्षीय रेवा राय था। बताया जाता है कि वह खुखड़ी चुनने जंगल गया था लेकिन वापस नहीं लौटा, परिजनों ने खोजबीन की तो पता चला कि झरनवा जंगल में उसकी लाश पड़ी है, उसके शरीर पर जलने के भी निशान थे। जिसके बाद परिजन द्वारा उसके शव को घर लाया गया और अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

## अविनाश कुजूर ने प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय का किया भ्रमण

**गुमला।** गुमला उपायुक्त के निदेर्शानुसार सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय भ्रमण के क्रम में आज भरनो के अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर के द्वारा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महादेव चेगरी का भ्रमण किया गया। वहीं बसिया के अंचल अधिकारी नरेश मुंडा के द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय कुम्हारी बसिया का भ्रमण किया गया। दोनों पदाधिकारियों द्वारा अपने टैग विद्यालय के भ्रमण के क्रम में आगामी वर्ष मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं की काउंसलिंग करते हुए उत्कृष्ट परीक्षाफल के संबंध में आवश्यक टिप्स देते हुए मॉडल प्रश्नों के अभ्यास सहित नियमित रूप से सेल्फ स्टडी करने को आवश्यक बताया। विद्यालय भ्रमण के क्रम में पदाधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों को नियमित कक्षा संचालन कराते हुए ससमय सिलेबस पूरा करवाने तथा तेल टेस्ट के आधार पर कमजोर बच्चों की पहचान कर उनके लिए विशेष रिमेडियल कक्षाएं आयोजित करने का भी निर्देश दिया।

## जन शिकायत निवारण दिवस

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान कोनाटोली अंर्तगत तेलगांव के ग्रामीणों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में वर्ष 2023 में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा पी.एफ. में अवस्थित कुसुम के वृक्षों का गणना करवाया गया था, एवं कुल 579 वृक्षों की सुरक्षा हेतु प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 7-7 वृक्ष आवंटित किए गए थे एवं वन प्रमंडल के द्वारा विधिवत प्रमाण पत्र भी ग्रामीणों को निर्गत कराया गया था। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने अपने अपने वृक्ष की देखभाल की एवं उसपर लाह का फसल लगाया गया। लाह के कटाई के समय उक्त ग्राम के कुछ ग्रामीणों के द्वारा अन्य सहयोगियों के साथ मिल कर फसल कटाई के लिए बाधा उत्पन्न किया जा रहा है, एवं गांव में एक तनाव का माहौल उत्पन्न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक वे जहां भी गए वहां कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## भारतीय वायु सेना ने पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन किए हैं आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भारतीय वायु सेना ने अविवाहित भारतीय पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं जो उत्कृष्ट खिलाड़ियों के रूप में भर्ती परीक्षण में शामिल होना चाहते हैं। यह भर्ती परीक्षण 18-20 सितंबर 2024 से आयोजित किए जाएंगे। (भारतीय वायु सेना में चयन 'निष्पक्ष और पारदर्शी' है, और केवल मेरिट के आधार पर होता है। किसी भी चरण में किसी को भी चयन या भर्ती के लिए रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है। उम्मीदवारों को अनुचित व्यक्तियों के झांसे में नहीं आना चाहिए जो खुद को भर्ती/चयन एजेंट बताते हैं)। भारतीय वायु सेना ने 'अग्निपथ योजना' के तहत अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए नई एचआर पद्धति शुरू की है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सैन्य जीवन का अनुभव करने का अवसर प्रदान करना है।

Government of Jharkhand
**JHARKHAND FLYING INSTITUTE**
(A Society Registered under Dept. of Cabinet Secretariat and Vigilance (Civil Aviation Division), Jharkhand
STATE HANGAR, BIRSA MUNDA AIRPORT ROAD
HINOO, RANCHI-2
Email –jfi.govtfly@gmail.com Telefax:- 0651-2250319, 2251090

**Notice for Expression of Interest**
**Corrigendum-1**
EoI Ref. No.- EoI Aircraft Spares-37/2024/JFI/241 Date:- 16.08.2024
**Inviting Expression of Interest (EoI) for the empanelment of Agency/Firm For Supply of Aircraft Spares, Lubricants and Rotables for Jharkhand Flying Institute.**
Due to some unavoidable reason, EoI Ref. No.- EoI Aircraft Spares-37/2024/JFI/-171/ Ranchi, Date:- 23/07/ 2024 (PR. No- 330496) for the empanelment of Agency/Firm For Supply of Aircraft Spares, Lubricants and Rotables for Jharkhand Flying Institute. The last date for submission of EoI for the is hereby extended as mentioned below:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Extended Last Date for submission of EoI | 27/08/2024 upto 05:00 PM |
| 2. | Extended Last Date for Opening of EoI | 28/08/2024 at 11:30 AM |

Other Terms & Conditions of EoI will remain the same.
This Extension Notice is also available on the website-
http://www.prdjharkhand.in/iprd
Sd/-
Managing Director
Jharkhand Flying Institute
PR 333131 Civil Aviation (24-25)_D

**Office of District Supply Officer, Ramgarh**
**Address :- Room No.-104, Block-A,**
**Ramgarh Collectorate, Ramgarh.**
**INVITATION OF BID**
TRANSPORTATION & HANDLING SERVICES FOR DELIVERY OF FOODGRAINS, SALT, SUGAR &PULSES FROM WAREHOUSES OF JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.TO THE DOOR STEP OF FAIR PRICE SHOPS LOCATED AT **RAMGARH** DISTRICT OF JHARKHAND THROUGH E-BID ON GeM PORTAL.**BID Details as Follows :-**

| Sl. No. | Block | BID No. |
|---|---|---|
| 1 | Gola | GEM/2024/B/5300911 |
| 2 | Ramgarh | GEM/2024/B/5300961 |
| 3 | Chitarpur | GEM/2024/B/5300719 |
| 4 | Patratu | GEM/2024/B/5300293 |
| 5 | Mandu | GEM/2024/B/5300818 |
| 6 | Dulmi | GEM/2024/B/5301004 |

Sd/-
District Supply Officer, Ramgarh.
PR 333157 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25)D

**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**
**बीरबुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा**
**E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com**

माह–अगस्त–2024 सितम्बर 2024 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में ''दोदिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर''का आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम का विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविरआयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | कुडू | 27.08.2024 एवं28.08.2024 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, कुडू एवं जामुनटोली | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731/9431361554 |
| 2 | | जिंगी | 29.08.2024 एवं30.08.2024 | जिंगी एवं जोंजरों | |
| 3 | | उड़ुमुड़ू | 03.09.2024 एवं04.09.2024 | बारीडीह एवं मेरले | |
| 4 | | कोलसीमरी | 05.09.2024 एवं06.09.2024 | सिंजो एवं कोलसीमरी | |
| 5 | | लावागाँई | 09.09.2024 एवं10.09.2024 | न्नतीलो एवं जाँगी | |
| 6 | | पण्डरा | 11.09.2024 एवं12.09.2024 | जिलिंग एवं पंडरा | |
| 7 | | चन्दलासो | 18.09.2024 एवं19.09.2024 | चिताकोनी एवं चन्दलासो | |
| 8 | | जीमा | 20.09.2024 एवं 21.09.2024 | टीको एवं जीमा | |
| 9 | | ककरगढ़ | 23.09.2024 एवं 24.09.2024 | रानीटोंगरी एवं ककरगढ़ | |
| 10 | | टाटी | 25.09.2024 एवं 26.09.2024 | दोबा एवं टाटी | |
| 11 | | सलगी | 23.08.2024 एवं 24.08.2024 | सलगीलालुटोली एवं कटेटोली | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993/8809426652 |
| 12 | | बड़कीचाँची | 25.08.2024 एवं 26.08.2024 | बड़कीचाँपी एंव छोटकीचाँपी | |
| 13 | | चीरी | 02.09.2024 एवं 03.09.2024 | चीरी एवं बरवाटोल | |
| 14 | | सुन्दरू | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | ओपा एवं सुन्दरू | |
| 15 | लोहरदगा | रामपूर | 23.08.2024 एवं 24.08.2024 | रामपूर एवं खकपरता | डॉ0 मनीषा लकड़ा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रामपूर 8969860976 |
| 16 | | बाघा | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | बाघा एवं ऐने | |
| 17 | | अरकोसा | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | अरकोसा एवं भक्सो | |
| 18 | | तिगरा | 02.09.2024 एवं03.09.2024 | भुजनिया एवं ईटा | |
| 19 | | भटखिजरी | 04.09.2024 एवं 05.09.2024 | भटखिजरी एवं ईरगांव | |
| 20 | | जुरिया | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | जुरिया एवं सोबरन टोली | |
| 21 | | मन्हो | 23.08.2024 एवं 24.08.2024 | कैमो एवं मन्हो | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| 22 | | हिरही | 28.08.2024 एवं 29.08.2024 | बुड़हू एवं बराटपुर | |
| 23 | | हेसल | 30.08.2024 एवं 31.08.2024 | कुज्जी एवं कुरसे | |
| 24 | | जोरी | 02.09.2024 एवं03.09.2024 | ओऐना एवं सहेदा | |
| 25 | | हरमु | 04.09.2024 एवं 05.09.2024 | हरमु एवं नदिया | |
| 26 | | निंगनी | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | बमनडीहा एवं गांगुपारा | |
| 27 | सेन्हा | झालजमीरा | 28.08.2024 एवं 29.08.2024 | झालजमीरा एवं डीपाटोली | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| 28 | | सेन्हा | 04.09.2024 एवं 05.09.2024 | उरांवटोली एवं बांध टोली | |
| 29 | | मुर्कीतोड़ार | 09.09.2024 एवं10.09.2024 | मुर्की एवं गुडिया टोली | |
| 30 | | उगरा | 11.09.2024 एवं 12.09.2024 | छपरी टोली एवंउगरा | |
| 31 | | चितरीडांडू | 23.08.2024 एवं 24.08.2024 | डांडू एवं डांडुटंगरा टोली , | |
| 32 | | बदला | 20.09.2024 एवं 21.09.2024 | नवाटोली एवं बोधाटोली | |
| 33 | | अरू | 25.09.2024 एवं 26.09.2024 | अरू एवं पतराटोली | |
| 34 | | अलौदी | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | साके एवं हेसवे | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993/8809426652 |
| 35 | | भडगाँव | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | कुंदगढरी एवं डोका | |
| 36 | | बुटी | 04.09.2024 एवं 05.09.2024 | बुटीपंचायत भवन एवं दुबईटोली | |
| 37 | | तोरार | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | सिठियो एवं सेरेंग हातु | |
| 38 | भण्डरा | भण्डरा | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, भण्डरा एवं कसपुरनवाटोली | डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| 39 | | भौंरो | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | पंचायत भवन, भौंरो एवं सोरन्दा | |
| 40 | | गडरपो | 04.09.2024 एंव 05.09.2024 | गडरपो एवं आंगनबाडी पोडहा | |
| 41 | | बड़ागाँई | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय, चट्टी एवं खवासखीजरी | डा0 संजय उराँव भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चट्टी 9905411330 |
| 42 | | भीठा | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | धोबाली एवं कचमची | |
| 43 | | जमगाई | 03.09.2024 एंव 04.09.2024 | कोटा एवं डुमरी | |
| 44 | | उदरंगी | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | पंचायत भवन, उदरंगी एवं उदरंगीसेगाटोली | डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| 45 | | अकासी | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | पंचायत भवन, अकासी एवं खाखमातू | |
| 46 | | मसमानो | 04.09.2024 एवं 05.09.2024 | पंचायत भवन, मसमानो एवं बेदाल | |
| 47 | किस्को | देवदरिया | 27.08.2024 एवं 28.08.2024 | खरचा एवं जोबांग | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| 48 | | पाखर | 03.09.2024 एवं 04.09.2024 | तिसिया एवं सलैया | |
| 49 | | परहेपाट | 05.09.2024 एवं 06.09.2024 | किस्को एवं परहेपाट | |
| 50 | | खरकी | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | खरकी एवं सेमरडीह | |
| 51 | | नावाडीह | 12.09.2024 एवं 13.09.2024 | फटयाटोली एवं नवाडीह | |
| 52 | | बेटहठ | 19.09.2024 एवं 20.09.2024 | आनन्दपुर एवं पतगच्छा | |
| 53 | | बगड़ू | 05.09.2024 एवं 06.09.2024 | बगड़ू एवं ऊपरबगड़ू | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969/9798078205 |
| 54 | | हिसरी | 10.09.2024 एवं 11.09.2024 | हिसरी एवं ऊपरहिसरी | |
| 55 | | अरेया | 12.09.2024 एवं 13.09.2024 | नीरहू एवं चरहू | |
| 56 | कैरो | गजनी | 27.08.2024 एवं 24.08.2024 | चाल्हो एवं गजनी | डा0 अमरदीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी,सेन्हा 7250757243 |
| 57 | | गुड़ी | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | चिपो एवं बाघी | |
| 58 | | हनहट | 03.09.2024 एवं 04.09.2024 | गितिलगढ़ एवं हनहट | |
| 59 | | कैरो | 05.09.2024 एवं 06.09.2024 | उत्तका एवं कैरो | |
| 60 | | नरौली | 09.09.2024 एवं 10.09.2024 | नगजुआ एवं चरीमा | |
| 61 | | सढ़ाबे | 12.09.2024 एवं 13.09.2024 | सढ़ाबे (डुमर टोली) एवं ऐडादोन | |
| 62 | पेशरार | रोरद | 28.08.2024 एवं 29.08.2024 | रोरद एंव झोकपानी | डा0 बिरसाउराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969/9798078205 |
| 63 | | पेशरार | 30.08.2024 एवं31.08.2024 | पेशरार एवं नवाटोली | |
| 64 | | तुईमू | 18.09.2024 एवं 19.09.2024 | रनकुली एवं सिन्दुर | |
| 65 | | हेसाग | 20.09.2024 एवं 21.09.2024 | मुंगो एवं गमहरिया | |
| 66 | पेशरार | सिरम | 29.08.2024 एवं 30.08.2024 | सिरम एवंमक्का | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |

नोटः–लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जन प्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बिमारियों से बचाव हेतु टीका/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 333219 Animal Husbandry(24-25).D


संपादकीय

## सौर ऊर्जा है सबसे बड़ा विकल्प

पिछले चार-पांच दशकों में विश्व की बढ़ती हुई आबादी के लिए ऊर्जा की मांग काफी तेजी से बढ़ रही है। इस मांग को नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। अब नवीकरणीय ऊर्जा ही भविष्य का इकलौता विकल्प रह गया है, क्योंकि यही कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की सुरक्षा करने में मददगार है। नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प प्रचुर मात्रा में सरलता से उपलब्ध हैं। इन पर किसी भी देश का एकाधिकार नहीं होता है। इस कारण इनकी आपूर्ति आसानी से की जा सकती है। वर्ष 2004 में केंद्र सरकार ने तय किया था कि 20 अगस्त को अक्षय ऊर्जा दिवस के तौर पर मनाया जाएगा, ताकि अक्षय ऊर्जा या नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। पिछले कई दशकों से हम जिन ऊर्जा स्त्रोतों का जीवाश्म ईंधन के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं, वे सीमित हैं। निरंतर दोहन के कारण उनका भंडार कम होता जा रहा है। दूसरी बात है कि जीवाश्म ईंधन प्रदूषणकारी भी हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने 2030 के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जलविद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य शामिल है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नए कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जैसे राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन, जिसका लक्ष्य अनुसंधान एवं विकास और कच्चे माल तथा उत्पादों के घरेलू उत्पादन से देश में सौर ऊर्जा उपयोग की लागत को कम करना है। केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन भी किया गया है। पेरिस में 30 नवंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान भारत और फ्रांस ने इसकी संयुक्त शुरूआत की थी। कर्क और मकर रेखा के बीच आंशिक या पूर्ण रूप से बसे हुए 122 सौर संसाधन संपन्न देशों के इस गठबंधन का मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में है। इस फ्रेमवर्क में वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत व स्वच्छ जैव-ईंधन प्रौद्योगिकी के लिए शोध में निवेश को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। साफ धूप वाले दिनों में सौर ऊर्जा का औसत पांच किलोवाट घंटा प्रति वर्गमीटर होता है। एक मेगावाट सौर ऊर्जा के उत्पादन के लिए लगभग तीन हेक्टेयर समतल भूमि की आवश्यकता होती है। उष्ण-कटिबंधीय देश होने के कारण हमारे यहां वर्ष भर में सूर्य का प्रकाश लगभग 3,000 घंटे तक मिलता है। सौर ऊर्जा उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान रूफटॉप सौर उर्जा और सोलर पार्क का है। यह देश में बिजली उत्पादन की स्थापित क्षमता का 16 प्रतिशत है। सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत करना है। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना तक बढ़ने की संभावना है। सौर ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने से जीडीपी दर भी बढ़ेगी। हमारे देश ने संकल्प लिया है कि वर्ष 2030 तक बिजली उत्पादन की हमारी 40 फीसदी स्थापित क्षमता ऊर्जा के स्वच्छ स्त्रोतों पर आधारित होगी।

**पवन ऊर्जा से 140 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 280 गीगावाट, बायोमास ऊर्जा और लघु जलविद्युत परियोजनाओं से 80 गीगावाट ऊर्जा हासिल करने का लक्ष्य शामिल है।**

# भारतीय कृषि का अमृतकाल



आज की बात



शिवराज सिंह चौहान

कृषि विकास और किसान कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अन्न के माध्यम से हमारे जीवन संचालन के सूत्रधार अन्नदाता के जीवन में सुख-समृद्धि लाना हमारा संकल्प है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे। किसान की आय बढ़ाने के लिए हमने छह सूत्रीय रणनीति बनाई है। उत्पादन बढ़ाना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन के ठीक दाम दिलाना, प्राकृतिक आपदा में राहत की उचित राशि दिलाना, कृषि का विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना इसके अहम पहलू हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के लिए सबसे जरूरी हैं अच्छे बीज, जो कम पानी और विपरीत मौसम में भी बेहतर उत्पादन में सक्षम हो सकें। ऐसे बीजों की 109 नई किस्मों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने राष्ट्र और किसानों को समर्पित किया है। बीते 10 वर्षों में कृषि परिदृश्य तेजी से बदला है। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी समस्याओं के बीच उत्पादकता बढ़ाने की चुनौती खड़ी हो गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले पांच वर्षों में हमारा लक्ष्य जलवायु अनुकूल फसलों की 1500 नई किस्में तैयार करने का है। वर्तमान में विज्ञान से ही किसानों का कल्याण संभव है। मुझे अपने कृषि विज्ञानियों पर गर्व है जो जलवायु अनुकूल किस्में तैयार कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि कृषि में किए जा रहे नवाचारों से कृषि एवं किसान कल्याण सुनिश्चित होगा। किसान होने के नाते मैं भलीभांति समझता हूं कि बढ़िया उत्पादन के लिए अच्छे बीज कितने आवश्यक हैं। अगर बीज उन्नत और मिट्टी एवं मौसम की प्रकृति के अनुकूल होंगे तो उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। मोदी जी ने यह समझा और व्यापक विजन के साथ इस दिशा में कार्य करने के लिए मार्गदर्शित किया। विविधता भारतीय कृषि की विशेषता है। यहां कुछ दूरी के अंतराल पर ही खेती का मिजाज बदल जाता है। जैसे मैदानी खेती अलग है तो पहाड़ों की खेती अलग। इन सभी भिन्नताओं और विविधताओं को ध्यान में रखते हुए फसलों की 109 नई किस्में जारी की गई हैं। इनमें खेती की 69 किस्में और बागवानी की 40 किस्में राष्ट्र को समर्पित कर दी गई हैं। भारत को ग्लोबल न्यूट्रिशन हब बनाने और श्रीअन्न को प्रोत्साहित करने के लिए मोदी सरकार पूरी तरह संकल्पबद्ध है। हमारा संकल्प है कि किसान के परिश्रम का उचित मूल्यांकन हो और उन्हें फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर रहे हैं। किसानों की आय बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में है और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो। आज भारत नई हरित क्रांति का साक्षी बन रहा है। हमारे अन्नदाता ऊर्जादाता तथा ईंधनदाता भी बन रहे हैं। मोदी जी के प्रयासों से खेती के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन, औषधीय खेती, फूलों-फलों की खेती सहित अन्य संबंधित क्षेत्रों को सशक्त बनाया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों की प्राथमिकता में कृषि और किसान रहे ही नहीं। जबकि मोदी जी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। वर्ष 2013-14 में कृषि मंत्रालय का बजट 27 हजार 663 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 1 लाख 32 हजार 470 करोड़ रुपये हो गया है। यह बजट सिर्फ कृषि विभाग का है। कृषि से संबद्ध क्षेत्रों और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए अलग बजट है। मोदी सरकार किसानों को यूरिया और डीएपी सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है। यूरिया पर सरकार किसानों को करीब 2,100 रुपये सब्सिडी जबकि डीएपी के एक बैग पर 1083 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसान स्वावलंबी और सशक्त हुआ है। फसलों के नुकसान पर भी फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच है।

मोदी सरकार में किसान को सशक्त बनाने के लिए बीज से लेकर बाजार तक हर वह फैसला लिया, जो किसानों के लिए खेती को और आसान बनाए। उनकी मुश्किलें कम करे और मुनाफा बढ़ाए। इसी कड़ी में एक लाख करोड़ रुपये की एग्री इन्फ्रा फंड के जरिये कृषि से जुड़ा बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। पूरे देश में 700 से अधिक कृषि विज्ञान केंद्र किसान और विज्ञान को जोड़ रहे हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के जरिये टेक्नोलाजी से दूरदराज की हमारी माताओं-बहनों को भी जोड़ा जा रहा है। कृषि सखियों को प्रशिक्षण देने के पहले चरण में अब तक 35 हजार कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मोदी जी का विजन है कि भारत कृषि में आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में भी रणनीति बनाकर कार्य किया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में हम 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 100 निर्यात केंद्रित बागवानी क्लस्टर बनाएंगे। किसानों के लिए मंडी तक पहुंच बेहतर बनाने के लिए 1500 से अधिक मंडियों का एकीकरण किया जाएगा। साथ ही 6,800 करोड़ रुपये की लागत से तिलहन मिशन की शुरूआत कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन क्लस्टर बनाने की भी तैयारी है। इससे छोटे किसानों को सब्जियों-फल और अन्य उपज के लिए नए बाजार और बेहतर दाम मिलेंगे। सरकार ने यह संकल्प भी लिया है कि दलहन फसलों में तुअर, उड़द और मसूर की पूरी खरीद एमएसपी पर की जाएगी। यजुर्वेद में उल्लिखित है 'अन्नानां पतये नमः क्षेत्राणां पतये नमः' अर्थात अन्न के स्वामी और खेतों के स्वामी अन्नदाताओं को नमन। कृषि पराशर में भी उल्लेख है - अन्न ही प्राण है, अन्न ही बल है एवं अन्न ही समस्त प्रयोजनों का साधन है। किसानों के बिना इस देश का अस्तित्व ही अधूरा है। इसलिए हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी किसानों को प्रणाम किया गया है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसका आत्मा। हमारे लिए किसान की सेवा भगवान की पूजा है।

**(लेखक भारत सरकार में कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री हैं)**

आपकी बात

## धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर



प्रियंका सौरभ
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में हुए शर्म से डुबो देने वाले हौलनाक कांड ने कई तरह के सवाल पैदा किए हैं। कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं को रोकने के तमाम प्रयासों के बीच मेडिकल स्टूडेंट (ट्रेनी लेडी डॉक्टर) की रेप के बाद की गई हत्या से सारे देश में उबाल है। ऐसे मामलों में धीमी न्याय प्रक्रिया भी निर्भयाओं के हौसले को कमजोर करती है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी, जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमजोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है , जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है तथा प्रभावशाली अपराधी अकसर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है। पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड ,महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अकसर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है। विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अकसर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद



उमेश चतुर्वेदी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया। नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि 'भारत छोड़ो' का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया। यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया। बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## विपत्ति के समय में शक्ति



बोधि वृक्ष

**यदि आप किसी रोग, आर्थिक समस्या, भावनात्मक विक्षेप से पीड़ित हैं, तो ईश्वर या अन्य किसी व्यक्ति को दोष न दें। आपने स्वयं ही भूतकाल में इस समस्या के कारणों को रचा था तथा अब आपको इसे उखाड़ फेंकने का दृढ़ निश्चय करना ही होगा।**




श्री श्री परमहंस योगानंद

दुःख हमें लगभग सभी कुछ सिखा सकता है। इसकी शिक्षाएँ हमें दुःख स्वतन्त्र इच्छा के दुरुपयोग से उत्पन्न होता है। ईश्वर ने हमें उन्हें स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार दिया है। वे नहीं चाहते कि हमारा कष्टों से सामना हो, परन्तु जब हम ऐसे कर्म चुनते हैं जो हमें कष्ट पहुँचाएँ तो वे हस्तक्षेप नहीं करेंगे। बुरा स्वास्थ्य या अचानक आर्थिक असफलता या अन्य कष्ट जो आप पर बिना किसी चेतावनी के और बिना उनके कारण की जानकारी के आते हैं, उनके सभी कारण आपने अतीत में, इस जन्म में या पिछले जन्मों में बनाए थे, तथा वे चुपचाप आपकी चेतना में अंकुरित होते रहे हैं। यदि आप किसी रोग, आर्थिक समस्या, भावनात्मक विक्षेप से पीड़ित हैं, तो ईश्वर या अन्य किसी व्यक्ति को दोष न दें। आपने स्वयं ही भूतकाल में इस समस्या के कारणों को रचा था तथा अब आपको इसे उखाड़ फेंकने का दृढ़ निश्चय करना ही होगा। प्रारब्धवादी दृष्टिकोण को अपना कर, बहुत से लोग कर्म की गलत व्याख्या करते हैं। आपको कर्म को स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं है। यदि मैं आपसे कहूँ कि कोई व्यक्ति आपके पीछे आपको चोट पहुँचाने के लिए तैयार खड़ा है क्योंकि पहले कभी आपने उसे चोट पहुँचाई थी, और आप नम्रता से यह कहें, 'ठीक है, यह मेरा कर्म है', और चोट खाने के लिए उसकी प्रतीक्षा करते हैं, तो निःसन्देह, आप पर प्रहार तो होगा ही! आप उसे शान्त करने का प्रयास क्यों नहीं करते? **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




धर्म अध्यात्म

## सनातन व गांधी से लेकर फादर बुल्के तक के राम



सुनील बादल



भारत में अभिवादन करते समय सेना से लेकर बहुत से लोग राम राम कहते हैं,सभी सनातनी बात बात पर राम चरित मानस की चौपाइयों को कहावतों की तरह उद्धृत करते हैं और राम की पूजा उस मयार्दा पुरुषोत्तम के रूप में होती है जो एक आदर्श राज्य यानी रामराज्य के परवर्तक थे तथा उनके परिवार के आदर्शों की कथा रामायण के रूप में सदियों से श्रद्धा से पढ़ी जाती है। धारावाहिक और फिल्मों के अलावा अनेक देशी-विदेशी भाषाओं में उनकी रामकथा अनुदित हुई। आज सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राम मंदिर बना तो एक बार फिर राम चर्चा के केंद्र में हैं। बाल्मीकि के संस्कृत रामायण के बाद भी अनेक रामायण आए पर लोकभाषा में तुलसीदास रचित रामचरित मानस की लोकप्रियता सर्वाधिक है। रामायण पर विशेष अध्ययन करने वाले रांची निवासी फादर कामिल बुल्के बाइबल के समान रामायण को महत्व देते थे और उनके आदर्श चरित्र का बहुत ही बारीकी से वर्णन किया है। रामायण का उर्दू, फारसी सहित अनेक विदेशी भाषाओं में भी अनुवाद हुआ और इसमें धार्मिक या विचारों के स्तर पर कभी विवाद नहीं हुआ। हे राम! महात्मा गांधी के ये आखिरी शब्द थे। अपने इन अन्तिम शब्दों के साथ महात्मा गांधी ने 30 जनवरी सन-1948 के दिन दुनिया को अलविदा कहा था । गांधी एक सनातनी हिन्दू थे हिंदू धर्म में उनकी अटूट आस्था थी । उनके आदर्श 'राम' और सपनों का भारत 'रामराज्य' पर आधारित था। उनकी कल्पना के केन्द्र में एक ऐसे भारत का निर्माण रचा बसा था जिसमें असमानता, अशिक्षा, असन्तोष, अशान्ति, अनैतिकता, अंधकार की कोई जगह नहीं थी।एक ऐसा राज्य जिसे श्री राम ने अयोध्या लौटने के बाद स्थापित किया था पुनः भारत में स्थापित करना ही गाँधी के जीवन का सार था । एक ऐसा अद्वितीय आदर्श राज्य जिसका उदाहरण आदिकाल से दिया जाता रहा है और संभवतः भविष्य में भी दिया जाता रहेगा जब तक इससे बेहतर शासन या परिवार चलाने का मॉडल न दिया जाए। गांधी उसी रामराज्य की कल्पना करते थे। गांधी जी का राम के राज्य जैसी धार्मिक सदभाव की भावना रखते थे। दुनिया के ज्यादातर धर्मो का सार जानने, समझने के साथ, 1947 में हरिजन में गांधी कहते हैं कि धर्म नैतिकता सिखाता है वे कहते थे कि, मेरा हिन्दुत्व मुझे सभी धर्मो का आदर करना सिखाता है। रामराज्य का रहस्य इसी में निहित है। सबके अपने-अपने राम हैं, और सदियों से रहे हैं। किसी ने भक्ति में ढूंढा, किसी ने शक्ति में खोजा, किसी ने आत्मीयता तो किसी ने मानवता में राम को तलाश किया। गांधी के राम सबसे अलग हैं। गांधी के प्रातःकाल के भजनों में सबसे जनप्रिय रघुपति राघव राजा राम' है। उन्होंने अपने इस भजन के माध्यम से प्रत्येक दिन संपूर्ण विश्व को यह संदेश दिया मनुष्यों में कोई भेद नहीं हैं। गांधी के राम बेहद उदार, सौम्य और करूणानिधान हैं, मानवता के पोषक हैं, भावना के भंडार हैं, अभय की अमोघ शक्ति हैं राजा होकर भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने वाले हैं। छोटे बड़े के भेद से परे हैं, नारी के सम्मान के रक्षक हैं, युवाओं के मार्गदर्शक हैं, बच्चों के प्रेरणा श्रोत हैं। गांधी वर्ण व्यवस्था के हिमायती हैं और जाति-व्यवस्था के आलोचक हैं। गांधी सभी धर्म का सम्मान करते हुए हिन्दू धर्म को आदर्श मानते हैं।गांधी सन 1929 में यंग इंडिया में लिखते हैं कि रामराज्य से मेरा अर्थ हिंदू राज्य नहीं हैं बल्कि ईश्वरीय राज्य से है, भगवान के राज्य से है। गांधी का रामराज्य एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें समाज के हर तबके को समान प्रतिनिधित्व मिले, सभी के हितो का ध्यान रखा जाए वे कहते थे, मेरी कल्पना के राम कभी इस पृथ्वी पर रहे हों या न रहे हों, रामराज्य का प्राचीन आदर्श निस्संदेह एक सच्चा लोकतंत्र है जिसमें क्षुद्रतम नागरिक भी लंबी-चौड़ी और महंगी प्रक्रिया के बिना शीघ्र न्याय पा सकता है। यंग इंडिया में उन्होने लिखा कि रामराज्य में कुत्ते तक को न्याय मिला था। गांधी के विचारों ने न केवल भारत अपितु दुनिया भर के लोगों को न केवल प्रेरित करने का काम किया बल्कि दया, अहिंसा, सहिष्णुता, और शान्ति की संस्कृति को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांधी का जीवन हाशिये पर खड़े लोगों और शोषित समाज की आवाज उठाने में समर्पित रहा। नये भारत का खाका तैयार करने में गांधी की अहम भूमिका है।आज की 21वीं सदी गांधी को और भी आशा से देखती हुई नजर आ रही है। गांधी ने सर्वधर्म समभाव अर्थात सभी धर्म समान हैं तथा सर्वधर्म सद्भाव अर्थात सभी धर्मों के प्रति सद्भावना बनाए रखने के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को पुरजोर तरीके से संसार के समक्ष रखा।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है शिक्षा : सीएम योगी



**एजेंसी। गोरखपुर**

**सीएम योगी ने पिछले सात सालों से सरकार के प्रयासों से प्रदेश के परिषदीय स्कूलों की दशा में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा, "2017 के पहले ड्रापआउट एक बड़ी समस्या थी। बड़ी संख्या में नामांकित बच्चे भी स्कूल नहीं आते थे तो कई कक्षा पांच के बाद छह में और कक्षा आठ के बाद नौ में एडमिशन नहीं लेते थे। सरकार ने 'स्कूल चलो अभियान' में शिक्षकों की भूमिका को महत्व दिया तो आज ये समस्या दूर होती जा रही है। स्कूल चलो अभियान का परिणाम है कि 2017 के बाद यूपी के परिषदीय विद्यालयों में 50 से 60 लाख नए बच्चे बढ़े हैं। बीच के दो साल कोरोना से प्रभावित होने के बावजूद इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 1.34 करोड़ से बढ़कर 1.92 करोड़ हो गई है।"**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी समर्थ और सशक्त राष्ट्र की सबसे प्रमुख उपलब्धि शिक्षा होती है। शिक्षा सभ्य व समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की बुनियाद है और बुनियादी जरूरत भी। शिक्षा के बिना मानवीय मूल्यों और जीवन सृष्टि की आवश्यकताओं की पूर्ति की कल्पना नहीं की जा सकती है। सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के लिए "निपुण भारत मिशन" के तहत प्रदेश में ह्यरोड टू स्कूलह्ण के पहले प्रोजेक्ट का शुभारंभ कर रहे थे। चरगांवा ब्लॉक क्षेत्र के एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्ति आत्मनिर्भर होगा तो समाज और राष्ट्र भी आत्मनिर्भर होगा। ऐसे में कोई कारण नहीं कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से वंचित रह जाए। उन्होंने शिक्षा के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि प्राचीन समय से अलग अलग कालखंडों में शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के प्रयास किए गए। इसमें गुरुकुल प्रणाली भी प्रेरक रही। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, काशी, कांचीपुरम की ख्याति अध्ययन और अध्यापन के बेहतरीन केंद्र के रूप में रही। प्राचीनकाल के अलावा बदले हालात में देश को आजादी मिलने के बाद भी शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रयास हुए, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब हम बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे तो भारत का भविष्य उज्ज्वल बनाने में सफल होंगे। रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट स्कूल चलो अभियान का ही नया रूप है। इसमें रिसोर्स पर्सन और उनके ऊपर की टीम एक पिरामिड के रूप में बच्चों को स्कूल लाने, उनकी उपस्थित बनाए रखने और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला कौशल की मॉनिटरिंग करती है। रोड टू स्कूल में बच्चों को उदाहरण देकर सिखाने पर जोर है। यह एक अभिनव कार्यक्रम है जो बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन, कक्षा में उनकी नियमित उपस्थिति और आगे की कक्षाओं में प्रवेश के लिए संवेदनशील प्रयास करता है। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए जो तमाम प्रयास हो रहे हैं, 'रोड टू स्कूल' उसी का हिस्सा है। बेसिक शिक्षा विभाग के साथ मिलकर ह्यरोड टू स्कूलह्ण प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने अशोक लीलैंड लिमिटेड और उसके कार्यान्वयन भागीदार लर्निंग लिंक फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने बताया कि रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में चरगांवा ब्लॉक के सभी 78 परिषदीय विद्यालयों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट) को शामिल किया गया है।

# खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता जरूरी है और हरित पर्यावरण के लिए रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में उन्होंने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किये। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खनिज उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। सरकार राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपॉजिटरी पोर्टल के माध्यम से भू-वैज्ञानिक डेटा के एकीकरण, खनिज संसाधनों की खोज और खनन में एआई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग जैसे कई कदम उठा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के हमारे प्रयास इस लक्ष्य के अनुरूप हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हरित परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे खनिजों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन की स्थापना से भारत को आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक विकास तथा हरित परिवर्तन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिजों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने कोलकाता में राष्ट्रीय भूस्खलन पूवार्नुमान केंद्र की स्थापना पर खुशी जताई, जो भूस्खलन की आशंका वाले सभी राज्यों के लिए पूर्व चेतावनी जारी करेगा।

## बदलापुर हैवानियत मामले में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

# भारी बवाल के बीच एसआईटी गठित

**एजेंसी। बदलापुर**

बदलापुर हैवानियत मामले को लेकर प्रदेश सरकार ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय ने ट्वीट कर कहा है कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाणे पुलिस आयुक्त को बदलापुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, सहायक उप-निरीक्षक और हेड कांस्टेबल को तुरंत निलंबित करने का आदेश दिया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने घटना के बाद शुरूआती चरण में कार्रवाई में देरी की थी। वहीं, घटना को लेकर एसआईटी का गठन किया गया है। मामले की आगे की जांच एसआईटी करेगी।



### महिलाओं की सुरक्षा की उठी मांग

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ कथित यौन उत्पीड़न की घटना पर शिवसेना (यूबीटी) ने भी गुस्सा जाहिर किया है। पार्टी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि यह बहुत दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि हर बार कहा जाता है कि वे लड़ेंगे महिलाओं के अधिकारों के लिए और उन्हें न्याय मिलेगा, लेकिन चुनाव खत्म हो जाने के बाद कोई उनकी बात नहीं सुनता। वहीं प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि उन्हें मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना के तहत लाभ नहीं चाहिए। उन्होंने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा की मांग की है।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के मामले की जांच का जिम्मा एसआईटी को सौंप दिया गया है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि एसआईटी का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रैंक की अधिकारी आरती सिंह करेंगी। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बदलापुर स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों से बात की। उन्होंने कहा कि सीएम एकनाथ शिंदे ने घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसके अलावा उस स्कूल पर भी कार्रवाई की जा रही है जहां यह घटना हुई थी।

### स्कूल में तोड़फोड़

इधर, घटना से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने स्कूल में तोड़फोड़ की। वे बदलापुर स्टेशन पर पटरियों पर उतर आए और लोकल ट्रेनों का परिचालन रोक दिया। इस दौरान गुस्साई भीड़ ने रेलवे स्टेशन पर पथराव भी किया। लोगों को इस बात से भी गुस्सा था की मामला दर्ज करने के लिए पुलिस ने पीड़ित परिवार को 12 घंटे का इंतजार करवाया। वहीं, प्रदेश के सीएम एकनाथ शिंदे ने चेतावनी दी है कि यदि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही या मिलीभगत पाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदर्शन कर रही भीड़ से शांति बरतने की अपील की है। घटना को लेकर स्कूल के एक अटेंडेंट को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने घटना को लेकर प्राचार्य, एक क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया है।

### सीएम शिंदे ने दिया दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस को स्कूल में दो छात्राओं के साथ हुए कथित यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप दर्ज करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि मामले की त्वरित सुनवाई की जाएगी और एक विशेष सरकारी वकील नियुक्त किया जाएगा। वहीं घटना के बाद अभिभावकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है।

### घटना के विरोध में जारी है प्रदर्शन

बदलापुर के एक स्कूल में बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में लोगों का प्रदर्शन जारी है। बदलापुर स्टेशन लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया है। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि लोग रेलवे ट्रैक पर बैठे हैं।

# मदरसा में जो शिक्षा दी जा रही उसकी जांच हो : मंत्री नीरज बबलू

**एजेंसी। पटना**



बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने मदरसों में दी जाने वाली शिक्षा पर उठ रहे सवाल पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मदरसा में जो गतिविधियां होती है, वह सही नहीं होती है। मैं पहले से यह बात कहते आ र?हा हूं। देश के खिलाफ भड़काने को लेकर मदरसा में गलत शिक्षा दी जाती है।

**शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए :** नीरज कुमार बबलू ने कहा कि मदरसा में जो शिक्षा दी जा रही है, उसकी जांच होनी चाहिए। मदरसा में सिर्फ एक धर्म के बच्चे क्यों पढ़ेंगे? सभी धर्म के बच्चे क्यों नहीं पढ़ सकते हैं? शिक्षा में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी धर्म और सभी जाति के बच्चे को कहीं भी शिक्षा देने का काम होना चाहिए। मदरसा में अगर पाकिस्तान का सिलेबस पढ़ाया जा रहा है तो यह चिंता का विषय है। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। बीजेपी के सहयोगी चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के ने सरकारी नियुक्तियों के लिए किसी भी पहल की कड़ी आलोचना की है, जो आरक्षण के सिद्धांतों के खिलाफ हैं। इस पर नीरज बबलू ने कहा कि हमारे सहयोगी दल के नेता अपनी बात रख रहे हैं, उनकी बातों पर विचार किया जाएगा।

### तेजस्वी यादव बेरोजगार हो चुके

तेजस्वी यादव के द्वारा लैटरल एंट्री पर केंद्र सरकार को घेरने के विषय पर मंत्री नीरज कुमार बबलू ने कहा तेजस्वी यादव बेरोजगार हो चुके हैं। जनता ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया है। अनाप-शनाप बयान बाजी तेजस्वी यादव कर रहे हैं लोगों को भड़का कर। विधानसभा जब चलता है तो सदन में आते नहीं है, सरकार से सवाल पूछने के लिए। उन्होंने कहा कि वह जनता को भड़काने के लिए बयान दे रहे हैं जनता ने उन्हें विधानसभा भेजा है काम करने के लिए, मगर विधानसभा नहीं जाएंगे जनता का सवाल पूछने। जब सत्ता में रहते हैं तो लूट करने से फुर्सत नहीं मिलती है, उस समय जनता के बीच क्यों नहीं जाते हैं? धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले यह लोग बिहार को गर्त में ले जाने का काम किया है। बता दें कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बिहार सरकार द्वारा वित्त पोषित मदरसों में कट्टरपंथी पाठ्यक्रम पढ़ाए जाने को लेकर चिंता जाहिर की है। इसके अलावा मदरसों में पाकिस्तान की किताबें पढ़ाई जाने की बात भी सामने रही है।

# भूकंप के दो झटकों से दहली कश्मीर घाटी, बारामूला था केंद्र

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में मंगलवार को लगातार भूकंप के दो झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.9 और 4.8 दर्ज की गई है। हालांकि, इस भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने बताया कि पहला भूकंप सुबह 6:45 बजे आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.9 थी। भूकंप का केंद्र जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में था और इसकी गहराई जमीन से 5 किलोमीटर नीचे थी। वहीं, दूसरा भूकंप सुबह 6:52 बजे आया और इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.8 थी। दूसरे भूकंप का केंद्र भी बारामूला जिले में था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर नीचे थी। मौसम विभाग के मुताबिक, भूकंप का असर पूरी कश्मीर घाटी में महसूस किया गया है। भूकंप के झटकों के बाद घरों में मौजूद लोग बाहर निकल आए। प्रांतीय अधिकारियों ने कहा है कि अभी तक घाटी में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

बता दें कि कश्मीर घाटी भूकंप संभावित क्षेत्र में स्थित है। 8 अक्टूबर, 2005 को कश्मीर में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। इस भीषण भूकंप ने कश्मीर में तबाही मचाई थी, जिसमें 80,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

# झारखंड में चंपाई की बगावत के बाद बिहार में गरमाई सियासत

**पटना।** झारखंड की राजनीति में इस वक्त हलचल तेज है और जल्दी ही कोई बड़ा खेल होने वाला है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली में जमे हुए हैं। जानकारी के अनुसार वे बीजेपी नेताओं के संपर्क में हैं। वहीं, जेएमएम वेट एंड वाच की स्थिति में है और जेएमएम को चंपई सोरेन के अगले कदम का इंतजार है। लेकिन, इसका असर न सिर्फ खटट पर पड़ेगा, बल्कि इसका प्रभाव झारखंड की महागठबंधन की सरकार पर भी पड़ सकता है। बल्कि, दिलचस्प ये कि अब झारखंड की राजनीतिक उठापटक की आंच बिहार की सियासत पर भी पड़ने की संभावना बढ़ गई है। कम से कम नीतीश कुमार के एक करीबी मंत्री के दावे से यही बात निकलकर आ रही है। दरअसल, झारखंड की राजनीति में पल पल बदल रहे राजनीतिक घटनाक्रम का प्रभाव बिहार में भी पड़ने की संभावना दिखने लगी जब नीतीश कुमार के करीबी बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने कहा कि जो कुछ झारखंड में महागठबंधन की सरकार के साथ हो रहा है।

## गिरिराज सिंह का बंगाल सरकार पर बड़ा आरोप

# ममता बना रहीं घुसपैठियों का आधार कार्ड

**एजेंसी। पटना**



केंद्रीय मंत्री और बिहार के बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने बंगाल सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने सीधा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला बोला है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि ममता बनर्जी बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का आधार कार्ड बना रही हैं। ममता बनर्ती अगर आगे भी सीएम रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पश्चिम बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा।

**संकट में है बंगाल का अस्तित्व**

गिरिराज सिंह ने कहा कि दिल्ली में जो महिला मेड हैं वह बांग्लादेशी हैं। यहां आराम से घूम रही हैं और काम कर रही हैं। बांग्लादेश की बांग्ला भाषा में बात करती हैं। बंगाल में एक गहन जांच की जरूरत है। ममता बनर्जी वोट की लालच में अवैध घुसपैठियों को रेड कार्पेट दे रही हैं। ममता बनर्जी आज बंगाल के सारे अस्तित्व को खत्म कर रही हैं, इसलिए इस पर जांच होनी चाहिए।

### बंगाल ममता से नहीं संभल रहा तो दें इस्तीफा

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद उसकी हत्या करने की घटना पर गिरिराज सिंह ने कहा कि यह बहुत ही अजीब है। मैं हैरान हूं। बंगाल में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से खराब हो चुकी है। ममता बनर्जी मुख्यमंत्री के साथ साथ स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। कानून व्यवस्था और सत्ता उनके हाथ में है। अगर उनसे नहीं संभल रहा है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर उन्हें सत्ता से नहीं हटाया गया, तो पश्चिम बंगाल दूसरा बांग्लादेश बन जाएगा।

# उपचुनाव के पहले राहुल गांधी का अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली का दौरा

**एजेंसी। रायबरेली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंच रहे हैं। एक दिवसीय दौरे वह रायबरेली के नसीराबाद क्षेत्र के पिछवरिया स्थित गांव में अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि रायबरेली के सांसद राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। वह यहां से सीधे पिछवरिया पहुंचेंगे। यहां पर वो अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात करेंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे कार से पिछवरिया के लिए रवाना होंगे। यहां पर पिछले दिनों दलित युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके परिजनों से राहुल गांधी मुलाकात करेंगे। उस परिवार को न्याय दिलाने के लिए कई बार ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया था। हत्या के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने के कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी है। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राहुल के दौरे के बाद रायबरेली की सियासत भी गरमाएगी। राजनीतिक जानकार बता रहे हैं कि अर्जुन की हत्या का मामला सवर्ण बनाम दलित हो गया है। भीम आर्मी प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई थी। 18 अगस्त को अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अर्जुन पासी के घर पहुंचा था। कांग्रेस सांसद ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और घटना की जानकारी ली। शर्मा ने रिपोर्ट राहुल गांधी को दी थी। इसके पहले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोहनलालगंज से सांसद आरके चौधरी की अगुवाई में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अर्जुन पासी के घर भेजा था। नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी अपना एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित के घर भेजा था। नेताओं ने परिवार की वीडियो कॉल पर चंद्रशेखर से बात भी करवाई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृष :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें।

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे।

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

# कोलकाता डॉक्टर हत्याकांड के विरोध में मुजफ्फरपुर में लगातार सातवें दिन हड़ताल

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर बिहार में जूनियर डॉक्टर की हड़ताल थमने का नाम नही ले रही है। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में आज मंगलवार को लगातार सातवें दिन भी मुजफ्फरपुर में ओपीडी बंद रही। जिसके कारण मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मंगलवार को भी मरीजों को बिना इलाज के वापस जाना पड़ा।




### लगातार सातवें दिन हड़ताल

पिछले सप्ताह सोमवार से एसकेएमसीएच के डॉक्टर हड़ताल पर हैं। वहीं जूनियर डॉक्टर एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ प्रशांत ने कहा कि जब तक कोलकाता मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी और ओपीडी बंद रहेगी। मेडिकल कॉलेज में हड़ताल की वजह से मरीज निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। कुछ मरीजों ने बताया कि उन्हें डॉक्टर को दिखाना जरूरी है, लेकिन हड़ताल की वजह से निजी अस्पतालों में ज्यादा पैसे देने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### मरीजों को बिना इलाज के जाना पड़ रहा वापस

मेडिकल कालेज में मुजफ्फरपुर के अलावा बेतिया मोतिहारी सीतामढ़ी आदि जिलों से भी मरीज आते हैं। बाढ़ की वजह से मौसमी बीमारियां से पीड़ित लोग इलाज के लिए आते हैं। लेकिन हड़ताल की वजह से वापस जाना पड़ रहा है।

### डॉक्टरों ने लगाया काला बिल्ला

इधर बिहार स्वास्थ्य संघ के निर्देश पर सदर से पीएचसी तक के डॉक्टरों ने काला बिल्ला लगाया है। संघ के जिला सचिव ने बताया की संघ ने राज्य सरकार से अपनी मांगे मानने के लिए 25 अगस्त तक का समय दिया है। 25 अगस्त तक हम काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। उसके बाद सरकार ने अगर मांगे नही मानी तो संघ ठोस कदम उठाएगा और इसकी जिम्मेदार सरकार होगी।

# तेजस्वी अपने ही नेताओं को बिका हुआ बता रहे : पीके

**एजेंसी। पटना**

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने तेजस्वी पर सोमवार को पटना में कार्यकतार्ओं के साथ बैठक के दौरान तंज कसते हुए कहा कि बाबू जी की राजनीति की दुकान पर बैठकर अपने ही नेताओं को गाली दे रहे हैं।

प्रशांत किशोर ने कहा कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने ही पत्र लिख कर अपने कार्यकतार्ओं और नेताओं से कहा कि आप जन सुराज में शामिल न हों। तेजस्वी यादव द्वारा दिए गए बयान का मतलब यह है कि वे खुद अपनी ही पार्टी के नेताओं और कार्यकतार्ओं पर सवाल उठा रहे हैं। यदि वे कह रहे हैं कि राजद के लोग पैसा लेकर जन सुराज में जा रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि वे खुद अपनी पार्टी के सदस्यों की नीयत पर शक कर रहे हैं। पीके ने कहा कि ये तो तेजस्वी की राजनीतिक नादानी दिखाता है कि वो अपने ही कार्यकतार्ओं को बिका हुआ बता रहे हैं। यह साफ जाहिर होता है कि केवल पिता जी की राजनीतिक विरासत मिल जाने से कोई बिहार का राजनेता नहीं बन जाता है। लालटेन से किरासन तेल निकलने के डर से तेजस्वी बौखलाए हुए हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि राजनीति में ऐसे बयान अक्सर विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए दिए जाते हैं लेकिन कभी-कभी ये खुद की पार्टी में असंतोष और अव्यवस्था का संकेत भी दे देते हैं। इससे यह भी साफ होता है कि जन सुराज आंदोलन की तरफ से राजद को एक चुनौती महसूस हो रही है। तेजस्वी यादव के बयान से यह प्रतीत होता है कि वे जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित हो गए हैं। इसलिए वे इसे रोकने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।

# चोटिल मेसी अर्जेंटीना के विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर



## अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से भिड़ेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी चोट के कारण अगले महीने चिली और कोलंबिया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालीफायर मैचों में नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, 37 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार को एल्बीसेलेस्टे की 28 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया, क्योंकि वह जुलाई में कोपा अमेरिका फाइनल में कोलंबिया पर अर्जेंटीना की जीत के दौरान लगी टखने की चोट से उबर रहे हैं। अनुभवी रिवर प्लेट के गोलकीपर फ्रेंको अरमानी को भी बाहर रखा गया, साथ ही रोमा के फारवर्ड पाउलो डायबाला को भी बाहर रखा गया। मिडफील्डर एजेक्विएल फर्नांडीज और स्ट्राइकर वैलेन्टिन कैस्टेलानोस को पहली बार बुलाया गया था, जबकि युवा प्रतिभाएं एलेजांद्रो गार्नाचो, वैलेन्टिन कार्बोनी, वैलेन्टिन बारको और मटियास सोल को भी शामिल किया गया है। अर्जेंटीना 5 सितंबर को ब्यूनस आयर्स में चिली से और पांच दिन बाद बैरेंक्विला में कोलंबिया से भिड़ेगा। एल्बीसेलेस्टे वर्तमान में छह मैचों में 15 अंकों के साथ 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है।

### अर्जेंटीना टीम

- **गोलकीपर:** वाल्टर बेनिटेज़ (पीएसवी आइंडहोवेन), गेरोनिमो रूली (ओलंपिक डी मार्सिले), जुआन मुसो (अटलांटा), एमिलियानो मार्टिनेज (एस्टन विला)।
- **डिफेंडर:** गोंजालो मोंटिएल (सेविला), नहुएल मोलिना (एटलेटिको मैड्रिड), क्रिस्टियन रोमेरो (टोटेनहम हॉटस्पर), जर्मन पेज़ेला (रिवर प्लेट), लियोनार्डो बालेरडी (ओलंपिक मार्सिले), निकोलस ओटामेंडी (बेनफिका), लिसेंड्रो मार्टिनेज (मैनचेस्टर यूनाइटेड), निकोलस टैग्लियाफिको (ओलंपिक लियोनिस), वैलेन्टिन बारको (ब्राइटन और होव एल्बियन)।
- **मिडफील्डर:** गुइडो रोड्रिगेज (वेस्ट हैम यूनाइटेड), एलेक्सिस मैक एलिस्टर (लिवरपूल), एंजो फर्नांडीज (चेल्सी), जियोवानी लो सेल्सो (टोटेनहम हॉटस्पर), एजेक्विएल फर्नांडीज (अल कादसिया), रोड्रिगो डी पॉल (एटलेटिको मैड्रिड), , लिएंड्रो पेरेडेस (एएस रोमा)।
- **फॉरवर्ड:** एलेजांद्रो गार्नाचो (मैनचेस्टर यूनाइटेड), मटियास सोले (एएस रोमा), गिउलिआनो शिमोन (एटलेटिको मैड्रिड), वैलेन्टिन कार्बोनी (ओलंपिक मार्सिले), जूलियन अल्वारेज़ (एटलेटिको मैड्रिड), लुटारो मार्टिनेज (इंटर मिलान), वैलेन्टिन कैस्टेलानोस (लाज़ियो)।

## राजनीति में शामिल हो सकती हैं विनेश!

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में इस समय महिला पहलवान विनेश फोगाट की चर्चा है। पेरिस ओलंपिक में अपनी वेट कैटेगरी से मात्र 100 ग्राम अधिक वजन के कारण वो डिसक्वालीफाई हो गईं। अब खबर आ रही है कि पेरिस से निराश होकर लौटी दिग्गज पहलवान के आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। विनेश के करीबी सूत्रों ने मंगलवार को आईएएनएस को यह जानकारी दी। विनेश ने पहले कहा था कि वह सक्रिय राजनीति में नहीं आएंगी। लेकिन नई रिपोर्ट के अनुसार, कुछ राजनीतिक दल उन्हें मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। विनेश पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने का मौका चूक गईं, क्योंकि उन्हें 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण फाइनल से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। शनिवार को सोनीपत स्थित उनके गांव बलाली में विनेश का जोरदार स्वागत किया गया।

## जर्मनी के कप्तान गुंडोगन ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास



**बर्लिन।** घरेलू धरती पर यूरो 2024 में जर्मनी की कप्तानी करने वाले इल्के गुंडोगन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। अनुभवी मिडफील्डर ने 33 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी से हटने का फैसला किया। अपने देश के लिए 82 मैचों में 19 गोल करने वाले गुंडोगन ने कहा, "कुछ हफ़्तों के चिंतन के बाद, मैंने फैसला किया है कि अब अपने राष्ट्रीय टीम करियर को समाप्त करने का समय आ गया है। मुझे अपने देश के लिए 82 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर गर्व है, एक ऐसी संख्या जिसके बारे में मैंने 2011 में अपने सीनियर पदार्पण के समय कभी सपने में भी नहीं सोचा था। निस्संदेह, पिछली गर्मियों में हमारे घरेलू यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम की कप्तानी करने का बड़ा सम्मान मेरा मुख्य आकर्षण था।" गुंडोगन की सेवानिवृत्ति थॉमस मुलर और टोनी क्रूस की अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद हुई है, जिन्होंने यूरो 2024 में स्पेन से जर्मनी की 2-1 क्वार्टर फाइनल हार के बाद संन्यास ले लिया था। अक्टूबर 2011 में बेल्जियम के खिलाफ़ गुंडोगन ने जर्मनी के लिए पदार्पण किया। चोट के कारण वे 2014 विश्व कप और 2016 यूरोपीय चैम्पियनशिप से चूक गए।

# डैरियस वीसे ने तोड़े कई टी20 रिकॉर्ड

**एजेंसी। आपिया**



क्रिकेट जगत में रोजाना नए रिकॉर्ड बनते और टूटते रहते हैं। इस लिस्ट में अब समोआ के डैरियस वीसे का नाम भी जुड़ गया है। समोआ के बल्लेबाज डैरियस वीसे ने वनुआतु के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप ईस्ट एशिया-पैसिफ़िक रीजन क्वालिफ़ायर मुक़ाबले में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ डाले, जिसकी बदौलत एक ही ओवर में उनकी टीम के खाते में 39 रन जुड़ गए। यह टी20 इतिहास में एक ओवर में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और ऐसा करते हुए उन्होंने अब से पहले इस प्रारूप में पांच बार एक ओवर में बनाए गए 36 रनों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। यह कीर्तिमान समोआ की पारी के 15वें ओवर में आया, जिसमें तीन नो बॉल भी शामिल थीं। डैरियस वीसे के इस शानदार ओवर ने न केवल कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए, बल्कि समोआ को एक मजबूत स्कोर तक भी पहुंचाया। उनकी 132 रनों की पारी, जिसमें 14 छक्के शामिल थे - टी20 इतिहास में पांचवां सबसे बड़ा स्कोर। समोआ के अंतिम स्कोर 174 का 75.86% था, जो टी20 पारी में किसी एक बल्लेबाज द्वारा बनाए गए रनों के उच्चतम प्रतिशत का नया रिकॉर्ड है।

# थोड़ी और तैयारी के बाद उतरूंगा मैदान पर : ईशांत शर्मा



### पुरानी दिल्ली 6 की टीम इस प्रकार है

ललित यादव, ईशांत शर्मा, अर्पित राणा, शिवम शर्मा, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, मयंक गुसाईं, सनत सांगवान, अंकित भड़ाना, युग गुप्ता, केशव दलाल, आयुष सिंह, कुश नागपाल, सुमित छिकारा, अर्नव बुग्गा, वंश बेदी, मंजीत, यश भारद्वाज, संभव शर्मा, लक्ष्मण।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा मैदान पर वापस आने और यहां नई दिल्ली के प्रतिष्ठित श्री अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं। पुरानी दिल्ली 6 मंगलवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स से भिड़ेगी और बुधवार को वेस्ट दिल्ली लायंस से भिड़ेगी। ईशांत ने आखिरी बार सफेद गेंद वाला मैच आईपीएल 2024 में खेला था लेकिन अब वह डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक है। ईशांत शर्मा ने एक बयान में कहा, "डीपीएल के लिए तैयारी अच्छी रही है। आईपीएल के बाद मुझे अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं मिला। बस अपनी फ्रेंचाइजी के लिए थोड़ी और तैयारी करूंगा और मैं डीपीएल में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हो जाऊंगा। आप सभी मुझे पुरानी दिल्ली 6 के लिए आने वाले मैच में गेंदबाजी करते हुए देखेंगे।" ईशांत अपने विशाल अनुभव से युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। पुरानी दिल्ली 6 के युवा खिलाड़ी ईशांत के साथ रहने का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। ईशांत ने पिछले हफ्ते कहा था, "युवा खिलाड़ियों के लिए मेरा संदेश है कि कड़ी मेहनत करते रहें और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें, यह प्रारूप क्रूर हो सकता है लेकिन अगर अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें और कड़ी मेहनत करें तो आप किसी भी प्रारूप में चमत्कार कर सकते हैं।

# करियर के सर्वोच्च स्थान पर हर्षिता समरविक्रमा और गैबी लुईस

**01** समरविक्रमा तीन पायदान ऊपर चढ़कर टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं

**02** गैबी लुईस चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गई हैं

**एजेंसी। दुबई**

श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा और आयरलैंड की गैबी लुईस ने डबलिन में टी20 सीरीज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला टी 20 रैंकिंग में करियर के सर्वोच्च स्थान हासिल किया। दूसरे टी20 मैच में 44 गेंदों पर 65 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाली समरविक्रमा तीन पायदान ऊपर चढ़कर टी20 रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी ओर, लुईस की 75 गेंदों पर 119 रनों की शानदार मैच विजयी पारी, जिसमें 17 चौके और दो छक्के शामिल थे, ने उन्हें चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंचा दिया, जो जुलाई 2022 से उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाली आयरलैंड की कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। मंगलवार को घोषित नई रैंकिंग अपडेट में दूसरे टी20 के साथ-साथ श्रीलंका और आयरलैंड के बीच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप (आईडब्ल्यूसी) वनडे सीरीज के पहले दो मैचों के प्रदर्शन को शामिल किया गया है। तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने वाले आयरलैंड के कई खिलाड़ियों ने रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। श्रृंखला में अब तक 131 रन बनाकर आयरलैंड की शीर्ष रन बनाने वाली खिलाड़ी ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 28वीं रैंकिंग हासिल करने के लिए नौ पायदान की छलांग लगाई है। लीह पॉल ने भी चार पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि एमी हंटर 10 पायदान ऊपर चढ़कर अब संयुक्त 34वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के लिए, चामरी अथापथु के वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना से पीछे चौथे स्थान पर खिसकने के बावजूद, अन्य खिलाड़ियों को लाभ हुआ है।




## ओलंपिक 2028 का हिस्सा बनना चाहते हैं स्टीव स्मिथ

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं, जो संभवतः टी 20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। स्टीव स्मिथ को इस साल जून में ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन अनुभवी बल्लेबाज अपने टी20 अंतर्राष्ट्रीय भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्मिथ ने हाल ही में सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का बीबीएल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इसका अर्थ यह है कि वह कम से कम 2026-27 तक पेशेवर क्रिकेट खेलते रहेंगे। लेकिन क्या वह ऑस्ट्रेलिया के टी20 सेट-अप में भी बने रहेंगे? स्मिथ इस संभावना से इनकार नहीं करते हैं। हालांकि, स्मिथ को ओलंपिक में खेलने के अपने सपने को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से हासिल करनी होगी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने कहा, "मैं अगले चार साल तक कम से कम टी20 क्रिकेट खेलता रहूंगा।

## महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश से छीनी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी मंगलवार को बांग्लादेश से छीन ली है। तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाला यह वैश्विक टूनामेंट अब संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने यह फैसला बांग्लादेश में भारी उथल-पुथल और हिंसा को देखते हुए लिया है। मालूम हो कि पिछले कुछ महीनों से बांग्लादेश में अराजकता की स्थिति बनी हुई है जिस कारण पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीन को अपना पद और देश छोड़ना पड़ा था।

## लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर हो सकते हैं जहीर खान

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान नई भूमिका में नजर आ सकते हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, जहीर खान की मेंटॉर की भूमिका के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ बातचीत चल रही है। भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर खान को गौतम गंभीर की गैर-मौजूदगी से बनी जगह पर रखने की बात चल रही है। अगर जहीर यह पद संभालते हैं, तो लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजों को काफी मदद मिलेगी क्योंकि जहीर एक दिग्गज गेंदबाज रहे हैं।



## सबालेंका ने जीता सिनसिनाटी ओपन खिताब

**सिनसिनाटी।** आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जेसिका पेगुला को हराकर जनवरी के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपना पहला खिताब हासिल किया। बेलारूसी खिलाड़ी ने अपना प्रभावी प्रदर्शन करते हुए केवल 76 मिनट में 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, जो उनके करियर का 15वां खिताब और डब्ल्यूटीए 1,000 स्तर पर उनका छठा खिताब है। इस जीत से अमेरिकी पेगुला की नौ मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया, जिसने हाल ही में अपने कनाडाई ओपन खिताब का बचाव किया था। सबालेंका, जो जल्द ही दुनिया की नई नंबर दो खिलाड़ी बन जाएंगी, ने मैच पर जल्दी ही नियंत्रण कर लिया, चौथे गेम में पेगुला की सर्विस तोड़ दी और पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 26 वर्षीय खिलाड़ी को कुछ देर के लिए लड़खड़ाना पड़ा, जब पेगुला ने वापसी की, जबकि सबालेंका 5-4 पर खिताब के लिए सर्विस कर रही थी। हालाँकि, सबालेंका ने तुरंत अपना संयम वापस पा लिया, पेगुला की सर्विस को फिर से तोड़ दिया और आत्मविश्वास से मैच जीत लिया।



# जोमैटो में हुई 5438 करोड़ रुपये की ब्लॉक डील




**एजेंसी। मुंबई**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयर में मंगलवार को 21 करोड़ शेयरों (2.4 प्रतिशत इक्विटी) का सौदा हुआ। इसकी वैल्यू करीब 5,438.5 करोड़ रुपये थी। यह ब्लॉक डील एंटफिन सिंगापुर की ओर से 258 रुपये प्रति शेयर के भाव पर किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद जोमैटो का शेयर हल्की गिरावट के साथ 259.58 रुपये पर शुरुआती कारोबार में ट्रेड कर रहा था। एंटफिन सिंगापुर के पास जोमैटो में 4.24 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। इसकी वैल्यू करीब 10,000 करोड़ रुपये की थी।

रिपोर्ट में बताया गया कि इस ब्लॉक डील के साथ ही एंटफिन के लिए 90 दिनों का लॉक-इन- पीरियड शुरू हो गया है। इसके बाद ही एंटफिन कोई दूसरा सौदा बाजार में कर पाएगी। इससे पहले एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एंटफिन जोमैटो में 1.54 प्रतिशत हिस्सेदारी 408 मिलियन डॉलर में बेचने की योजना बना रही है।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जोमैटो के मुनाफे में 126 गुना का इजाफा हुआ है। अप्रैल-जून की अवधि के बीच कंपनी ने 253 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2 करोड़ रुपये था। नतीजे आने के बाद से जोमैटो का शेयर 12 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दे चुका है।

चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी की आय में सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की वृद्धि देखने मिली है और अप्रैल-जून की अवधि में यह 4,206 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जोमैटो की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू 27 प्रतिशत बढ़कर 9,264 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट की ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू (जीओवी) सालाना आधार पर 130 प्रतिशत बढ़कर 4,923 करोड़ रुपये हो गई है। ब्लिंकिट की योजना मार्च 2025 तक 1,000 स्टोर्स खोलने की है। 2026 के अंत तक मुनाफे में रहते हुए 2,000 स्टोर्स खोलने की है। इसमें से ज्यादातर स्टोर्स टॉप 10 शहरों में खोले जाएंगे।

# एक साल में जुड़े इंटरनेट के 7.3 करोड़ नए ग्राहक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने दूरसंचार क्षेत्र में 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या पहुंची 119.9 करोड़ के पार पहुंच गई है जबकि ब्रॉडबैंड ग्राहको की संख्या 9.15 प्रतिशत बढ़ी है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट में विभिन्न सेवाओं में हो रहे तेज विकास और उनके मापदंडों पर प्रकाश डाला गया है। सेवा प्रदाताओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान देश में कुल टेली-घनत्व (टेलीफोन सुविधा प्राप्त आबादी का अनुपात) 31 मार्च 2024 को 85.69 प्रतिशत पर पहुंच गया। यह 31 मार्च 2023 में 84.51 प्रतिशत था। इस प्रकार इसमें 1.39 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या 88.1 करोड़ से बढ़कर 95.4 करोड़ हो गई जो 8.30 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष के दौरान 7.3 करोड़ इंटरनेट ग्राहक जुड़े। ब्रॉडबैंड सेवाओं में भी तेजी जारी रही। ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या एक साल पहले के 84.6 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2024 को 92.4 करोड़ हो गई।

## सेंसेक्स 378 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 80,517 से लेकर 80,942 और निफ्टी 24,607 से 24,734 की रेंज में कारोबार किया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 378 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,802 और निफ्टी 126 अंक या 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,698 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) 2,394 शेयर हरे निशान, 1,544 शेयर लाल निशान और 98 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

# भारतीय रेल ने ट्रेनों के लिए लॉन्च किया हाईटेक वाटर लेवल मॉनीटरिंग सिस्टम

**एजेंसी। गुवाहाटी**

भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एडवांस वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम को लॉन्च किया गया है। इस सिस्टम को ट्रायल आधार पर ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस में लगाया गया है। इस नए एडवांस सिस्टम को लगाने का उद्देश्य लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों के लिए पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (सीपीआरओ) कपिंजल किशोर शर्मा ने कहा कि कामाख्या रेलवे स्टेशन पर ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस के एक रेक में पायलट प्रोजेक्ट के तहत रियल टाइम वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम 'वाटर लेवल इंडिकेटर' लगाया गया है। अगर यह पायलट प्रोजेक्ट सफल हो जाता है तो इसे आने वाले समय में अन्य ट्रेनों में भी लगाया जाएगा। इससे ट्रेन यात्रा के दौरान पानी का प्रभावी तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। इस एडवांस सॉल्यूशन के माध्यम से आसानी से ट्रेन के डिब्बों में मौजूद पानी की उपलब्धता का पता लगाया जा सकता है। इसमें एलओआरए और जीपीआरएस आधारित टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इसकी रेंज भी अधिक है और यह कम पावर का इस्तेमाल करते हुए डेटा ट्रांसमिट कर सकता है, जो कि रिमोट लोकेशन के लिए काफी उपयोगी है। इस सिस्टम के माध्यम से आसानी से रियल-टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकेगा। इसका सेंसर पानी के स्तर को 0.5 प्रतिशत की सटीकता के साथ एक से पांच मीटर के बीच नापता है। एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में कामाख्या रेलवे स्टेशन पर इस नए इनिशिएटिव की शुरुआत की गई है।

यह गुवाहाटी में गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टेशन है।

# जुलाई में 39 प्रतिशत म्यूचुअल फंड ने बेंचमार्क को पछाड़ा


**एजेंसी। मुंबई**

देश में 283 ओपन-एंडेड इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम (सेक्टरोल और थीमैटिक फंड्स को छोड़कर) में से 39 प्रतिशत ने जुलाई 2024 में अपने बेंचमार्क से अधिक रिटर्न दिया है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई। पीएल (प्रभुदास लीलाधर) वेल्थ मैनेजमेंट की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि जुलाई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (सेक्टरोल और थीमैटिक फंड्स को छोड़कर) 5.37 प्रतिशत बढ़कर 25,12,845.99 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि जून 2024 में 23,84,727.69 करोड़ रुपए था। रिपोर्ट के मुताबिक, वैल्यू कॉन्ट्रा डिविडेंड यील्ड कैटेगरी के फंड्स का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। इस कैटेगरी के 78 प्रतिशत म्यूचुअल फंड ने अपने बेंचमार्क से ज्यादा रिटर्न दिए हैं। वहीं, स्मॉलकैप का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। रिपोर्ट में कहा गया कि 31 लार्जकैप म्यूचुअल फंड्स स्कीम में से 18 (58 प्रतिशत) ने अपने बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई 100 से ज्यादा रिटर्न दिया है। लार्ज एंड मिडकैप फंड कैटेगरी की 29 में से केवल 7 (24 प्रतिशत) स्कीम ही अपने बेंचमार्क निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 को पछाड़ने में सफल हुई हैं।

# अप्रैल-जून तिमाही में एफडीआई निवेश 26 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 26.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के ताजा मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 6.9 अरब डॉलर का शुद्ध एफडीआई निवेश आया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 4.7 अरब डॉलर था।




मैन्युफैक्चरिंग, फाइनेंसियल सर्विसेज, कम्यूनिकेशन सर्विसेज, कम्प्यूटर सर्विसेज, इलेक्ट्रिसिटी, एनर्जी और अन्य सेक्टर में 80 प्रतिशत ग्रॉस एफडीआई इन्फ्लो आया है। आरबीआई की रिपोर्ट में बताया गया है कि सिंगापुर, मॉरीशस, नीदरलैंड, यूएस और बेल्जियम से 75 प्रतिशत एफडीआई आया है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 9.8 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश आया था, जो कि इससे पहले के वर्ष में 28 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2021-22 में 38 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में बताया गया कि 2023-24 में घटने के बाद निर्यात में 2024-25 में अब तक बढ़त देखने को मिली है। चीन को छोड़कर निर्यात के कुल मूल्य में लगभग आधा हिस्सा रखने वाले शीर्ष 10 गंतव्यों देशों में से नौ में मांग में बढ़त दर्ज की जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की निर्यात बास्केट में इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग गुड्स का भार बढ़ता जा रहा है। वहीं, पारंपरिक निर्यात जैसे ज्वेलरी, टेक्सटाइल, गारमेंट्स, लेदर और समुद्री उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता खो रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजनेस सर्विस जैसे सपोर्ट ऑपरेशंस, इंजीनियरिंग, रिसर्च एंड डिजाइन तेजी से आईटी और सॉफ्टवेयर को पछाड़कर भारत के निर्यात का पावरहाउस बन रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है।

## चोरों ने मध्य विद्यालय को बनाया निशाना

**लातेहार।** सदर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय विशुनपुर को चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने स्कूल के गोदाम का ताला तोड़ा और सामान चोरी उड़ा ले गये। जानकारी के अनुसार, चोरों ने चावल, एक भरा सिलिंडर और रसोई से एक खाली सिलिंडर की चोरी कर ली। विद्यालय प्रबधन ने इसकी सूचना सदर थाना को दी है। जानकारी के अनुसार, गत 17 से 19 अगस्त तक विद्यालय बंद था। इसी दौरान चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बता दें कि यह पहली बार नहीं है, जब स्कूल में सामानों की चोरी हुई है।

# नक्सलियों के खिलाफ बहादुरी दिखाने वाले जवान हुए प्रोन्नत

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिला पुलिस के वे बहादुर जवान जिन्होंने कई नक्सलियों को मौत की नींद सुलाई है। उन जवानों का अब सपना पूरा हुआ है। सरकार ने सभी को इनाम दिया है। बहादुर जवान कॉन्स्टेबल से अधिकारी बन गए हैं। झारखंड सरकार के गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने एक अधिसूचना जारी करते हुए 49 बहादुर जवानों को प्रमोशन दिया है। प्रमोशन पाने वालों में पलामू पुलिस के पांच जवान हैं।

बता दें कि सभी जवानों ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और मुठभेड़ में शामिल हुए थे। पांचों जवान को पुलिस मेडल का गैलेंट्री मिला था। पलामू पुलिस में तैनात जवान रंजीत कुमार को दो बार पुलिस मेडल ऑफ गैलेंट्री मिला है। उन्हें पहली गैलेंट्री के लिए एएसआई जबकि दूसरी गैलेंट्री के लिए सब इंस्पेक्टर में प्रमोशन मिला है।

कांस्टेबल बलराम दास को एएसआई, जुरेंद्र सोय, शशिरंजन कुमार पांडेय, राजेश कुमार साहू और तसादुक अंसारी को एएसआई में प्रमोशन मिला है।

इसमें बहादुरी दिखाने के लिए जुरेंद्र सोय, शशि शशि रंजन कुमार पांडेय, राजेश कुमार साहू और तसादुक अंसारी को गैलेंट्री मिला था। 24 फरवरी 2021 को पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी जेजेएमपी कमांडर मारा गया था। इस मुठभेड़ के लिए रंजीत प्रसाद को गैलेंट्री मिला था।



### वर्षों बाद जवानों का सपना हुआ पूरा

पलामू के नौडीहा बाजार क्षेत्र के झूम झूम पहाड़ पर 18 फरवरी 2018 को पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में नक्सलियों के कमांडर मारे गए थे और कई पकड़े गए थे। इस मुठभेड़ में बहादुरी दिखाने के लिए जवान रंजीत कुमार और बलराम दास को गैलेंट्री मिला था। 28 मई 2018 को पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के हेसाग के इलाके में पुलिस, सुरक्षाबल एवं नक्सली संगठन टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में टीएसपीसी के तीन एरिया कमांडर मारे गए थे।

### लोध फॉल घूमने आए बालूमाथ के पर्यटक फंसे

## जेटीडीसी के कर्मियों ने खतरे का निशान पार कर बचाई जान

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित झारखंड का सबसे ऊंचा लोध फॉल जलप्रपात इन दिनों लगातार बारिश से उफान पर है, जलप्रपात अपने रौद्र रूप धारण कीये हुए है। बालूमाथ से आए दो युवक जलप्रपात के आकर्षण में आकर झरने के नजदीक तक पहुंच गए। इस दौरान सुरक्षा में लगे कर्मियों ने उन दोनों युवकों को आगे जाने से रोका। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात अनसुना करते हुए दोनों आगे बढ़ गए। जिसके बाद अचानक बाढ़ आने की वजह से दोनों युवक झरने के नीचे तेज गति के पानी के बहाव के बीच फंस गए। और बचने के लिए एक बड़े पत्थर के टीले पर चढ़ गए। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब पानी का बहाव कम नहीं हुआ। जब इसकी जानकारी झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के कर्मियों को मिली जो फौरन ही जेटीडीसी के कर्मी मनोज मिंज, दिलीप तिर्की, एडवर्ड तिर्की, अशोक तिर्की मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उन दोनों



युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकालने के बाद दोनों युवकों ने सुरक्षा कर्मियों का धन्यवाद किया। मानसून में सैकड़ो पर्यटक लोध जलप्रपात के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठाने आते हैं। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात नहीं मानते हुए अपनी जान जोखीम में डालकर गहराई पार करने का प्रयास करते हैं। सुरक्षा कर्मियों के द्वारा लगाए गए लाल निशान पार करते हुए कई पर्यटक नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। जिसके बावजूद सुरक्षाकर्मी ध्यान रखते हैं, आए हुए पर्यटकों के साथ कोई अप्रिय घटना ना हो।

### पलामू प्रमंडल के मंईयां योजना के लाभुक पाएंगे पहली किस्त

# कल आएंगे सीएम हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** गढ़वा, पलामू और लातेहार के लिए मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को पहली किस्त की राशि अब 22 अगस्त को जारी की जाएगी। पहले यह 21 अगस्त को जारी होना था। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन योजना की राशि को जारी करेंगे। चियांकी हवाई अड्डा पर उनका कार्यक्रम होगा। बता दें कि इस योजना की शुरुआत पाकुड़ से हो चुकी है।

बता दें कि 22 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन पलामू के दौरा पर रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम पलामू के चियांकि हवाई अड्डा पर निर्धारित किया गया है। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पलामू जिला प्रशासन तैयारी में जुट गई है। चियांकि अड्डा पर मुख्यमंत्री का मंच तैयार किया जा रहा है और टेंट लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री चियांकि हवाई अड्डा से ही पलामू, गढ़वा और लातेहार के लाखों लाभुकों को मंईयां योजना के तहत राशि को जारी करेंगे। यह योजना की पहली किस्त होगी।

पलामू डीसी शशि रंजन समेत अन्य टॉप अधिकारियों ने सोमवार को चियांकि हवाई अड्डा का जायजा लिया और तैयारियों की समीक्षा की। एक लंबे अरसे के बाद चियांकि हवाई अड्डा पर सीएम का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इससे पहले पुलिस स्टेडियम और शिवाजी मैदान में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आयोजित होता था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। 3000 से भी अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की जा रही है और सैकड़ों की संख्या में दंडाधिकारी लगाए जा रहे हैं। वहीं सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।



### क्या है मंईयां योजना

झारखंड में 21से 50 साल की महिलाओं को हर महीने हजार रुपये योजना के तहत दी जाएगी। हर महीने इस उम्र की योग्य महिलाओं के बैंक खाते में 15 तारीख तक 1 हजार रुपए भेज दिए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्रता झारखंड का निवासी होना है। वैसी महिलाएं जो सरकारी या निजी नौकरी में ऊंचे पद पर हैं, या फिर जो आयकर का भुगतान करती हों, जिनका ईपीएफ कटता हो, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिन महिलाओं का बैंक अकाउंट आधार से लिंक नहीं है, वो भी इस योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकेंगी।

## डेंगू मच्छर को काटने से स्वयंसेवक पीयूष पटेल की पत्नी रंजू की मौत

- उठो मां उठो मासूम बच्चों की पुकार से भावुक हुए लोग

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडाई गांव निवासी पीयूष पटेल परमात्मा की पत्नी रंजू पटेल उम्र लगभग 30 वर्ष का डेंगू मच्छर काटने से सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया । मृतिका अपने दो मासूम बच्चे रोहित और जोया को छोड़कर स्वर्ग सिधार गई । बच्चों में एक लड़का और एक लड़की है लड़का का नाम रोहित उम्र 9 वर्ष और लड़की के नाम जोया उम्र 11 वर्ष है ।जानकारी के अनुसार मृतिका का रविवार को हल्का-फुल्का तबीयत खराब होने जैसा लगना शुरू हुआ ।वही उसके कहने पर पति पीयूष पटेल बिना देर किए उसका चेकअप जांच को लेकर मेराल सरकारी अस्पताल पहुंचा। वहां पर जांच के बाद मृतिका को डेंगू मच्छर काटने की बात सामने आई । चिकित्सीय परामर्श के बाद बेहतर इलाज को लेकर पीयूष



अपने परिजनो के साथ मृतिका को लेकर सीधे रांची चला गया। रात भर इलाज के बाद सोमवार को अस्पताल के वेंटिलेटर पर जाने से पहले ही उसकी पत्नी ने अंतिम सांस ले ली। उसके बाद शव को सोमवार देर रात्रि अपने गांव डंडाई लाया गया।

घर पर शव पहुंचते ही को हराम मच गया ।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वही जानकारी पाकर शव को देखने हजारों की संख्या में गांव के ग्रामीण उक्त स्थल पहुंच गए। शव को देखते ही सभी की आंखें नम हो गई। वहीं "उठो मां उठो "बच्चों की पुकार ने स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों का मन को पूरी तरह विभोर कर दिया ।शव के बजाय बच्चों को रोता बिलखता देख ग्रामीण भी उनके साथ विलकना शुरू कर दिए। मृतिका अपने हुनर के बदौलत गांव घर के लोगों के बीच एक अच्छी पकड़ बना ली थी। महिलाओं की पहनावा कपड़ों के लिए वह एक अच्छी कारीगर के रूप में जानी जाती थी। विषम परिस्थिति में भी गांव घर के लोगों की बात मानकर वह उनका दिल जीत लेती थी ।उसी का नतीजा रहा की हजारों ग्रामीणों के बीच वह दाह संस्कार को लेकर डंडाई के दानारो नदी स्थित अस्मशान घाट पहुंची । उधर मृतिका की मौत के बाद पति पियूष पर दो मासूम बच्चों का पहाड़ टूट गया। अब तक स्वतंत्र होकर बाल बच्चों के लिए मेहनत कर रहे पीयूष को बच्चों के खातीर घर में बने रहना मजबूरी हो गया। शव स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू मच्छर से काटने से हुई मौत मेरे गांव की पहली घटना है। उन्होंने कहा कि आज तक गांव घर में किसी भी व्यक्ति विशेष की मौत डेंगू मच्छर को काटने से नहीं हुई थी।

## बेतला की सड़कों पर दिखा जंगली हाथियों का झुंड

**बेतला।** बेतला-छिपादोहर मार्ग से गुजरने वाले कई यात्रियों ने सोमवार को बैगा पानी के पास मेन रोड पर जंगली हाथियों की झुंड को खुलेआम विचरण करते देखा है। वहीं उन हाथियों के झुंड का निशाना बनने से कई लोग बाल-बाल बचे हैं। इसबारे में गारु से मेदिनीनगर बाईक से लौट रहे रणधीर कुमार, युगांत सिंह और लक्ष्मण महतो ने बताया कि बैगा पानी के पास अचानक हाथियों की झुंड देख सभी घबरा गए और बाईक रोक दी। तभी हाथियों की झुंड पलामू किला के जंगलों की ओर रुख कर जाने लगे। हाथियों को जंगल में जाते देख उन्हें कुछ राहत मिली और बाद में वे डरे-सहमे गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। इस तरह सभी उन हाथियों के निशाना बनने से बाल-बाल बच गए। इधर रेंजर शंकर पासवान ने बेतला के जंगलों में इनदिनों बाहरी हाथियों का झुंड आने की बात बताते मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों से सफर के दौरान खास सावधानी बरतने तथा जानवरों के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की है।

## अपराध पर जपला आरपीएफ ने लोगों को किया जागरूक



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रेलवे स्टेशनों ट्रेनों आदि में होने वाले अपराध के प्रति रेलवे स्टेशनों के नजदीक जपला,सतबहिनी, नवगढ़ व छतरपुर आदि गांव के लोगों को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला के निरीक्षक राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सतबहिनी रेलवे स्टेशन पर आम लोगों के साथ साथ यात्रियों को रेलवे में होने वाले अपराध स्टोन पेस्टिंग, रेलवे रैक से कोयला चोरी,अनावश्यक एसीपी, स्टोन पेल्टिग ,सिग्नल गियर से छेड़छाड़, रेलवे परिक्षेत्र में गंदगी फैलाने के साथ साथ यात्रियों के साथ रेलवे स्टेशनों वा ट्रेनों में होने वाले अपराध पर भी उन्हें जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि रेलवे में यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर 139 पर कॉल करें, तत्काल सहायता मिल सकती है। उन्होंने रिजर्वेशन बोगी में यात्रा करने वाले लोगों को जानकारी दी की किसी भी समस्या के लिए वह रेल मदद एप के माध्यम शिकायत कर सकते हैं। तत्काल समाधान किया जाएगा। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा कि रेल में वैध टिकट के साथ यात्रा करें, प्लेटफार्म पर अनाधिकृत विचरण करना, दिव्यांग या महिला बोगी दिव्यांगों व महिलाओं के लिए सुरक्षित होती है ।उन्होंने बताया कि अनाधिकृत यात्रा करने पर जेल या जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि चेन पुलिंग या किसी भी तरह रेलवे की संपत्ति के साथ छेड़ छाड़ करना अपराध है। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### 4 वर्षों से लटका हैदरनगर आरओबी का निर्माण, जाम से नहीं मिला छुटकारा

# हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय में अनुपयोगी साबित हो रहा ओवरब्रिज

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद / हैदरनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय में जपला देवरी रोड में रेलवे की ओर से निर्माण कराए गए ओवर ब्रिज अनुपयोगी दिखने लगा है। इसके निर्माण काल के समय ही कई संगठनों के लोगों ने इस ब्रिज के निर्माण बड़े वाहनों और शहर के लोगों को कोई लाभ नहीं होने की जानकारी रेल अधिकारियों को दी थी। दरअसल कतिपय साजीश के तहत रेलवे की तैयार प्रथम प्राक्कलन, डीपीआर में परिवर्तन करा दिया गया। जिससे मोहम्मदगंज, हैदरनगर से आने जाने वाले वाहनों को ओवर ब्रिज से इस मुख्य पथ अप्रोच पथ नहीं मिलने से शहर के भीतर भीतर ही परिचालन कर एक किलोमीटर अधिक भ्रमण करना पड़ता है। उन्हें देवरी, दंगवार, छतरपुर, मेदिनीनगर जाने के लिए



शहर के अंदर ही प्रवेश का विजय पेट्रोलियम के आगे और सिद्धनाथ पेट्रोलियम के समीप जाना पड़ता है। यही हालात देवरी, दंगवार मुख्य पथ पर आवागमन करने वाले लोगों को होता है। इन मुख्य पथ से भी ओवर ब्रिज पर चढ़ने उतरने के अप्रोच पथ का निर्माण रेलवे ने नहीं कराया। जिससे प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों सहित वाहन चालकों के मुंह से रेलवे और जनप्रतिनिधि की उदासीनता, उपेक्षा और कुव्यवस्था की आवाज गूंजती है। हालांकि इसकी शिकायत कई लोगों से मिलने के बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने स्थानीय जनभावना से पत्र देकर रेलमंत्री और पीएमओ की अवगत कराया है।

उन्होंने कहा है कि ओवर ब्रिज से जब कोई बड़ा वाहन गुजर ही नहीं सकता, तो इस ब्रिज के रहने से लाभ तो नहीं, पर लोगों के बीच अनुपयोगी के साथ आए दिन शिकायतों का पिटारा ही मिल रहा है। इस ब्रिज के चालू होने के बाद भी बड़े वाहन शहर से ही गुजरते हैं। उन्होंने ओवर ब्रिज से सभी मुख्य पथों पर इसके सामने ही आवागमन सुलभ और सुचारू बनाने के लिए अप्रोच पथ बनाने की मांग की है। जिससे सभी मार्ग के लोग अपने पथों से सामने ही ओवर ब्रिज पर चढ़ उतर सकें। वहीं चार वर्षों से हैदरनगर में आरओबी का निर्माण नहीं कराये जाने से घटों मुख्य पथों पर लगने वाली जाम से लोगों को छुटकारा नहीं मिल सका है

## सड़क मरम्मत कार्य में लेट लतीफी से ग्रामीण परेशान

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर मुख्य पथ से पंडा नदी तक 1.58 करोड़ रुपए की लागत से संवेदक द्वारा सड़क मरम्मती कार्य में लेट लतीफी से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया की शिलान्यास के बाद कुछ दिन काम करा के संवेदक द्वारा कार्य को बंद करा दिया गया है। इसके कारण उन सभी को कीचड़ युक्त सड़क से गुजरना पड़ रहा है। संवेदक पिच रोड बनाने के लिए गिट्टी बिछाकर छोड़ दिये है। जबकि जहां पीसीसी पथ की ढ़लाई करना है वहां काम शुरू नहीं किया गया है। इससे बरसात का पानी का ठहराव सड़क के बीचोंबीच होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया की मेघन बियार के घर के पास बारिश का पानी इकट्ठा होने से पैदल सहित वाहन से आने जाने में परेशानी होती है। का ई बार तो बाईक चालक किचड़ युक्त सड़क में फिसलकर गिर जाते हैं।

## अवधेश सिंह चेरो दूसरी बार बने एसटी के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सतबरवा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा अवधेश सिंह चेरो को अनुसूचित जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष दुसरी बार बनाए जाने पर मनिका विधानसभा व सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष हैं। सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज प्रसाद, अरविंद सिंह चेरों, गुड्डू सिंह चेरों, मुकेश प्रसाद,नन्दु प्रसाद , अनिल कुमार सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को आवास पर जाकर अवधेश सिंह चेरों को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अंग वस्त्र व मिठाई खिलाकर बधाई दिए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मनिका विधानसभा के कार्यकर्ताओं में हर्ष हैं पार्टी और भी मजबूत होगी। वहीं समाजिक कार्यकर्ता धीरज प्रसाद ने कहा कि मैं प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद करता हूं कि जमीनी स्तर से जुड़े नेता एवं हर सुख दुःख में शामिल होकर हमेशा सहयोग करना ही इनका कार्य है। प्रदेश उपध्यक्ष बनने से मनिका विधानसभा और भी मजबूत होगा।

## पेज एक का शेष

**दिल्ली में भाजपा...**

उन्होंने कहा कि मैं इस बात को पहले बता दिया हूं। जब उनसे झामुमो के सिंबल से ही चुनाव लड़ने की बात पूछी गई, तो उन्होंने कहा कि मैंने इन सारी बातों की जानकारी पहले दे दी है। इतना कहकर वह आगे निकल गए। राजनीतिक गलियारों इस बात की चर्चा तेजी फैली है कि वह भाजपा ज्वॉइन करने वाले हैं। हालांकि, ये बात अब तक कयासों तक ही सीमित है। दूसरी तरफ, उनके साथ जिन विधायकों के झामुमो छोड़ने की बात कही जा रही थी, वे सभी इसे सिरे से खारिज कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि चंपाई सोरेन के 18 अगस्त के पोस्ट से झारखंड में सियासी भूचाल मचा हुआ है। चंपाई ने लिखा था कि तीन जुलाई को हुई विधायक दल की बैठक में कहा था कि आज से मेरे जीवन का नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में यदि कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक तथा आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों तक इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट ने...**

तब चीफ जस्टिस ने कहा कि प्रोटोकॉल केवल कागज पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि ये पूरे देश में लागू होना चाहिए। कोलकाता में पीड़िता का नाम और फोटो देशभर की सभी मीडिया में प्रकाशित हुए। सिब्बल ने कहा कि जांच में पता चला कि यह एक हत्या का मामला है। तब चीफ जस्टिस ने पूछा कि क्या एफआईआर में हत्या का जिक्र है। चीफ जस्टिस ने कहा कि अपराध की सूचना सुबह मिली। अस्पताल के प्रिंसिपल इस मामले को खुदकुशी बताते रहे। पीड़िता के माता-पिता को शव नहीं देखने दिया गया। तब सिब्बल ने कहा कि ये सही नहीं है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि देर रात तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी। पीड़िता का शव उसके माता-पिता को अंतिम संस्कार के लिए शाम को मिला। अगले दिन डॉक्टरों ने विरोध-प्रदर्शन किया और कुछ लोगों की भीड़ ने अस्पताल में घुसकर नुकसान किया। आखिर कोलकाता पुलिस क्या कर रही थी। अस्पताल के अंदर अपराध हुआ है। पुलिस को क्राइम सीन की सुरक्षा करनी होती है। सिब्बल ने कहा कि आरोपित सिविक वालंटियर है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया। सुप्रीम कोर्ट ने अस्पताल के प्रिंसिपल के व्यवहार पर आपत्ति जताई और कहा कि इस प्रिंसिपल को दूसरे कॉलेज में तुरंत प्रिंसिपल कैसे नियुक्त कर दिया गया। सीबीआई इस पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। चीफ जस्टिस ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग नहीं किया जाए। कोर्ट ने कहा कि मेडिकल प्रोफेशन में सांस्थानिक सुरक्षा का अभाव है। देररात तक ड्यूटी करने के बावजूद डॉक्टरों को कोई आराम की व्यवस्था नहीं है। 36 घंटे तक काम करने के बावजूद रेजिडेंट और नॉन रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए आराम करने का कमरा तक नहीं है। सफाई की बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं। डॉक्टरों को उनके घर पहुंचने के लिए कोई परिवहन की व्यवस्था नहीं है। सीसीटीवी कैमरे काम नहीं करते हैं। हथियारों की पर्याप्त तलाशी की व्यवस्था नहीं है। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में पीजी ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। दस अगस्त को इस मामले में एक सिविल वॉलंटियर को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद पूरे देश में उबाल आ गया। देशभर में डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है।

**हैदरनगर में रोजगार...**

दो वर्ष पूर्व भी, मणिशंकर मिश्रा ने पांच सौ रुपये का नोट देकर पीड़िता को ब्लेड और शैंपू लाने को कहा था। जब वह सामान लेकर पहुंची, तो आरोपी ने उसे अपने घर में कंप्यूटर पर गंदी फिल्म दिखाई और उसके बाद में उसके साथ दुष्कर्म भी किया। किशोरी ने स्पष्ट रूप से बताया कि रोजगार सेवक मणिशंकर मिश्रा ने ही उसके साथ यह जघन्य अपराध किया है और उसे इसके लिए कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता की शिकायत के आधार पर हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 65(1) और पोक्सो अधिनियम की धारा 4/8 के तहत आरोप लगाए गए हैं। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। यह घटना समाज के लिए एक कड़ी चेतावनी है कि अपराधी किसी भी दिन और किसी भी अवसर का फायदा उठाकर मासूमों के साथ ऐसी दरिंदगी कर सकते हैं।

**100 छात्राओं से...**

मंगलवार को फैसला सुनाए जाने के समय कोर्ट में छह आरोपित नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, सोहिल गणी, सैयद जमीर हुसैन मौजूद थे, जबकि एक आरोपित इकबाल भाटी को एम्बुलेंस के जरिए दिल्ली से अजमेर लाया गया। इन छह आरोपितों पर चार्जशीट 23 जून, 2001 को पेश हुई थी। इनकी सुनवाई इसी साल जुलाई में पूरी हुई है। तब आरोपितों में से एक इकबाल के हाजिर नहीं होने पर अदालत ने फैसला 20 जुलाई तक रोक लिया था। इन सभी को दोषी मानते हुए अदालत ने आज दोपहर दो बजे बाद निर्णय सुनाया। यह मामला 32 साल पुराना है, जब अजमेर के कई कॉलेजों की 100 से ज्यादा छात्राओं को फोटो खींचकर ब्लैकमेल किया गया था। वर्ष 1992 में इस प्रकरण के उजागर होने के बाद उपरोक्त छह आरोपितों के साथ जिन नौ आरोपियों को चिह्नित किया था, उनमें फारूक चिश्ती, अनवर चिश्ती, परवेज अंसारी, पुत्तन इलाहाबादी, इशरत उर्फ लल्ली, महेश लुधानी, कैलाश सोनी, हरीश तोलानी व शम्सु भिश्ती उर्फ मेराडोना शामिल हैं। सभी को अजमेर की गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 104 गवाह और 245 दस्तावेज पेश किए गए हैं। इस मामले में कुल अट्ठारह आरोपितों में से नौ आरोपितों को पहले ही अजमेर के सेशन कोर्ट से उम्र कैद की सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि एक आरोपित आत्महत्या कर चुका है। एक आरोपित अलमास महाराज फरार है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान गिरफ्तार हुए पुत्तन इलाहाबादी का रिश्तेदार इलाहाबाद निवासी नसीम उर्फ टार्जन जमानत पर रिहा होने के बाद फरार हो गया था, जो बाद में पकड़ा गया। अदालत ने उसके खिलाफ अलग से सुनवाई शुरू की और उसके खिलाफ सुनवाई चल रही है। आरोपितों में सलीम चिश्ती को पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर दरगाह क्षेत्र से गिरफ्तार किया था, जबकि जमील चिश्ती को अदालत से अग्रिम जमानत मिली थी। इस कांड के सरगना कहे जाने वाले नफीस चिश्ती को फरारी के दौरान दिल्ली की धौला कुआं चौकी के सिपाहियों ने महिला के वेश में बुर्का पहनकर बस में सफर करने के दौरान पकड़ा था। इसके बाद मुंबई निवासी इकबाल भाटी को पकड़ा गया। करीब 29 साल की फरारी काटने के बाद आरोपित सोहेल गनी ने अदालत में समर्पण किया था। इस बहुचर्चित मामले में एक आरोपित अलमास महारा मफरूर घोषित है। हालांकि, उसके अमेरिका में होने की सूचना बताई जाती है। उसके खिलाफ रेड कार्नर वारंट भी जारी हो चुका है। इस मामले में परवेज अंसारी, महेश लुधानी, हरीश तोलानी, कैलाश सोनी को निचली कोर्ट ने 1998 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी लेकिन बाद में इन्हें हाई कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया था। आरोपित पुरुषोत्तम उर्फ बबली ने जमानत पर बाहर आने के बाद 1994 में केस चलने के दौरान सुसाइड कर लिया था। एक अन्य आरोपित जहूर चिश्ती के खिलाफ एक लड़के के साथ कुकर्म का केस चल रहा है। फारुख चिश्ती को निचली कोर्ट ने 2007 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। 2013 में उसे भुगती हुई सजा पर ही हाई कोर्ट ने रिहा कर दिया था। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब आरोपितों ने रील डेवलप करने के लिए एक फोटो लैब में दी थी। न्यूड तस्वीरें देख लैब के कर्मचारियों की नीयत बिगड़ गई थी। उनके माध्यम से ही लड़कियों की न्यूड फोटो बाजार में आई। मास्टर प्रिंट कुछ लोगों के पास ही थे, लेकिन इनकी जेरोक्स कॉपी शहर में सकुर्लेट होने लगी। ये फोटो, जिसके भी हाथ में लगी, उसने लड़कियों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इस कारण कॉलेज की 6 लड़कियों ने सुसाइड कर लिया।


**स्वास्थ्य परिवार कल्याण...**

उससे स्पष्ट है कि मौजूदा सुरक्षा-व्यवस्था अपर्याप्त है। पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि अस्पताल के प्रवेश व निकासी द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि आने-जाने वाले सभी लोगों की गतिविधियों को कैमरों में कैद किया जा सके। अगर कोई अप्रिय घटना कैद होती है, तो अपराधी को तुरंत पकड़ने में मदद मिले। चिट्ठी के मुताबिक अस्पताल में निकासी और प्रवेश द्वार साथ ही सभी संवेदनशील परिसरों में भी कैमरे लगाए जाएं। इसके अलावा परिसर में सभी प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त संख्या में तैनात किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर समय रहते काबू पाया जा सके। साथ ही, कहा गया है कि मरीजों के साथ दो ज्यादा तीमारदार को अस्पताल में प्रवेश करने की इजाजत न दी जाए। वहीं, अगर कभी इस बात का पता चले कि कोई मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति अस्पताल में है और अंदेशा हो कि वह किसी को नुकसान पहुंचा सकता है, तो उसे तत्काल बाहर किया जाए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## बाइडेन ने हैरिस को सौंपी मशाल कहा- लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए



**शिकागो।** डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में सोमवार को यहां राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को मशाल सौंपते हुए कहा 'लोकतंत्र की रक्षा होनी चाहिए।' उन्होंने सम्मेलन की पहली रात राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की निडरता के लिए सराहना की। इस दौरान राष्ट्रपति बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। उन्होंने कहा, जब हम ओवल ऑफिस में एक दोषी अपराधी के बजाय एक अभियोजक को नियुक्त करेंगे, तो अपराध में कमी आती रहेगी। राष्ट्रपति ने मंच पर आने के बाद अपनी आंखें पोंछीं। इसके बाद भाषण दिया। इस बीच भीड़ ने वी लव जो! के नारे लगाए।

## बारिश से पाकिस्तान में 24 घंटे में 20 की मौत, कुल आंकड़ा 215 पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने मंगलवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में मानसून से संबंधित घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। अब तक मरने वालों की संख्या 215 हो गई है। एनडीएमए ने एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं और बाढ़ के कारण कुल 43 लोग घायल हुए हैं। जुलाई में शुरू हुए मानसून के मौसम में घायल होने वालों की संख्या 405 हो गई है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि मृतकों में 108 बच्चे और 32 महिलाएं शामिल हैं। 86 मौतों के साथ पूर्वी पंजाब प्रांत सबसे अधिक प्रभावित रहा। इसके बाद उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र और दक्षिणी सिंध प्रांत में 65 और 37 मौतें हुई हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने पर मस्क देश की सेवा के लिए तैयार



**सैन फ्रांसिस्को।** दिग्गज कंपनी टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के जीतने पर अमेरिकी सरकार में योगदान देने के लिए तैयार हैं। इसके तहत वह सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का नेतृत्व करने के इच्छुक हैं। ट्रंप ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि अगर वो चुनाव जीतते हैं, तो वह मशहूर अरबपति मस्क को कैबिनेट में मंत्री के तौर पर या किसी सरकारी विभाग के सलाहकार पद पर नियुक्त करने पर विचार कर सकते हैं। इस पर मस्क ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, "मैं देश की सेवा करने को तैयार हूं।

### एक साक्षात्कार में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा

# संकट की स्थिति में है बंगाल

एजेंसी



**"युवा डरे हुए और महिलाएं भी निराश हैं**

**वर्तमान सरकार से जनता का विश्वास उठा**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले को समाज के लिए सबसे शर्मनाक पल करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल संकट की स्थिति में है और जनता ने वर्तमान सरकार से विश्वास खो दिया है। उन्होंने मृत डॉक्टर के लिए न्याय की मांग को लेकर आयोजित रैली पर सवाल उठाने वाले ममता बनर्जी के बयान को शब्दजाल बताया। राज्यपाल बोस ने मंगलवार को एक साक्षात्कार में कहा, बंगाल संकट की स्थिति में है। छात्रों ने सरकार से विश्वास खो दिया है, युवा डरे हुए हैं और महिलाएं निराश हैं। यह भावना बढ़ रही है कि जो सरकार नागरिकों की सुरक्षा के लिए है, वह अपनी भूमिका निभाने में असफल हो रही है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो गई। घटना के विरोध में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश कर चुकी है। डॉक्टरों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग की है और कार्यस्थलों पर बेहतर सुरक्षा के लिए कानून बनाने की भी अपील की है।बोस ने कहा, छात्रों का पुलिस पर से विश्वास उठ गया है। खासकर, महिला डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। आम नागरिक भी दुखी हैं कि जब कार्रवाई की जरूरत होती है, तब सरकार कोई कदम नहीं उठाती। उन्होंने कोलकाता पुलिस पर अपराधीकरण और राजनीतिकरण का आरोप लगाते हुए, सरकार के कार्यों और जनता की जरूरतों के बीच एक संभावित अलगाव की बात कही। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री की स्थिति स्पष्ट नहीं है। एक रैली में स्वास्थ्य मंत्री ने गृह मंत्री से परिसरों में सुरक्षा की कमी की शिकायत की। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री से कार्रवाई न होने की शिकायत की। लोग जानते हैं कि स्वास्थ्य मंत्री और गृह मंत्री दोनों मुख्यमंत्री ही हैं। यह स्थिति डॉ जेकिल और मिस्टर हाइड की तरह है- हर कोई जानता है कि कौन क्या है। यह हास्यास्पद है कि बंगाल की मुख्यमंत्री न्याय की मांग करती फिरती हैं। राज्यपाल बोस ने सरकार की स्थिति को जब रोम जल रहा था, नीरो बांसुरी बजा रहा था से तुलना करते हुए सरकार पर जनता की सुरक्षा में असफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने इस स्थिति को राष्ट्रीय शर्म करार देते हुए कहा, यह बंगाल के समाज के लिए सबसे शर्मनाक और मानवता के लिए सबसे चिंताजनक पल है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा मृत डॉक्टर के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की पेशकश पर भी सवाल उठाया। उन्होंने इसे असंवेदनशील और अनुचित बताते हुए कहा, यह बहुत अमानवीय है कि एक मूल्यवान जीवन को केवल एक मौद्रिक मूल्य में समेट दिया जाए। मुख्यमंत्री को समझना चाहिए कि पैसे से चुप्पी नहीं खरीदी जा सकती।

14 अगस्त को अपने सार्वजनिक संबोधन में ममता बनर्जी ने कहा था, पीड़िता अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन मैंने उसके माता-पिता से पूछा था कि क्या वे अपनी बेटी के नाम पर कुछ करना चाहेंगे और मैं वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हूं। हां, हम परिवार को 10 लाख रुपये देने के लिए तैयार हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 14 अगस्त की रात हुई तोड़फोड़ को लेकर राज्यपाल बोस ने सवाल उठाया कि क्या यह घटना डॉक्टर की हत्या से ध्यान हटाने के लिए की गई थी और इसे भीड़तंत्र द्वारा लोकतंत्र को बाधित करने की स्थिति करार दिया।

## बंगाल गवर्नर ने दिल्ली से मृत महिला डॉक्टर के पिता से की बात, न्याय का दिया भरोसा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दिल्ली से आरजी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार की शिकार हुई मृत महिला डॉक्टर के पिता से बात कर उन्हें न्याय के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। दिल्ली दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर चुके और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की संभावनाओं के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में चल रहे आंदोलन को लेकर एक मोबाइल कंट्रोल रूम की भी स्थापना की है। कोई भी इस मोबाइल कंट्रोल रूम में फोन कर राज्यपाल को जानकारी दे सकता है।

### भाजपा ने ममता बनर्जी पर साधा निशाना

## ममता बनर्जी के सरकार में राज्य में हो रहा अपराधियों के हौसले बुलंद : सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय निर्दोष लोगों पर कार्रवाई कर रही है। इसके चलते राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार को आरजी कर कॉलेज के निदेशक से पूछताछ करनी चाहिए थी, लेकिन राज्य सरकार उन लोगों पर कार्रवाई कर रही है।

# भारत-मलेशिया संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत

एजेंसी



**भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर हुआ समझौता**

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने मंगलवार को अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच मंगलवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच श्रमिकों की भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर समझौता ज्ञापन हुआ है।

इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए हैं। मलेशिया संस्थापक सदस्य के रूप में अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आईबीसीए) में शामिल होगा। भारत की ओर से मलेशिया को 2 लाख मीट्रिक टन सफेद चावल का विशेष आवंटन किया जाएगा। मलेशियाई नागरिकों के लिए 100 अतिरिक्त आईटीईसी स्लॉट का आवंटन किया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि वार्ता में व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ एक नए भविष्य की रूपरेखा तैयार हुई है। इससे दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को अधिक गति मिलेगी।

नेताओं ने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। चर्चा में व्यापार और निवेश, रक्षा, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा हुई। नेताओं ने आसियान और ग्लोबल साउथ में सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार कहते हैं, आज इस दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें एक महत्वपूर्ण क्षेत्र भर्ती, रोजगार और श्रमिकों की वापसी है। भारत सरकार और मलेशिया सरकार के बीच श्रमिकों की भर्ती, रोजगार और प्रत्यावर्तन पर समझौता ज्ञापन हुआ है। इसके अलावा आयुर्वेद और अन्य पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग, डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग, संस्कृति, कला और विरासत, पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग, युवा और खेल में सहयोग, लोक प्रशासन और शासन सुधारों के क्षेत्र में सहयोग, पारस्परिक सहयोग के संबंध में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र सेवा प्राधिकरण (आईएफएससीए) और लाबुआन वित्तीय सेवा प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है।

इसके अलावा, मलेशिया के टुंकू अब्दुल रहमान विश्वविद्यालय (यूटीएआर) में आयुर्वेद चेयर की स्थापना की जाएगी। मलेशिया के मलाया विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन के तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना होगी। भारत-मलेशिया स्टार्टअप एलायंस के तहत दोनों देशों में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के बीच सहयोग होगा।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** आज से कुछ साल पहले लोग अपनी वस्तुओं को बेचने के लिए विभिन्न प्रकार के तरीके जैसे पोस्टर,टेम्प्लेट, विज्ञापन, अखबारों द्वारा अपनी वस्तुओं की मार्केटिंग करते थेऔर ग्राहकों तक पहुंचाते थे। लेकिन ये सब क्रियाएं (साधन) बहुत ही कम ग्राहकों को लुभा पाती थी, इसलिए व्यापारियों ने अपनी चीजों की मार्केटिंग का तरीका बदला और आजकल हर कोई ऑनलाइन खरीदारी, पैसे भेजने हो या लेने हो, पढ़ाई से जुड़े विभिन्न प्रकार के कोर्स आदि अपने फोन या लैपटॉप से आसानी से कर सकते हैं। साल 2000 के बाद ज्यादा लोकप्रिय होना शुरू हुआ। जब इंटरनेट में सर्च इंजन मार्केटिंग, सोशल मीडिया, ऐप्स आदि का विकास हुआ तब से यह शब्द लोगों के लिए आम बन गया। डिजिटल मार्केटिंग वह है जिसमें हम अपने मोबाइल और कंप्यूटर जैसे डिजिटल उपकरणों द्वारा अपने प्रोडक्ट को विश्व स्तर पर प्रचार कर सकते हैं। 1980 के दशक में सर्वप्रथम कुछ प्रयास किये गये डिजिटल मार्किट को स्थापित करने में परंतु यह सम्भव नही हो पाया । 1990 के दशक मे आखिर मे इसका नाम व उपयोग शुरु हुआ।

# डिजिटल मार्केटिंग दे रहा है करियर के अवसर



## डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कैसे करें

*डिजिटल मार्केटिंग के कोर्सेज ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किए जा सकते हैं। ऑनलाइन माध्यम में आप गूगल के फ्री सर्टिफाइड कोर्स कर सकते हैं और ऑफलाइन माध्यम में आप कोर्स अपने शहर के किसी अच्छे इंस्टिट्यूट से कर सकते हैं। गुगल से आप घर बैठे ही मुफ्त में इस कोर्स को सीख सकते हैं। इसके लिए आपको इन दो वेबसाइटों पर जाना है-*

**1. गूगल डिजिटल अनलोक्ड    2. गूगल स्किल शोप**

*यह दोनों ही गूगल की वेबसाइट है जहां से आप घर बैठे आसानी से सीख सकते हैं, नीचे कुछ महत्वपूर्ण बिंदु हैं-*

1. गूगल की इन दोनों ही वेबसाइटों के द्वारा आप बिना किसी फीस के इस कोर्स को सीख सकते हैं।
2. जब आप यहां से कोर्स ख़तम कर लेते हैं तो आपको गूगल की तरफ से सर्टिफिकेट भी दिया जाता है। इस सर्टिफिकेट की अन्य के मुकाबले काफी अहमियत होती है।
3. गूगल डिजिटल अनलॉक से आप डिजिटल मार्केटिंग की बुनियादी बातों सीख सकते है वो भी टेक्स्ट और वीडियो दोनों फॉर्मेट में । यहां से आप डिजिटल मार्केटिंग की बारीकियों को बहुत अच्छे तरीके से समझ सकते है।
4. कोर्स को अनलॉक करने के लिए आपको आपके गूगल अकाउंट से साइन-अप करना होगा।
5. साइन-अप करने के बाद आपके सामने कोर्सेज की डिटेल आ जाएगी, जिसमें 26 मॉड्यूल होंगे जिनकी अवधि 40 घंटे होगी।

## टॉप भारतीय डिजिटल मार्केटिंग संस्थान

**नीचे डिजिटल मार्केटिंग संस्थान के नाम इस प्रकार हैं-**

- सिम्पलीलर्न, बैंगलोर
- एआईएमए अखिल भारतीय प्रबंधन संघ, दिल्ली
- डीएसआईएम दिल्ली स्कूल ऑफ इंटरनेट मार्केटिंग, दिल्ली और बैंगलोर
- लर्निंग कैटलिस्ट, मुंबई
- डिजिटल विद्या, पूरे भारत में शाखाएं
- नई दिल्ली वाईएमसीए, दिल्ली
- जिका, इंदौर
- डिजिटल मार्केटिंग संस्थान- आईडीएम, मुंबई
- इंटरनेट मार्केटिंग स्कूल, कोलकाता

## डिजिटल मार्केटिंग में करियर

- कंटेंट मार्केटर
- कॉपीराइटर
- कन्वर्शन रेट ऑप्टिमाइजेशन
- पीपीसी मैनेजर/एग्जीक्यूटिव
- एसईओ एग्जीक्यूटिव/मैनेजर
- एसईएम मैनेजर/एक्सपर्ट
- सोशल मीडिया मैनेजर/एग्जीक्यूटिव
- ई-कॉमर्स मैनेजर
- एनालिटिकल मैनेजर
- सीआरएम एंड ईमेल मार्केटिंग मैनेजर
- वेब डिजाइनर/डेवलपर और डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर/निदेशक
- एसईओ एग्जीक्यूटिव/मैनेजर